

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

हर खबर की खबर



नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran


03 | भारतीय हॉकी के पुनर्जागरण का ...

पटना जंक्शन पर श्रमदान करके किया ... | 02

वर्ष : 14 | अंक : 173 | पटना, शुक्रवार, 02 अक्टूबर, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## मुख्यमंत्री ने सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वयं स्वच्छता कार्य कर स्वच्छता अभियान का किया शुभारंभ

# स्वच्छ बिहार के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति अपनी भूमिका निभाएं : सम्राट

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा मेरा योगदान' के मूलमंत्र के साथ लोक सेवक आवास के सामने स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने स्वयं स्वच्छता कार्य में भाग लेकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। प्रत्येक व्यक्ति समाज और राज्य को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा मेरा योगदान की भावना के साथ प्रत्येक व्यक्ति समाज और राज्य को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का सामूहिक दायित्व है। स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपने घर, कार्यस्थल और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सेवा, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी



की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। जागरूकता और सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ एवं विकसित बिहार के संकल्प को किया जा सकता है साकार मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ, स्वस्थ एवं विकसित बिहार के संकल्प को साकार किया जा सकता है।

## नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर सरकार पूरी तरह अलर्ट : सीएम

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जेपी गंगा पथ पहुँचकर गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो, उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें और सतत निगरानी करते रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर सरकार पूरी तरह अलर्ट है। अगले 48 घंटे तक विशेष निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। राहत एवं बचाव कार्य के लिए एयरफोर्स से भी मदद मांगी गई है। इस बार गंगा नदी, गंडक नदी और सोन नदी में रिकॉर्ड पानी आया है। ऐसी स्थिति तब है जब इस बार बिहार में सामान्य से 32 प्रतिशत कम बारिश हुई है। बाढ़ पीड़ितों के लिए सरकार पूरी तरह से मुस्तैद है। सरकार की तरफ से राहत एवं बचाव कार्य चलाये जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए अब फॉर्म-6 के साथ घोषणा पत्र जरूरी नहीं

पटना। बिहार में मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए पात्र नागरिकों को अब फॉर्म-6 के साथ अलग से घोषणा पत्र देने की जरूरत नहीं होगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद बिहार के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग ने 1 अक्टूबर को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक की। बिहार की ओर से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल भी इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग ने 29 सितंबर 2026 को जारी अपने निर्देश को लेकर स्थिति स्पष्ट की। आयोग के अनुसार, जिन राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया चल रही है, वहां इससे संबंधित व्यक्तियों के लिए फॉर्म-6 के अलावा घोषणा पत्र देने का प्रावधान किया गया है। वहीं, जिन राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पूरा हो चुका है, वहां फॉर्म-6 के साथ घोषणा-पत्र देने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। इसके तहत ऐसे सभी पात्र नागरिक, जिनका नाम फिलहाल मतदाता सूची में शामिल नहीं है और जो अपना नाम सूची में जुड़वाना चाहते हैं, उन्हें अलग से घोषणा पत्र देने की आवश्यकता नहीं है। निर्वाचन आयोग के निर्देश की जानकारी राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को दे दी गई है। इसके साथ ही छूटे हुए मतदाताओं और नए मतदाताओं के नाम अभियान चलाकर निर्वाचक सूची में शामिल करने का निर्देश भी मिला है। इसके मद्देनजर बिहार निर्वाचन विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए हैं।

## केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने पटना में आयोजित राइजिंग बिहार इन्वेस्टर समिट 2026 का किया उद्घाटन

# बिहार में उद्योग, उद्यम और नवाचार के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरने की अपार क्षमता : गडकरी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को पटना में आयोजित राइजिंग बिहार इन्वेस्टर समिट 2026 : भारत का उभरता निवेश केंद्र को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में बुनियादी ढांचे के विस्तार, बेहतर कनेक्टिविटी, कुशल मानव संसाधन और मजबूत निवेश पारिस्थितिकी तंत्र के बल पर विकास की नई संभावनाएं तैयार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि बिहार उद्योग, उद्यम और नवाचार के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर सकता है।

**राज्य के आर्थिक विकास के लिए उद्योग और व्यवसाय महत्वपूर्णः** गडकरी ने कहा कि किसी भी राज्य के आर्थिक विकास के लिए उद्योग और व्यवसाय महत्वपूर्ण हैं। उद्योगों के विकास के लिए पानी, बिजली, परिवहन और संचार जैसी बुनियादी सुविधाओं का मजबूत होना जरूरी है। इनके विस्तार से पूंजी निवेश आता है और निवेश बढ़ने के साथ रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार के माध्यम से गरीबी और आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने की दिशा में स्थाई बदलाव संभव है।

उन्होंने बिहार में हो रहे बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि यह राज्य अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और ज्ञान की विरासत के साथ नई अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने ह्यनॉलेज टू वेल्थह्ण और ह्यवेस्ट टू वेल्थह्ण की अवधारणा पर जोर देते हुए कहा कि नवाचार, उद्यमिता, विज्ञान, तकनीक और शोध को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ना समय




की जरूरत है।

**बिहार की सड़क और परिवहन कनेक्टिविटी में हो रहा सुधारः** केंद्रीय मंत्री ने कचरा प्रबंधन को भी नई अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण क्षेत्र बताया। उन्होंने कहा कि ठोस और तरल कचरे को संसाधन में बदलकर ऊर्जा और रोजगार दोनों पैदा किए जा सकते हैं। उन्होंने बायो-सीएनजी, एथेनॉल और अन्य वैकल्पिक ईंधनों को बढ़ावा देने की जरूरत बताते हुए कहा कि किसानों को अन्नदाता के साथ-साथ ऊर्जा और ईंधन दाता के रूप में भी देखा जाना चाहिए। उन्होंने बिहार में नदियों की ड्रेजिंग के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से सहयोग की पेशकश भी की। उन्होंने कहा कि बिहार की सड़क और परिवहन कनेक्टिविटी में लगातार सुधार हो रहा है। नए राजमार्गों, ग्रीनफील्ड परियोजनाओं और कॉरिडोर के विकास से राज्य के विभिन्न हिस्सों के बीच आवागमन आसान होगा तथा उद्योगों को बाजार तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी।

**बिहार में श्रम, जल और जमीन जैसे संसाधन उपलब्धः** उन्होंने पटना में ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए लॉजिस्टिक्स हब, गोदाम और थोक बाजारों को शहर के बाहरी हिस्सों में विकसित करने का सुझाव दिया। गडकरी ने बिहार में मखाना, हस्तशिल्प, वस्त्र और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय संसाधनों और कौशल को उद्योग से जोड़कर रोजगार के नए अवसर पैदा किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में श्रम, जल और जमीन जैसे संसाधन उपलब्ध हैं। जरूरत बेहतर नीति, पारदर्शिता, समयबद्ध कार्यप्रणाली और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति की है। उन्होंने विश्वास जताया कि समृद्ध और रोजगारयुक्त बिहार ह्यराइजिंग बिहारह्ण की संकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# बिहार में निवेश के लिए आगे आएं उद्यमी सरकार देगी हरसंभव सहयोग: मुख्यमंत्री

- बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में भी सरकार करेगी काम

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राइजिंग बिहार इन्वेस्टर समिट-को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार निवेश के लिए तैयार है। राज्य में उद्योगों के लिए सड़क, बिजली, पानी और अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं को विकसित किया जा रहा है। उन्होंने उद्योगपतियों और निवेशकों से बिहार में निवेश करने का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को हरसंभव सहयोग और सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 14 करोड़ की आबादी वाला बिहार देश के लिए बड़ा बाजार है। सरकार का लक्ष्य राज्य में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ाना है, ताकि बिहार के लोगों को मजदूरी के लिये लिए दूसरे राज्यों में पलायन न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों के लिए सड़क, बिजली और पानी की उपलब्धता आवश्यक है। राज्य में सड़क नेटवर्क का विस्तार किया गया है और राष्ट्रीय राजमार्गों तथा एक्सप्रेस-वे के विकास पर भी काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में बिजली की उपलब्धता और खपत में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा आने वाले वर्षों में बिजली उत्पादन और आपूर्ति क्षमता को और बढ़ाने का लक्ष्य है।

**25 प्रतिशत उत्पाद बिहार सरकार खरीदेगीः** मुख्यमंत्री ने निवेशकों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि बिहार में स्थापित होने वाले उद्योगों के उत्पाद मानक के अनुरूप होने पर सरकारी खरीद में प्राथमिकता दी जायेगी। 25 प्रतिशत उत्पाद बिहार सरकार खरीदेगी। इसके साथ ही बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में भी सरकार काम करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की खरीद नीति को उद्योगों के लिए और अधिक उपयोगी बनाने के लिए उसमें संशोधन किया जा रहा है। राज्य में होटल, पर्यटन और ईको टूरिज्म के क्षेत्र में भी निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं। पटना और गया सहित विभिन्न स्थानों पर होटल एवं अन्य पर्यटन परियोजनाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है सरकारः** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में रोप-वे और जल परिवहन जैसी परियोजनाओं पर भी काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार को समृद्ध बनाने के लिए सरकार आधारभूत संरचना, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। निवेशक बिहार की क्षमता और संभावनाओं पर भरोसा करते हुए राज्य में निवेश करें। उन्होंने कहा कि बिहार में रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा करना सरकार की प्राथमिकता है। आने वाले वर्षों में ऐसे लोगों को राज्य में ही रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा, जो रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करते हैं।

**सड़क एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं के विकास को और मिलेगी गतिः** मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के बिहार आगमन और निवेशक सम्मेलन में शामिल होने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से बिहार में सड़क एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं के विकास को और गति मिलेगी। उन्होंने निवेशकों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों तथा आयोजन से जुड़े सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और बिहार के विकास में भागीदारी का आह्वान किया।

## स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के मामले में सरकार फेल: राहुल

प्रात : किरण

बालाघाट। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गुरुवार को मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में कुपोषण और बीमारियों से जान गंवाने वाले आदिवासी बच्चों के परिवार से मिलने पहुंचे, जहां उन्होंने राज्य सरकार के स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के मामले में पूरी तरह फेल होने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने आदिवासियों से वादा किया है कि वह उनकी समस्याओं को लोकसभा में उठाएंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी गुरुवार को बालाघाट जिले के जगला गांव पहुंचे। यह गांव बैगा आदिवासियों का है और यहां के कई परिवारों ने अपने बच्चों को बीमारी के चलते खोया है। राहुल गांधी ने पीड़ित परिवारों से संवाद किया और उनकी बात सुनी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि बीमारी और कुपोषण के कारण बच्चों की मौत हुई और जो सरकार को सहयोग करना चाहिए वह नहीं किया। स्वस्थ, शिक्षा, रोजगार बंद पड़ा है। यहां जमीन का मुद्दा है, मनरेगा का मुद्दा है, वन अधिकार कानून (पट्टे) का मुद्दा है, यहां पर कोई भी सपोर्ट नहीं किया जा रहा है।

## महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज 44 कैदी किए जाएंगे मुक्त

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सूबी की सरकार ने मानवीय दृष्टिकोण से इस बार गांधी जयंती के मौके पर अलग-अलग जेलों में बंद 44 कैदियों को रिहा करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इससे पहले वर्ष 2018 में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर 43 कैदियों को जेलों से मुक्त किया गया है। आठ वर्ष बाद फिर से इस वर्ष गांधी जयंती पर बंदियों को रिहाई दी जा रही है। इसके अलावा 2 अक्टूबर को अपराध से पीड़ित परिवारों के परिजनों को भी आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। लगभग 1 हजार 820 लाभार्थी परिवारों के बीच करीब 3 करोड़ 86 लाख रुपये की राशि वितरित की जाएगी। इस वर्ष जेलों से छोड़ने जाने वाले कैदियों में बड़ी संख्या वृद्ध एवं लंबी अवधि से जेल में सजा काट रहे कैदी शामिल हैं। इनमें 2 बंदी 90 वर्ष से अधिक आयु के हैं। जबकि 8 कैदी 80 वर्ष से अधिक आयु तथा 20 बंदी 70 से 80 वर्ष की आयु वर्ग के हैं। इसके अलावा गंभीर रोग से पीड़ित एक बंदी को भी मानवीय आधार पर कारामुक्त किया जा रहा है। कारामुक्त होने वाले बंदियों में एक महिला बंदी भी शामिल हैं, जिन्होंने पूर्णिया जेल में लगभग 20 वर्ष की सजा पूरी की है। कारामुक्त किए जाने वाले बंदियों में रोहतास जेल से मुक्त होने वाले रामबृक्ष कोइरी (उम्र 93 वर्ष), मधेपुरा से योगेश्वर यादव, हरिवंश राम (उम्र 84 वर्ष), रामाशीष यादव (उम्र 82 वर्ष) के अलावा सत्यनारायण सिंह और पंकज गुप्ता शामिल हैं। इनमें सत्यनारायण सिंह और पंकज गुप्ता गंभीर रोग से पीड़ित हैं।

# विनय कुमार बने राज्य मुख्य सूचना आयुक्त, पारदर्शिता पर दिया जोर

प्रात : किरण

पटना। बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने गुरुवार को बिहार लोक भवन के दरबार हॉल में विनय कुमार को राज्य मुख्य सूचना आयुक्त तथा अंजनी कुमार सिंह को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी सहित राज्य सरकार के कई मंत्री, अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ लेने और पदभार ग्रहण करने के बाद विनय कुमार ने कहा कि सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के तहत राज्य सूचना आयोग को जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका प्रभावी ढंग से निर्वहन करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आयोग में मुख्य रूप से द्वितीय अपील की सुनवाई होती है और सूचना के लिए जनता की ओर से दायर आवेदनों पर सुनवाई के बाद आदेश पारित किए जाते हैं। विनय कुमार ने कहा



कि आयोग का प्रयास रहेगा कि जनता को उनकी वास्तविक और जनहित से जुड़ी सूचनाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि आरटीआई अधिनियम का मूल उद्देश्य सरकार के कामकाज में पारदर्शिता बढ़ाना और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सूचना मांगने के अधिकार का इस्तेमाल पारदर्शिता और भ्रष्टाचार विरोधी गतिविधियों के लिए होना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति सूचना प्राप्त कर उसका इस्तेमाल किसी को डराने या ब्लैकमेल करने के लिए करता है, तो ऐसे मामलों के विभिन्न पहलुओं को भी आयोग गंभीरता से देखेगा। मुख्य सूचना आयुक्त ने कहा कि यह देखा जाएगा कि सूचना किस उद्देश्य से मांगी गई है, संबंधित व्यक्ति ने पहले कितनी बार सूचनाएं प्राप्त की हैं और प्राप्त सूचनाओं का किस प्रकार इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि सूचना के अधिकार का इस्तेमाल सकारात्मक और जनहितकारी उद्देश्यों के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आयोग आरटीआई अधिनियम के मूल उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए काम करेगा, ताकि नागरिकों को आवश्यक सूचनाएं मिलें और शासन व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जवाबदेही मजबूत हो। विनय कुमार बिहार के पुलिस महानिदेशक के पद पर कार्यरत थे। हाल ही में उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी।

**अभियान** | स्वच्छता, जन भागीदारी, युवा सहभागिता, सफाई मित्र कल्याण एवं कचरे को संसाधन में बदलने की दिशा में हुए उल्लेखनीय कार्य

## स्वच्छता ही सेवा अभियान : बिहार के ग्रामीण इलाकों में 78 लाख से अधिक घरों तक पहुंची जागरुकता की अलख

प्रात : किरण

पटना। राज्यभर में 17 सितंबर से शुरू स्वच्छता ही सेवा- 2026 अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 78,48,729 घरों तक जागरुकता गतिविधियां पहुंचाई गईं जबकि 1,98,398 जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस जागरुकता कार्यक्रम में 5,16,254 लोगों की प्रत्यक्ष सक्रिय भागीदारी दर्ज की गई। इसके अलावा विभागीय स्तर पर यह निर्णय लिया गया कि 1 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। गुरुवार को ग्रामीण विकास विभाग में अधिकारियों और कर्मियों ने स्वच्छता को अपनाने और इसे अपने व्यवहार में लाने का शपथ भी लिया। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए गए स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत घर-घर जागरुकता अभियान, स्वच्छता संवाद, पदयात्रा, प्रभातफेरी, रैली, मानव श्रृंखला, स्वच्छता चौपाल और स्वच्छता शपथ जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। स्थानीय जन प्रतिनिधियों, जीविका की एसएचजी/वीओ/सीएलएफ, युवाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वच्छता चैंपियनों, कलाकारों और नागरिक समूहों को



अभियान से जोड़ा गया। अभियान के पांच प्रमुख स्तंभों के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों में बड़े पैमाने पर गतिविधियां आयोजित की गईं।

पहले स्तंभ के तहत सार्वजनिक स्थलों, मुख्य मार्गों, हाट-बाजारों और अधिक आवागमन वाले स्थानों पर वर्षों से बने कचरा बिंदुओं को राज्य के सभी ग्राम पंचायतों में चिन्हित किया गया और साफ-सफाई की गई। सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों, हाट-बाजारों, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों, तालाबों, नदियों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। 27 सितम्बर को विश्व पर्यटन दिवस पर राज्य के प्रमुख पर्यटन, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं उन्हें स्वच्छ बनाया गया, जिसके तहत 87,003 सार्वजनिक स्थलों की सफाई कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके अलावा स्वच्छ पाठशाला, युवा फॉर स्वच्छता के तहत बच्चों और युवाओं को स्वच्छता अभियान का सक्रिय भागीदार बनाया गया। इसी दिन 39,454 विद्यालय स्तरीय गतिविधियां आयोजित की गई और इसमें 2,43,682 विद्यार्थियों ने भागीदारी की। चौथा स्तंभ स्वच्छता के लिए जन भागीदारी के अंतर्गत घर-घर जागरुकता अभियान, स्वच्छता संवाद, पदयात्रा, प्रभातफेरी, रैली आदि गतिविधियां संचालित की गई। वहीं, पांचवां स्तंभ स्वच्छता से समृद्धि के तहत अपशिष्ट को संसाधन और आर्थिक अवसर के रूप में बदलने के लिए कबाड़ से जुगाड़, कबाड़ से कला, जैविक कचरा से जैविक खाद बनाने, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों पर निर्मित जैविक खादों की बिक्री एवं प्रचार-प्रसार पर बल दिया गया। इस स्तंभ के अंतर्गत राज्य में 60 हजार 80 कबाड़ से कला/आर्ट संबंधी प्रविष्टियां दर्ज की गई। राज्य भर में 6,831 शैक्षणिक संस्थानों की इस गतिविधि में सहभागिता रही।

स्वच्छता अभियान एक सतत कार्यक्रम है जो ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रहा है। इसमें स्वच्छता पर्यवेक्षकों के साथ-साथ जीविका दीदियों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। पंचायतों आज स्वच्छता लोगों के दिनचर्या में शामिल हो चुका है। स्वच्छता ही सेवा- 2026 अभियान बिहार को स्वच्छ बनाने का सार्थक पहल है। इसीक्रम में गुरुवार को एक दिन, एक घंटा, एक साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में सामूहिक श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन होगा जिसमें जागरुकता अभियान, स्वच्छता शपथ, एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण आदि कार्य किए जाएंगे।



– श्रवण कुमार, मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग

# अखिल भारतीय सूड़ी (वैश्य) संगठन के प्रतिनिधिमंडल से मिलने के लिए मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। अखिल भारतीय सूड़ी (वैश्य) संगठन, बिहार का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात करेगा। संगठन के प्रदेश संयोजक डॉ. वरुण कुमार ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रतिनिधिमंडल के साथ विस्तृत चर्चा के लिए समय देने का आग्रह किया। बताया गया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने डॉ. वरुण कुमार से आत्मीयता से मुलाकात करते हुए प्रतिनिधिमंडल को समय देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि समय निकालकर सूड़ी समाज के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करेंगे तथा उनकी समस्याओं पर चर्चा कर समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।संगठन के अनुसार, सूड़ी समाज को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है। इसी प्रमुख मांग सहित समाज से जुड़े अन्य मुद्दों को सरकार के समक्ष मजबूती से रखने के लिए संगठन का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा। प्रदेश संयोजक डॉ. वरुण कुमार ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिनिधिमंडल को जल्द समय देने का आश्वासन मिला है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द संगठन का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलकर समाज की मांगों और समस्याओं को मजबूती से उनके सामने रखेगा। गौरतलब है कि 8 जून 2025 को पटना के बापू सभागार में सूड़ी अधिकार महासम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें सूड़ी समाज को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई थी। उस सम्मेलन की तैयारियों और मांग को लेकर प्रकाशित रिपोर्टों में भी संगठन की ओर से इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने का उल्लेख है। अब मुख्यमंत्री से प्रस्तावित मुलाकात को संगठन समाज की वर्षों पुरानी मांग को सरकार के सामने प्रभावी ढंग से रखने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में देख रहा है।




# पटना जंक्शन पर श्रमदान करके किया स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



दानापुर खगौल रेल मंडल में स्वच्छता अभियान के दूसरे चरण के अंतर्गत आज पटना जंक्शन पर रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य योजना नीलमणि, मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार सहित अधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों के द्वारा श्रमदान करके 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर अपर सदस्य योजना ने रेलयात्रियों से रेल परिसर को स्वच्छ रखने के लिए सहयोग करने की अपील की।दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विनोद कुमार ने भी कहा कि प्रधानमंत्री जी ने भी बार-बार कहा है,कि हमें अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखना है। जो नागरिक अपने देश को स्वच्छ रखते हैं वही देश आगे बढ़ते हैं। यह उनका नारा है स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण के उद्देश्य से दानापुर मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।इस दौरान मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों, कार्यालयों, रेलवे परिसरों एवं अन्य स्थानों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी करते हुए यात्रियों एवं आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।अभियान के तहत स्टेशन परिसर प्लेटफॉर्मप्रतीक्षालयकार्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही, यात्रियों से कूड़ा-कचरा निर्धारित डस्टबिन में डालने, रेलवे परिसर को स्वच्छ रखने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की अपील की जा रही है।स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता शपथ श्रमदान जागरूकता रैली, स्वच्छता संवाद एवं जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया जा रहा है। मंडल रेल प्रशासन ने रेल यात्रियों एवं आमजन से अपील की है कि रेलवे परिसर को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। सामूहिकसहभागिता से ही स्वच्छ रेलवे, स्वच्छ शहर और स्वच्छ भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रा राजीव कुमार एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन वीरेन्द्र कुमार सहित मंडल के अधिकारीगण एवं रेलकर्मियों ने भी श्रमदान में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### फतुहा-दनियावां मार्ग 30 दिनों तक रहेगा बंद, वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित

फतुहा। फतुहा-दनियावां मार्ग पर धोवा/कोल्हर नदी पर बने पुल के एक्सपेंशन ज्वाइंट की मरम्मत के कारण इस मार्ग को अगले 30 दिनों तक बंद रखा जाएगा। मरम्मत कार्य के दौरान वाहनों के सुगम आवागमन के लिए यातायात पुलिस ने वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया है। पटना से बिहारशरीफ और नवादा की ओर जाने वाले वाहनों को फतुहा से न्यू बाईपास होते हुए बख्तियारपुर और हरनौत के रास्ते अपने गंतव्य तक जाना होगा, जबकि दनियावां से पटना आने वाले वाहनों के लिए बिहटा-सरमेरा पथ का उपयोग करने की सलाह दी गई है। यातायात पुलिस के अनुसार यह मार्ग परिवर्तन मरम्मत कार्य पूरा होने तक प्रभावी रहेगा। वाहन चालकों से निर्धारित वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने, यातायात नियमों का पालन करने तथा बंद मार्ग की ओर अनावश्यक रूप से नहीं जाने की अपील की गई है, ताकि जाम की स्थिति से बचते हुए यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

### सद् गुरु कबीर और महात्मा गांधी ने दिया अहिंसा व प्रेम का संदेश : महंत ब्रजेश मुनि

पटना। गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर कबीरपंथी आश्रम, मीठापुर स्थित कबीर साईं मंदिर परिसर में गुरुवारिय सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग को संबोधित करते हुए महंत ब्रजेश मुनि जी महाराज ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब और महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा, प्रेम, समानता और भाईचारे का संदेश दिया तथा हिंदू-मुस्लिम एकता की भावना को मजबूत करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि दोनों ने निराकार ब्रह्म की एक सत्ता में विश्वास रखते हुए मानवता को सर्वोपरि माना। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को आश्रम में महात्मा गांधी जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सत्य, अहिंसा और स्वावलंबन पर आधारित गोष्ठी होगी। इसी अवसर पर महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से ह्यकबीर सिलाई सेंटरह्ण का उद्घाटन किया जाएगा। वार्ड संख्या-19 की समाजसेवी डॉ. रेशमा सिंह ने सेंटर के शुभारंभ के लिए पांच सिलाई मशीनें दान की हैं। आश्रम का लक्ष्य 50 सिलाई मशीनें उपलब्ध कराकर स्वरोजगार की इच्छुक माताओं-बहनों को रोजगार का अवसर प्रदान करना है। महंत ब्रजेश मुनि ने कहा कि वर्तमान समय में कबीर और गांधी के विचार लोकहित, समाजहित एवं राष्ट्रहित में अत्यंत प्रासंगिक हैं। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में महावीर मंदिर न्यास समिति के सचिव सायन कुणाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। सत्संग से पूर्व महिला भजन मंडली ने कबीर साईं के भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में आरती के बाद भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया।

### कटैया घाट पर नगर परिषद ने चलाया स्वच्छता अभियान

फतुहा। गुरुवार को नगर परिषद फतुहा द्वारा वार्ड संख्या-17 के अंतर्गत कटैया घाट पर ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ण के तहत श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान नगर परिषद के पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने झाड़ू लगाकर कटैया घाट तथा मंदिर के आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। मौके पर सिटी मैनेजर गौरव कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी सिमरन सिंह, सहायक नगर योजना पर्यवेक्षक रूचि कुमारी, वार्ड पार्षद संतोष चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, अनिल कुमार, संतोष कुमार, हरिशंकर कुमार, अमित कुमार सहित नगर परिषद के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीता माता विश्वविद्यालय के विरोध में खगौल महिला महाविद्यालय में किया गया प्रदर्शन



प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत खगौल महिला महाविद्यालय परिसर में नए सीता माता विश्वविद्यालय के गठन के प्रस्ताव के विरोध में शिक्षकों एवं महाविद्यालय कर्मियों द्वारामानव श्रृंखला बनाकर तथा काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य उदय राज उदय ने कहा कि विश्वविद्यालय के गठन से संबंधित किसी भी निर्णय में छात्राओं, शिक्षकों एवं महाविद्यालयों के हितों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।उन्होंने कहा किइस प्रकार के निर्णय से उच्च शिक्षा की व्यवस्था एवं संबद्ध महाविद्यालयोंपर पड़ने वाले प्रभावों का समुचित आकलन किया जाना आवश्यक है। विरोध प्रदर्शन में डॉ. बुलबुली कानु, शालिनी कुमारी, सीमा कुमारी, अजीता प्रियदर्शिनी, सुमन कुमारी किरण कुमारी वीणाकुमारी आराधना सिंह खुशबू फातमा चंदा सिंह,जूली कुमारी, रीना कुमारी,राखी सिन्हा एवं डॉ. मधु श्री सहितमहाविद्यालय के सभी शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।महाविद्यालय परिवार ने सरकार एवं संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया कि इस विषय पर सभी संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श करने के बाद ही कोई अंतिमनिर्णय लिया जाए, ताकि छात्राओं की शिक्षा, महाविद्यालयों के शैक्षणिकहितों तथा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

## पूर्व मध्य रेल पर स्वच्छ पेयजल हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल पर यात्रियों एवं रेलकर्मियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पेयजल गुणवत्ता की जांच हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रेल प्रशासन द्वारा रेलवे स्टेशनों एवं कॉलोनियों में पानी की टंकियों, वाटर कूलर, वाटरटैप, वाटर फिल्टर, पेयजल वितरण बिंदुओं तथा पाइप लाइनों की नियमित सघन जांच एवं रख रखाव को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत पूर्व मध्य रेल के स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अवशिष्ट क्लोरीन परीक्षण, जीवाणु संवर्धन परीक्षण एवं अन्य रासायनिक परीक्षण किये जा रहे हैं। पानी की सप्लाई पाइपलाइनों और पाइपिंग सिस्टम की समय-समय पर जांच की जा रही है और पाई गयी कमियों को तुरंत ठीक किया जा रहा है। स्वच्छ पेयजल हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दिनांक 20.08.2026 से 30.09.2026 तक पूर्व मध्य रेल में 8041 ओवर हेड वाटर टैंक/अंडरग्राउंट वाटर टैंक/पीवीसी टैंक की साफ-सफाई की गयी । इनमें पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 1291, धनबाद मंडल में 2788, सोनपुर मंडल में 2055, दानापुर मंडल में 1153 तथा समस्तीपुर मंडल में 754 ओवर हेड वाटर टैंक/अंडरग्राउंट वाटर टैंक/पीवीसी टैंक शामिल है। स्वच्छ पेयजल गुणवत्ता जांच के दौरान आवश्यकतानुसार तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही की जा रही है। यह विशेष अभियान पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों के सभी रेलवे स्टेशनों, आवासीय रेलवे कॉलोनियों एवं कार्यालयों के सभी पेयजल स्थलों के परीक्षण तथा उनके सुधार तक जारी रहेगा। पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच एवं परीक्षण किया जा रहा है, ताकि रेल यात्रियों एवं रेलकर्मियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। रेल प्रशासन रेल यात्रियों एवं रेलकर्मियों के स्वास्थ्य एवं सुविधा को सर्वोपरि रखते हुये स्वच्छ पेयजल व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिये प्रतिबद्ध है।

### ओबेन इलेक्ट्रिक बनी भारत का नंबर-1 ज्यादा बिकने वाला इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल ब्रांड

पटना। भारत की तेजी से बढ़ती अनुसंधान एवं विकास आधारित इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल निमार्ता कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सितंबर 2026 के वाहन आंकड़ों के अनुसार, 1,417 पंजीकरण के साथ ओबेन इलेक्ट्रिक भारत का नंबर-1 इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल ब्रांड बन गई है। यह सफलता कंपनी के नए मॉडल रॉर इवो को मिली शानदार प्रतिक्रिया के कारण संभव हुई है, जिसने कंपनी की मासिक बिक्री को नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा दिया है। कंपनी की संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मधुमिता अग्रवाल ने कहा, भारत दुनिया का सबसे बड़ा मोटरसाइकिल बाजार है। रॉर इवो को मिला मजबूत समर्थन दशार्ता है कि चालक अपनी जरूरतों के अनुरूप इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल अपनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस व्यावसायिक सफलता के साथ कंपनी ने बेंगलुरु स्थित अपनी विनिर्माण इकाई से 10,000वीं मोटरसाइकिल का उत्पादन कर एक नया मील का पत्थर पार किया है।

## फतुहा में पटना स्नातक निर्वाचन चुनाव को लेकर संवाद कार्यक्रम आयोजित




प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। गुरुवार, 1 अक्टूबर 2026 को पटना स्नातक निर्वाचन चुनाव-2026 को लेकर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जदयू फतुहा के अध्यक्ष रणधीर यादव ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी एवं विधान परिषद सदस्य नीरज कुमार तथा एम एल सी पटना जिला जदयू अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद सिंह सहित अन्य नेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में अशोक सिंह, अरुण पांडेय, संतोष कुशवाहा, पटना पूर्वी लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष रंजीत यादव, शंभू सिंह, अभय सिंह, विशन कुमार बिट्टू, जितेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष राजदेव यादव, प्रकाश पासवान, मुरारी यादव, सुधीर पासवान, अमरेन्द्र कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी एवं जदयू नेता अनुरोध कुमार ने संयुक्त रूप से किया। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नीरज कुमार को जदयू ने प्रत्याशी घोषित किया है।

## जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम पर पुलिस अधिकारीयों एवं कर्मियों का उन्मुखीकरण

प्रात : किरण संवाददाता



पटना- सराय थाना परिसर, पटना में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम एवं संवेंदनशीलता पर पुलिस अधिकारीयों एवं कर्मियों का सहयोगी संस्था द्वारा उन्मुखीकरण किया गया. कार्यक्रम में लगभग 80 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस एवं समुदाय को लैंगिक समानता और जेंडर आधारित हिंसा के प्रति संवेदनशील बनाना, महिलाओं एवं किशोरियों के मन में व्याप्त डर को कम करना तथा थाना स्तर पर एक सुरक्षित एवं भरोसेमंद वातावरण विकसित करना था. कार्यक्रम में पुलिस अधिकारीयों एवं कर्मियों के साथ पंचायत प्रतिनिधि एवं किशोरियां शामिल रहीं. कार्यक्रम में पुलिस, पंचायत प्रतिनिधियों एवं समुदाय के बीच आपसी संवाद और समन्वय को मजबूत करने पर फोकस किया गया. सहयोगी संस्था की प्रतिनिधि रजनी द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य एवं एवं पुलिस एवं समुदाय की साझा जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं किशोरियों के मन से थाना के प्रति भय और झिझक को दूर करना जरुरी है ताकि वह बिना किसी संकोच के अपनी समस्याएँ पुलिस के सामने रख सकें. सराय थाना के थानाध्यक्ष रामानुज कुमार ने कहा कि थाना का माहौल अब पहले जैसा नहीं है. उन्होंने कहा कि संकोच मत करिए, हमारे यहाँ महिला कोषांग है और आप सभी बिना भय के अपनी बात रख सकती हैं. हम आम नागरिकों की सुरक्षा और सहायता के लिए हैं और महिलाओं एवं किशोरियों को किसी भी समस्या की स्थिति में बिना भय के पुलिस से संपर्क करना चाहिए. पुलिस अवर निरीक्षक मनोज पासवान ने महिलाओं एवं किशोरियों की सुरक्षा, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनने तथा शिकायतों के समाधान में पुलिस की भूमिका पर अपने विचार साझा किए. उन्होंने समुदाय के लोगों से अपील की कि वह किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की घटना को छिपाने के बजाय समय पर पुलिस को सूचित करें. उर्मिला कुमारी ने इस अवसर पर कहा कि बदलाव तो आया है लेकिन प्रतिशत अभी भी बहुत कम है. आज भी महिलाओं और किशोरियों पर रोक लगाया जाता है. कार्यक्रम में महिला सिपाही पूजा कुमारी ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया कि वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस की सहायता लेने में संकोच नहीं करें. कार्यक्रम में और महिला सिपाहियों ने अपनी बात रखी और सामाजिक समानता की जरूरत पर बल दिया. कार्यक्रम में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों एवं समुदाय के सदस्यों को भी महिलाओं एवं किशोरियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपनी सक्रीय भूमिका निभाने के लिए प्रर्तित किया गया. समुदाय से आयी कई किशोरियों ने भी कार्यक्रम में अपनी बात रखी.कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने आपस में सहमती जतायी कि महिलाओं एवं किशोरियों के लिए सुरक्षित वातावरण का निर्माण पुलिस, पंचायत, परिवार और समुदाय के सामूहिक प्रयासों से ही संभव है.

## डॉ. दयानिधि को 'राष्ट्र रत्न सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। आईवीएफ और एम्ब्रियोलॉजी के क्षेत्र में 17 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत डॉ. दयानिधि को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्र रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 5 सितंबर 2026, शिक्षक दिवस के अवसर पर कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, संसद मार्ग, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। आईवीएफ उपचार में डॉक्टर मरीज का इलाज करते हैं, लेकिन अंडाणु और शुक्राणु से प्रयोगशाला में भ्रूण तैयार करने, उसकी देखभाल करने और गर्भधारण के लिए सबसे उपयुक्त भ्रूण चुनने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी एम्ब्रियोलॉजिस्ट की होती है। इसीलिए एम्ब्रियोलॉजिस्ट को आसान भाषा में एम्ब्रियो मेकर या आईवीएफ प्रयोगशाला का वह वैज्ञानिक कहा जा सकता है, जिसके हाथों में अंडाणु और शुक्राणु मिलने से लेकर भ्रूण बनने तक की पूरी यात्रा होती है। निषेचन, आईसीएसआई, भ्रूण का विकास, उसकी गुणवत्ता की जांच, भ्रूण को सुरक्षित रखना और स्थानांतरण के लिए उचित भ्रूण का चयन—ये सभी एम्ब्रियोलॉजिस्ट के प्रमुख कार्यों में शामिल हैं। डॉ. दयानिधि ने इसी अत्यंत सूक्ष्म और जिम्मेदारी भरे क्षेत्र को अपना जीवन समर्पित किया है। डॉ. दयानिधि को आईवीएफ एवं एम्ब्रियोलॉजी के क्षेत्र में 17 वर्षों से अधिक का अनुभव है। अपने लंबे व्यावसायिक सफर में वे एक लाख से अधिक अंडाणुओं पर आईसीएसआई कर चुके हैं और 15,000 से अधिक भ्रूण स्थानांतरण प्रक्रियाओं से जुड़े रहे हैं। आईसीएसआई आईवीएफ की एक अत्यंत सूक्ष्म तकनीक है, जिसमें माइक्रोस्कोप की सहायता से एक चयनित शुक्राणु को सीधे अंडाणु के अंदर प्रवेश कराया जाता है, ताकि निषेचन के बाद भ्रूण बनने की प्रक्रिया शुरू हो सके। डॉ. दयानिधि भारत के पहले एम्ब्रियोलॉजिस्ट हैं जिन्होंने क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी में स्नातकोत्तर शिक्षा के साथ इसी विषय में पीएचडी की। वे कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज, मणिपाल विश्वविद्यालय के स्वर्ण पदक विजेता भी रहे हैं। उनका योगदान केवल आईवीएफ प्रयोगशाला तक सीमित नहीं है। उनके 10 से अधिक सूचीबद्ध वैज्ञानिक शोध-पत्र प्रकाशित हो चुके हैं और वे अब तक 200 से अधिक एम्ब्रियोलॉजिस्टों को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दे चुके हैं। वर्तमान में डॉ. दयानिधि इंदिरा आईवीएफ हॉस्पिटल लिमिटेड, पटना में केंद्र प्रमुख हैं। वे इंडियन फर्टिलिटी सोसाइटी, बिहार अध्याय के संयुक्त सचिव भी हैं। इसके अतिरिक्त वे बिहार राज्य सहायक प्रजनन तकनीक एवं सरोगेसी बोर्ड में एम्ब्रियोलॉजी सदस्य, एकेडमी ऑफ क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजिस्ट्स के वर्ष 2026झ्र28 के सहयोजित सदस्य तथा बिहार में इंदिरा आईवीएफ की संस्थागत नैतिकता समिति के सदस्य के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. दयानिधि ने कहा शिक्षक दिवस पर ह्यराष्ट्र रत्न सम्मानह्ण प्राप्त करना मेरे लिए विशेष रूप से भावनात्मक है। प्रयोगशाला में भ्रूण बनने से लेकर किसी परिवार के माता-पिता बनने के सपने तक की यात्रा का हिस्सा बनना अपने आप में बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। इस सफर में मेरे शिक्षकों और मार्गदर्शकों की शिक्षा, परिवार एवं सहकर्मियों का सहयोग और मरीजों का विश्वास मेरी सबसे बड़ी ताकत रहा है। मैं यह सम्मान उन सभी को समर्पित करता हूं।ह्न ह्यराष्ट्र रत्न सम्मान 2026 डॉ. दयानिधि के 17 वर्षों से अधिक के उस सफर का सम्मान है, जिसमें विज्ञान, आईवीएफ, एम्ब्रियोलॉजी, शोध, प्रशिक्षण और हजारों परिवारों के माता-पिता बनने के सपने एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

## गर्भनिरोधक सामग्रियों की आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों में गर्भनिरोधक सामग्रियों की आपूर्ति श्रृंखला को अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।वित्तीय वर्ष 2025-26 तक राज्य में ह्यपरिवार नियोजन रसद प्रबंधन सूचना प्रणालीह्ण के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही थी। वहीं, वित्तीय वर्ष 2026-27 से भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा इसे ह्यकेंद्रीय औषधि वितरण एवं आपूर्ति प्रबंधन प्रणालीह्ण पर एकीकृत कर सभी स्तरों पर आपूर्ति प्रबंधित की जा रही है। इसी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 30 सितंबर और 1 अक्टूबर 2026 को दो बैचों में राज्य, प्रमंडल एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों तथा भंडारपालों के लिए प्रशिक्षण आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य स्वास्थ्य समिति की अपर कार्यपालक निदेशक डॉ. अनुपमा सिंह (भारतीय प्रशासनिक सेवा) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रमंडलों, जिलों, चिकित्सकों और आशा कार्यकताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया। डॉ. अनुपमा सिंह ने कहा कि परिवार नियोजन न केवल जनसंख्या स्थिरीकरण, बल्कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। केंद्रीय परिवार नियोजन प्रभाग की अपर आयुक्त डॉ. इंदु ग्रेवाल एवं अन्य तकनीकी सलाहकारों ने भी प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया।

### नवंबर से जिले के स्कूलों में मिड डे मील बंद करने का एलान

पटना। गोपाल विद्यार्थी. जिले के लगभग सभी सरकारी विद्यालयों, सरकारी मदरसों में मिड डे मील आगामी नवंबर माह से बन्द हो जाएगा। बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जयराम शर्मा व महासचिव दिनेश कुमार सिंह ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने इस संबन्ध में एमडीएम निदेशक विनायक मिश्रा से मिलकर एक ज्ञापन सौंपते हुए विगत पांच महीनों से बकाया एमडीएम राशि के भुगतान की मांग की है साथ ही भुगतान नहीं किए जाने पर आगामी नवंबर माह से विद्यालयों में एमडीएम बंद कर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## रबी विपणन सत्र 2027-28 के लिए एमएसपी में बढ़ोतरी पर विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री एवं कृषि मंत्री का जताया आभार

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा रबी विपणन सत्र 2027-28 के लिए सभी छह अनिवार्य रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) में बढ़ोतरी किए जाने पर बिहार के किसानों की ओर से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के प्रति हार्दिक आभार एवं बधाई व्यक्त की है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा की रीढ़ हैं। किसानों को उनकी उपज का उचित और लाभकारी मूल्य मिले, यह केंद्र सरकार की कृषि नीति का महत्वपूर्ण उद्देश्य रहा है। रबी विपणन सत्र 2027-28 के लिए टरढ में की गई वृद्धि से किसानों को अपनी फसलों का बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने गेहूं का टरढ 2,610 रुपये प्रति क्विंटल, जौ का 2,286 रुपये, चना का 5,958 रुपये, मसूर का 7,390 रुपये, रेपसीड एवं सरसों का 6,613 रुपये तथा कुसुम का 7,215 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। गेहूं में 25 रुपये, जौ में 136 रुपये, चना में 83 रुपये, मसूर में 390 रुपये, रेपसीड एवं सरसों में 413 रुपये तथा कुसुम में 675 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। डॉ. कुमार ने कहा कि कुसुम में 675 रुपये तथा रेपसीड एवं सरसों में 413 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है। सरकार के अनुसार यह वृद्धि उस नीति के अनुरूप है, जिसके तहत MSP को अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम-से-कम 1.5 गुना के स्तर पर रखने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### गांधी और शास्त्री के आदर्श आज भी देश के लिए प्रेरणास्त्रोत : डॉ. प्रेम कुमार

बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्ण नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा, सादगी और सेवा के मूल्यों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक था। सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा और ऐतिहासिक नेतृत्व प्रदान किया। उनके विचार और जीवन-मूल्य आज भी सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उनका जीवन देश के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए हमें राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करना चाहिए।

### दानापुर नगर परिषद में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दानापुर नगर के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के अंतर्गत नगर परिषद द्वारा एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर के नासरीगंज स्थित फक्कड़ महतो घाट पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक सह सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, प्रशासक सह कार्यपालक पदाधिकारी सिद्धार्थ हर्षवर्धन, स्वच्छता पदाधिकारी अपर्णा कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कर्मचारी व गन करने लोग शामिल हुए। लोगों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर घाट पर स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान फक्कड़ महतो घाट पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया तथा स्वच्छ एवं सुंदर पर्यावरण के संदेश के साथ पौधारोपण भी किया गया। सहकारिता मंत्री ने लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने एवं दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का शपथ दिलाया।

## नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जितिया पर्व पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार ने आगामी जितिया पर्व (02 से 04 अक्टूबर) के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने तथा आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जितिया पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विशेषकर महिलाएँ एवं बच्चे, नदी घाटों पर स्नान एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। वर्तमान में जलस्तर में वृद्धि की संभावना को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के नदी घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था का लगातार अनुश्रवण करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी संवेदनशील एवं प्रमुख घाटों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए तथा प्रतिनियुक्त कर्मियों की उपस्थिति की नियमित जाँच की जाए। आवश्यकता के अनुसार घाटों पर मजबूत बैरिकेडिंग कराते हुए बैरिकेडिंग पर स्पष्ट रूप से लाल झंडे लगाए जाएँ। श्रद्धालुओं को सुरक्षित क्षेत्र में ही स्नान एवं पूजा-अर्चना के लिए प्रेरित करने तथा गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए घाटों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से लगातार सुरक्षा संबंधी निर्देश एवं सावधानियों का प्रसारण कराने का भी निर्देश दिया गया है। विशेष रूप से बच्चों की सुरक्षा पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा गया है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित घाटों पर एसडीआरएफ टीम एवं प्रशिक्षित गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति तथा आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सा संसाधनों के साथ चिकित्सा दल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# बाढ़ प्रभावित परिवारों को समय पर सभी जरूरत के सामान मुहैया कराए जाएं : सम्राट

## मुख्यमंत्री ने सूखा राशन पैकेजिंग सेंटर का किया निरीक्षण, बाढ़ पीड़ितों के बीच बेहतर ढंग से राहत सामग्रियों के वितरण का दिया निर्देश

- एयरफोर्स के दो हेलीकॉप्टर के माध्यम से राशन के सामान चूड़ा, चना, सत्तू, चीनी, मसाला, ओआरएस, माचिस, मोमबत्ती सहित जरूरत की अन्य सामग्रियों को पैकेजिंग कर लोगों के बीच वितरण किया जायेगा



**प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में सूखा राशन पैकेजिंग सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पैकेजिंग सेंटर पर पैकेजिंग किये जा रहे सामग्रियों एवं उसकी गुणवत्ता की जानकारी ली। वहां मौजूद अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि खाद्य पदार्थों के साथ ही जरूरत के सभी सामान हम लोग पैकेट के अंदर रखवा रहे हैं ताकि बाढ़ से प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। पैकेट में राशन के सामान चूड़ा, चना, सत्तू, चीनी, मसाला, ओआरएस, माचिस, मोमबत्ती सहित जरूरत की अन्य सामग्रियों को रखा गया है। एयरफोर्स के दो हेलीकॉप्टर के माध्यम से राहत सामग्री को बाढ़ से प्रभावित लोगों के बीच वितरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राहत सामग्रियों के वितरण में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। बाढ़ पीड़ितों को समय पर खाद्य पदार्थों के साथ ही सभी जरूरत के सामान मुहैया कराए जाएं। इस दौरान मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, आपदा विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, जिलाधिकारी कुंदन कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सीएम के निर्देश पर सारण में एयर ड्रॉपिंग: पानापुर में हेलीकॉप्टर से बांटी गई राहत सामग्री



**प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देशानुसार गुरुवार को सारण के पानापुर प्रखंड में ड्राई राशन के एयर ड्रॉप के लिए स्टेट हैंगर, पटना से हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी। इस दौरान पटना के जिलाधिकारी मौके पर उपस्थित रहे और उन्होंने राहत सामग्री के एयर ड्रॉप से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं का स्वयं निरीक्षण एवं अनुश्रवण किया। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार, सारण जिला प्रशासन ने गुरुवार को अतिरिक्त राशन पैकेट्स की मांग की। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए गोरखपुर से हेलीकॉप्टर मंगवाया गया और इसके माध्यम से आवश्यक राशन पैकेट्स को एयर ड्रॉप के लिए भेजा गया। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के मार्गदर्शन एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल के निर्देशानुसार विभागीय संयुक्त सचिव अविनाश कुमार एवं जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता मो. आसिफ इकबाल आदि मौके पर उपस्थित रहे और राहत सामग्री के एयर ड्रॉप से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## जदयू विधानमंडल दल की ओर से एक-एक माह के वेतन का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को सौंपा गया




**प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। बिहार में आई बाढ़ के मद्देनजर प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए जदयू विधानमंडल दल की ओर से जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, बिहार विधान परिषद के उप सभापति रामवचन राय, स्वास्थ्य मंत्री निशांत के नेतृत्व में एक-एक माह के वेतन का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में सौंपा। विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो जमा खान, बिहार विधानसभा में सचेतक सुधांशु शेखर, नचिकेता, विनय चौधरी, विधायक राधाचरण साह, विधायक सोनम रानी, विधायक राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल, विधायक अतिरेक कुमार, विधायक इन्द्रदेव सिंह, विधायक हेमनारायण साह, विधायक राजकुमार राय, विधायक निरंजन कुमार मेहता, विधायक दुलालचंद गोस्वामी, विधायक बबलू कुमार, विधायक रामविलास कामत के एक-एक माह के वेतन का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को सौंपा गया। कुल 17 लाख 19 हजार रुपए का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये सौंपा गया।

# पार्टी के कार्यकर्ता ही चुनाव लड़ते और जीतते हैं: श्रवण

**प्रात : किरण संवाददाता**




पटना। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर गुरुवार को नालंदा विधानसभा में एनडीए कार्यकताओं की बैठक हुई। बिहारशरीफ के विजयावानी जेपी कॉलेज में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार और विधान परिषद सचेतक रीना यादव शामिल हुए। बैठक में क्षेत्रीय विधायक श्रवण कुमार ने कहा कि यह किसी एक प्रत्याशी नीरज कुमार का चुनाव नहीं, बल्कि हम सभी कार्यकताओं का चुनाव है। किसी भी चुनाव में कार्यकताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। चुनाव कार्यकर्ता लड़ते हैं, उम्मीदवार नहीं। उन्होंने कहा कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का यह चुनाव एनडीए के लिए महत्वपूर्ण है। सभी कार्यकर्ता मतदाता सूची का अध्ययन कर स्नातक मतदाताओं से संपर्क करें और सरकार की उपलब्धियों को उनके बीच रखें। आगे कहा कि स्नातक मतदाता शिक्षित और जागरूक वर्ग हैं, इसलिए उनसे तथ्यों के साथ संवाद जरूरी है। लोकतंत्र में चुनाव केवल मतदान तक सीमित नहीं है, निरंतर संवाद भी आवश्यक है। मंत्री ने कहा कि 2005 के बाद पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है। बिहार बजट का एक तिहाई हिस्सा शिक्षा पर खर्च कर सरकार ने अमिट छाप छोड़ी है। आज हर जिले में मेडिकल, इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक, आईटीआई कॉलेज और अनुमंडल व प्रखंड स्तर तक महाविद्यालय स्थापित किए गए हैं। यह श्री नीतीश कुमार की दूरगामी सोच का परिणाम है। कहा कि पूरे बिहार में छात्र और युवा मंत्री निशांत कुमार के साथ जुड़कर उत्साहित हैं। हम सभी को उनसे जुड़कर संगठन को मजबूत करने की अपील करते हैं। सीएम सम्राट चौधरी की सरकार सभी वर्गों के विकास को कृतसंकल्पित है। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भी इंडिया गठबंधन ने हाई वोल्टेज ड्रामा किया था और अब मतदाता सूची को लेकर बेबुनियाद बातें कही जा रही हैं। यदि गड़बड़ी का प्रमाण है तो सामने लाया जाए, चुनाव हारने के बाद चुनाव आयोग पर सवाल उठाना उचित नहीं है। सांसद कौशलेंद्र कुमार और विधान पार्षद रीना यादव ने भी कहा कि फर्जी आरोपों से महागठबंधन को कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलेगा। मौके पर प्रदेश महासचिव संजयकांत सिन्हा, प्रदेश सचिव गुलरेज अंसारी, जिलाध्यक्ष मो. अरशद, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, लोजपा (रा) के सतेन्द्र मुकुट, धनंजय प्र कुशवाहा, राकेश कुमार, जयराम सिंह, अरविंद पटेल, रजनीश ठाकुर, अमर सिंह, राजपूत निर्मल सिंह, सुन्दर पासवान, आरती राजवंशी, महमूद बख्खो, जिला जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, अमित कुमार, रिक्की, अजय पटेल, मुन्ना कुमार, रेखा देवी, सुनील रविदास, सन्नी पटेल, राहुल रंजन कुशवाहा, संजीत यादव, संजीत पासवान समेत बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारतीय हॉकी के पुनर्जागरण का समय आ गया : मंत्री

**प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। ग्रामीण विकास मंत्री सह हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने कहा कि भारतीय हॉकी अपने स्वर्णिम इतिहास की ओर तेजी से अग्रसर है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय हॉकी में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। बेहतर फिटनेस, आधुनिक प्रशिक्षण, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अंतरराष्ट्रीय अनुभव, मजबूत घरेलू प्रतियोगिताओं और युवा प्रतिभाओं को अवसर मिलने से भारतीय हॉकी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने कहा कि पेरिस ओलंपिक-2024 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम द्वारा लगातार दूसरी बार कांस्य पदक हासिल करना तथा वर्ष 2025 में राजगीर में आयोजित एशिया कप में खिताब जीतना इस बदलाव की महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा कि एशियाई खेल 2026 में भारतीय महिला और पुरुष दोनों टीमों का फाइनल में पहुंचना देश में हॉकी की बढ़ती ताकत और खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत का प्रमाण है। ग्रामीण विकास मंत्री ने विशेष रूप से महिला हॉकी में आए बदलाव को उत्साहजनक बताया। उन्होंने कहा कि अब देश के छोटे शहरों और गांवों से निकलने वाली प्रतिभाओं को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के अवसर मिल रहे हैं। इससे हॉकी का दायरा लगातार व्यापक हो रहा है और नई प्रतिभाएं खेल के क्षेत्र में आगे आ रही हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय हॉकी की मौजूदा उपलब्धियां केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह भारतीय हॉकी के पुनर्जागरण की यात्रा है। खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल संगठनों के सामूहिक प्रयास से भारतीय हॉकी को और मजबूत आधार मिल रहा है।

## चौरसिया समाज का प्रतिनिधिमंडल ने नीतीश कुमार से की मुलाकात



पटना। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से चौरसिया समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। सुभाष चन्द्र प्रसाद एवं नवीन कुमार उर्फ नगीना चौरसिया के नेतृत्व में इस प्रतिनिधिमंडल ने नीतीश कुमार को एक ज्ञापन सौंपा और मध्यप्रदेश की तर्ज पर बिहार में भी पान विकास आयोग का गठन किए जाने की मांग उनके समक्ष रखी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ' उमेश सिंह कुशवाहा, विधायक दल के नेता श्रवण कुमार, विधान परिषद् में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन सर्राफ एवं मुख्य सचेतक संजय गांधी मौजूद रहे। चौरसिया समाज के प्रतिनिधिमंडल ने नीतीश कुमार से कहा कि पान न केवल बहुपयोगी और औषधीय पौधा है, बल्कि यह बिहार की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा भी है। उचित संरक्षण एवं संवर्धन के अभाव में आज यह पौधा लुप्त होने की कगार पर है। ऐसे में चौरसिया समाज की लम्बे समय से मांग रही है कि पान विकास आयोग का गठन हो ताकि पान की फसल के उत्पादनकताओं एवं उपभोगकताओं के समक्ष उत्पन्न विकट समस्या का समाधान हो सके। श्री नीतीश कुमार जी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को सहानुभूतिपूर्वक सुना और कहा कि वे उनकी मांगों से सरकार को अवगत कराएंगे और प्रयास करेंगे कि शीघ्र ही इस संबंध में यथोचित कार्रवाई हो। नीतीश कुमार ने कहा कि एनडीए सरकार की पहचान न्याय के साथ विकास के लिए रही है और सरकार हर क्षेत्र, हर वर्ग और हर तबके के उत्थान के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि चौरसिया समाज की समस्याओं का समाधान शीघ्र होगा।

## वार्ड सचिव संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नीतीश कुमार से की मुलाका

पटना। वार्ड सचिव संघ, बिहार के प्रतिनिधिमंडल ने जद (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार जी से पटना स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर 1,14,691 पूर्व वार्ड सचिवों को पुनः बहाल करने का ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने पत्र के माध्यम से अपनी सेवा समाप्ति से हो रहे कठिनाइयों, सेवा को स्थायी कर सम्मानजनक वेतनमान सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया।

## जेन-जी मतदाताओं को मतदान के अधिकार से वंचित रखने की हुई साजिश : गगन

पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा लिए गए संविधान विरोधी फैसले के सामने आ जाने के बाद उन्हें पद पर बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। जिस प्रकार मतदाता सूची में नये मतदाता का नाम जोड़ने के लिए आवेदन करने वाले फॉर्म 6 से एनेक्सचर डी को वापस लेना पड़ा है, इससे यह स्पष्ट है कि यह फैसला हीं संविधान और विधि विरोधी था। राजद नेता ने कहा है कि एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के अनुसार अन्य दो चुनाव आयुक्तों के आपत्ति के बावजूद मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर यह गैर संवैधानिक फैसला लिया गया था।

# लापरवाही पर सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशकों की जवाबदेही तय करते हुए होगी कड़ी कार्रवाई : राम कृपाल

**प्रात : किरण संवाददाता**



पटना। सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को भागलपुर एवं तिरहुत प्रमंडल के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में धान अधिप्राप्ति एवं सीएमआर (चावल) आपूर्ति, बिहार राज्य फसल सहायता योजना, सहकारी गोदाम निर्माण, पैक्स के डिजिटलीकरण, केसीसी ऋण, सहकारिता में सहकार, डीएमए/बैंक मित्र, जन औषधि केन्द्र, जन वितरण प्रणाली तथा सहकारी बैंकों से संबंधित नियामकीय अनुपालन की समीक्षा की गई।

**लापरवाही पर सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशकों की तय होगी जवाबदेही:** सहकारी बैंकों की वित्तीय स्थिति एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि एनपीए को कम करने में अपेक्षित प्रगति नहीं करने वाले, माइक्रो एटीएम (एमएटीएम) को क्रियाशील करने में पीछे रहने वाले, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) एवं नाबार्ड के मानकों का अनुपालन नहीं करने वाले तथा ऋण वितरण में अनियमितता पाए जाने वाले सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशकों की जवाबदेही तय की जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने सहकारी बैंकों में वित्तीय अनुशासन, नियामकीय अनुपालन एवं पारदर्शी ऋण वितरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं भागलपुर जिला सहकारी बैंकों को विशेष रूप से लंबित बिंदुओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# नीतीश कुमार का "जीविका मॉडल" महिला सशक्तिकरण की दिशा में बना पूरे देश के लिए अनुकरणीय उदाहरण: उमेश

**प्रात : किरण संवाददाता**



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार ने वर्ष 2006 में महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने की सोच के साथ विश्व बैंक के सहयोग से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जीविका कार्यक्रम की शुरूआत की थी।

समय के साथ यह पहल एक व्यापक सामाजिक एवं आर्थिक अभियान के रूप में विकसित हुई और आज जीविका कार्यक्रम बिहार में महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। जीविका की सफलता ने इसे देश के लिए एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में स्थापित किया है और फिर बाद में तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा जीविका के इसी मॉडल को आजीविका के नाम से देशभर में लागू किया गया। कुशवाहा ने कहा कि जीविका के 20 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आगामी 2 अक्टूबर को जद (यू) की ओर से नीतीश संवाद - जीविका के 20 साल बेमिसाल कार्यक्रम का पूरे बिहार में जिला स्तर भव्य आयोजन किया जाएगा। नीतीश संवाद कार्यक्रम के तहत जीविका कार्यक्रम की सफलता एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पार्टी की ओर से मंत्रिगण, विधायकगण एवं विधान पार्षदगण को प्रदेश के विभिन्न जिलों में दायित्व सौंपे गए हैं। कार्यक्रम को लेकर पार्टी की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के जीविका मॉडल की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना हुई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज बिहार में 13 लाख से अधिक जीविका समूहों से 1 करोड़ 88 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं। जीविका के माध्यम से महिलाएं मुर्गी पालन, बकरी पालन, मछली पालन, मधुमक्खी पालन, दुग्ध उत्पादन एवं पौधशाला सहित विभिन्न गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन रही हैं। जीविका के उत्पादों को फ्लिपकार्ट और अमेजन जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी बाजार उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की इस दूरदर्शी एवं क्रांतिकारी पहल ने करोड़ों परिवारों को गरीबी, लाचारी और पिछड़ेपन से बाहर निकलने का अवसर दिया तथा उनके जीवन में विकास और आत्मनिर्भरता की नई रोशनी पहुंचाई। इसी कड़ी में पार्टी द्वारा जिला स्तर पर आयोजित होने वाले नीतीश संवाद - जीविका के 20 साल बेमिसाल कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करेंगी।

## राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट : तेजस्वी



पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर राज्य के कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर जमकर हमला बोला है नेता प प्रतिपक्ष ने गया की घटना को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। नेता प्रतिपक्ष द्वारा जारी बिहार में कहा गया है कि गया जिले में फिर एक लड़की के साथ दुर्व्यवहार और बदसलूकी कर वीडियो वायरल किया गया है। सरकार अपनी नाकामी को छुपाने के लिए अपराधियों की जाति खोजो विशेषज्ञ भगवान कुशवाहा, जीतनराम मांझी ने एक ही प्रवृति की ऐसी दर्जनों घटनाओं में केवल एक ही घटना के एक ही दोषी के साथ कथित हाफ कारवाई करवाकर उसे जातीय रंग दिया लेकिन जैसे ही शेष सभी घटनाओं के समस्त 99.99% आरोपी इनके स्वयं की जाति अथवा अनुकूल सामाजिक समीकरण के निकले तो कोई एनकाउंटर नहीं, किसी की जाति सार्वजनिक नहीं और कोई खबर नहीं बनने दी। ऐसे लोगों ने ईश्वर और सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान कर श्रद्धापूर्वक बिना भय-पक्षपात और राग-द्वेष के कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली है लेकिन ये अपनी ही शपथ भूल, संवैधानिक दायित्वों की धज्जियां उड़ा रहे है। इन लोगों ने बेशर्मी को ही अपना श्रृंगार समझ लिया है।

# सभी जिलों को पुलिसिंग को प्रभावी बनाने का सख्त निर्देश, संवेदनशील स्थानों पर रखे खास चौकसी

- पुलिस मुख्यालय में गृह विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित

**प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। सरदार पटेल भवन स्थित पुलिस मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रधान सचिव, गृह विभाग पंकज कुमार तथा पुलिस महानिदेशक श्रीमती प्रीता वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में सभी जिला नोडल एडीजी, आईजी एवं डीआईजी के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान राज्य के 40 पुलिस जिलों में क्षेत्र भ्रमण (फील्ड विजिट) पर गए 36 वरीय पुलिस पदाधिकारियों द्वारा अपने भ्रमण के दौरान किए गए अवलोकनों एवं प्राप्त अनुभवों के आधार पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस क्रम में प्रत्येक पुलिस जिले में अपराध की दृष्टि से संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों (क्राइम स्पॉट) को चिन्हित किया गया तथा संबंधित क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण एवं पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। राज्य में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, गश्ती व्यवस्था, नारकोटिक्स एवं साइबर क्राइम की रोकथाम तथा पुलिसिंग से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रस्तुतीकरण के दौरान किशनगंज पुलिस द्वारा संचालित ह्यगुड मॉर्निंग वॉकह्व पहल की जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत वरीय पुलिस पदाधिकारियों की तरफ से आमजनों के साथ सुबह भ्रमण कर उनसे संवाद स्थापित किया जाता है। जनसंवाद को सुदृढ़ करने की दिशा में इस पहल को सकारात्मक प्रयास के रूप में रेखांकित किया गया तथा अन्य जिलों को भी स्थानीय स्तर पर इस प्रकार के सकारात्मक पहल संचालित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस दौरान प्रधान सचिव, गृह विभाग ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ), अंचल पुलिस निरीक्षक एवं थाना अध्यक्ष (एसएचओ) को अपने-अपने दायित्वों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी/कर्मी के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में निर्देश दिया गया कि जिन जिलों से वरीय पदाधिकारियों को टैग किया गया है, वे संबंधित जिलों में रात्रि प्रवास (नाइट स्टे) सुनिश्चित करते हुए पुलिसिंग एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति की नियमित समीक्षा करें। नारकोटिक्स तथा साइबर क्राइम की रोकथाम को प्राथमिकता देते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। गश्ती व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा गश्ती से संबंधित अभिलेखों का समुचित एवं अद्यतन संधारण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सीसीटीएनएस, सीसीटीवी, पुलिस कंट्रोल रूम, जिला नियंत्रण कक्ष एवं वायरलेस सिस्टम को सक्रिय एवं प्रभावी रूप से संचालित रखने पर विशेष जोर दिया गया। अपराध नियंत्रण में समन्वित प्रयास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी दोपहिया एवं चारपहिया पुलिस वाहनों को डायल-112 से जोड़ने की दिशा में आवश्यक प्रयास करने का निर्देश दिया गया, ताकि आपातकालीन पुलिस सेवा एवं त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सके। बैठक में न्यायालय द्वारा पारित कुर्की संबंधी आदेशों के अनुपालन की भी समीक्षा की गई। निर्देश दिया गया कि न्यायालय से प्राप्त किसी भी कुर्की आदेश को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आदेशों के अनुपालन में लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। भारत-नेपाल के सीमावर्ती जिलों में नारकोटिक्स के संगठित कार्टेल से संबंधित गतिविधियों के संबंध में विशेष जानकारी एकत्रित करने तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित इकाइयों एवं जिलों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया।

इस बैठक के दौरान पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा ने उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था एवं पुलिसिंग की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए प्रभावी, जवाबदेह एवं समन्वित कार्यप्रणाली अपनाने का निर्देश दिया गया। डीजीपी ने पर्यटन स्थलों एवं सेल्फी पॉइंट पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती एवं नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने इन स्थलों पर पुलिस की तैनाती एवं गश्ती व्यवस्था की प्रभावी निगरानी के लिए ह्यसुपर पेट्रोलिंगह्व की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। पुलिस महानिदेशक के स्तर से सभी नोडल पदाधिकारियों को थानों में जनसंवाद हेतु बैठक आयोजित करने के निदेश भी दिए गए।

# पीएम मोदी के सेवा, स्वास्थ्य प्रकल्प से करोड़ों भारतवासियों को लाभ: रणवीर



**प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को टीसीआई फाउंडेशन, कुम्हरार, में एक विशेष कार्यक्रम निःशुल्क कृत्रिम पैर वितरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने पीएम मोदी के सेवा कार्यों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं की जमकर तारीफ की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि जब किसी परिवार में कोई गंभीर या लाइलाज बीमारी दस्तक देती है, तो पूरा परिवार प्रताड़ित हो जाता है। ऐसे मुश्किल वक्त में पीएम मोदी के जन्मदिन पर शुरू किए गए चिकित्सा सेवा प्रकल्प से देश के करोड़ों लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने इसे आम जनमानस के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। इस दौरान प्रो. नंदन ने मंच पर मौजूद पद्मश्री डॉ. आरएन सिंह के कृत्रिम अंग दान अभियान की भी खुले कंठ से सराहना की। उन्होंने कुम्हरार विधायक संजय गुप्ता की बात का जिक्र करते हुए कहा कि कृत्रिम अंग लगने के बाद एक व्यक्ति आसानी से स्कूटर चलाकर अपना काम कर रहा है।

यह उस परिवार और पूरे समाज के लिए बेहद सुखद है। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद और पूनम शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बीजेपी कार्यकताओं की कार्यशैली पर बात करते हुए रणबीर नंदन ने बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने सिर्फ राजनीति नहीं की है, बल्कि जीवन के विविध आयामों को अपनाया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज सेवा और ज्ञान के मामले में बीजेपी का कार्यकर्ता सर्वश्रेष्ठ है।

## पूर्व विधायक सच्चिदानंद यादव के निधन पर राजद में शोक

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉ मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बीनू यादव, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, सांसद डॉ सुरेंद्र प्रसाद यादव, संजय यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार सिंह, राष्ट्रीय सचिव कार्तिकिय सिंह, राजद के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार सिंह, डॉ तनवीर हसन, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, कुमार सर्वजीत, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधायक राहुल शर्मा, सूबेदार दास, विधान पार्षद नागेंद्र प्रसाद उर्फ रिंकू यादव, कारी मो शोहैब, प्रदेश के राजद के नेता शक्ति सिंह यादव, एजाज अहमद, सहित अन्य नेताओं ने जहानाबाद के पूर्व विधायक सच्चिदानंद यादव के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इनके निधन से राजद को बड़ा नुकसान हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकारी सड़क की जमीन पर अतिक्रमण से बढ़ी परेशानी, जलनिकासी बाधित

मनीगाछी (दरभंगा)। बाजितपुर पंचायत के वार्ड-2 स्थित बढ़ई टोला में हनुमान मंदिर के सामने समाधि पोखर जाने वाली अनाबाद बिहार सरकार की जमीन पर कथित अतिक्रमण के कारण स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों के अनुसार, रास्ते की जमीन को मिट्टी से भरकर अतिक्रमित किए जाने से आम लोगों के आवागमन में कठिनाई हो रही है। वहीं, नाले की जलनिकासी बाधित होने से सड़क पर बेमौसम कीचड़ और जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। इस संबंध में ग्रामीण संतोष कुमार शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, मो. लाल बाबू, शंभू पंजियार, रिंकू कुमारी, पूनम कुमारी, अभिषेक कुमार सहित कई लोगों ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर सरकारी रास्ते की जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ते की जमीन भर दिए जाने से आसपास के नाले का पानी नहीं निकल पाता है, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत के समाधि पोखर, मस्जिद पोखर, हरही पोखर, लेहरिया पोखर, नेनुआ पोखर सहित अन्य सरकारी तालाबों के रकबे पर भी धीरे-धीरे अतिक्रमण किए जाने से उनका क्षेत्र सिकुड़ता जा रहा है। साथ ही तालाबों के भिंडा पर भी कब्जे की शिकायत है। सीओ भागश्री राज ने ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद अतिक्रमित रास्ते की सरकारी जमीन को मुक्त कराने की कार्रवाई की जाएगी।

### नगर भवन में आज होगा नीतीश संवाद, जीविका के 20 वर्षों के सफर पर होगी चर्चा

दरभंगा। गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को जनता दल (यू) महिला प्रकोष्ठ, दरभंगा के तत्वावधान में नगर भवन में जिलास्तरीय द्वानीतीश संवाद : जीविका के 20 साल बेमिसालह्व कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बिहार के विभिन्न जिलों में भी इसी विषय पर 2 अक्टूबर को कार्यक्रम आयोजित किए जाने की जानकारी सामने आई है। जदयू जिलाध्यक्ष सह दरभंगा ग्रामीण विधायक राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने बताया कि कार्यक्रम जीविका के दो दशक के सफर, महिला स्वावलंबन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी से जुड़े विषयों पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने कहा कि जीविका से जुड़ी महिलाओं के अनुभवों और उपलब्धियों को संवाद के माध्यम से सामने लाने का प्रयास किया जाएगा। विधायक मंडल ने पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जीविका दीदियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। तैयारी बैठक में डॉ. ज्योति कुमारी, सीमा मंडल, ललिता झा, अंजुला शर्मा, श्याम रेखा मिश्रा, इस्मत जहां, शांति देवी, मृदुला राय, किरण देवी, खुशबू कुमारी सिंह, मदन प्रसाद राय, मनोज शाह, अजय सत्संगी, माधव झा, विनोदानंद झा, मुरारी मोहन मिश्रा, देवनारायण ठाकुर, संतोष सिंह सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मामूली बढ़ोतरी किसानों के साथ क्रूर मजाक: अखिल भारतीय किसान महासभा

पटना। केंद्र सरकार की हालिया कैबिनेट बैठक में रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) में मात्र 25 प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी किए जाने पर अखिल भारतीय किसान महासभा ने कड़ा विरोध जताया है। संगठन ने इस वृद्धि को घाटे की खेती झेल रहे देश के किसानों के साथ क्रूर मजाक और ऊंट के मुंह में जीरा करार दिया है। अखिल भारतीय किसान महासभा के बिहार राज्य सचिव उमेश सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि गेहूं के समर्थन मूल्य में केवल 1% से भी कम (25) की वृद्धि की गई है, जिससे इसकी कीमत 2,585 से बढ़कर 2,610 प्रति क्विंटल हुई है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां महंगाई 8% की दर से बढ़ रही है और खेती की लागत में भारी इजाफा हुआ है, वहीं दूसरी ओर एमएसपी में यह नाममात्र की बढ़ोतरी किसानों की कमर तोड़ने वाली है। डॉ. स्वामीनाथन फामूर्ले की अनदेखी का आरोप उमेश सिंह ने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों का हवाला देते हुए कहा कि गेहूं के उत्पादन की वास्तविक कुल लागत लगभग 3,284 प्रति क्विंटल बैठती है। इसके बावजूद सरकार किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य देने में पूरी तरह विफल रही है। गेहूं के अलावा अन्य रबी फसलों की स्थिति भी ऐसी ही चिंताजनक है। 19 लाख करोड़ का कर्ज माफ करने की मांग किसान नेता ने आगे कहा कि देश के किसानों पर आज भी 19 लाख करोड़ का भारी-भरकम कर्ज चढ़ गया है, वह पिछले 10-15 वर्षों में अपनी उपज का सही और वाजिब दाम न मिलने का सीधा नतीजा है।

# छठ घाटों की तैयारियों को लेकर नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, समय पर व्यवस्था पूरी करने का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर दरभंगा नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न पोखरों एवं छठ घाटों की साफ-सफाई और आवश्यक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में नगर आयुक्त गरिमा लोहिया ने वार्ड संख्या 1, 2, 4 एवं 5 का क्षेत्र भ्रमण कर विभिन्न पोखरों एवं छठ घाटों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने संबंधित वार्ड पार्षदों से संवाद कर घाटों की स्थिति, साफ-सफाई, पहुंच मार्ग तथा श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। वार्ड पार्षदों ने स्थानीय आवश्यकताओं एवं समस्याओं से अवगत कराया। प्राप्त सुझावों के आधार पर संबंधित पदाधिकारियों एवं अभियंताओं को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने कहा कि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी चिन्हित घाटों एवं पोखरों में सफाई कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा कराने तथा घाटों के आसपास कचरा, जलकुंभी एवं अन्य अवांछित सामग्री नहीं रहने देने का निर्देश दिया। उन्होंने घाटों तक पहुंचने वाले मार्गों की सफाई, सुगम आवागमन और आवश्यक नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों और निगम पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्य पूरा करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उप नगर आयुक्त डॉ. जयचंद्र अकेला, सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी, नगर प्रबंधक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता सहित निगम के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

# बागमती तट पर भव्य गंगा आरती, सांसद ने दिलाया स्वच्छता व जल संरक्षण का संकल्प

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। सेवा संकल्प महाअभियान के तहत भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला गंगा समिति की ओर से बुधवार की संध्या शुभंकरपुर स्थित बागमती तट के रामधनी घाट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। कुशेश्वरस्थान से आए विद्वान पुरोहितों ने विधिवत गंगा आरती संपन्न कराई। स्थानीय सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशिला गुप्ता, पूर्व विधायक अमरनाथ गामी, नमामि गंगे के परियोजना निदेशक फारुख, भाजपा जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक, जिला मंत्री बालेंदु झा बालाजी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बालेंदु झा ने किया। जनप्रतिनिधियों को पाग एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आरती के बाद सांसद डॉ. ठाकुर ने श्रद्धालुओं एवं एनडीए कार्यकताओं को गंगा स्वच्छता और जल संरक्षण का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती से निपटने के लिए कई पहल की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में गंगा आरती का विशेष आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व है। आयोजन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर उनके दीघार्यु होने की कामना भी की गई। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मखाना अनुसंधान केंद्र में हिंदी कार्यशाला साहित्य से संवेदना और विज्ञान से समाधान पर जोर



दरभंगा। राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र, दरभंगा में गुरुवार को त्रैमासिक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान के राजभाषा प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार ने मुख्य वक्ता महात्मा गांधी महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. लाल कुमार सहित प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य राजभाषा हिंदी के प्रभावी प्रसार के साथ साहित्य के माध्यम से सामाजिक संवेदनाओं, नागरिक दायित्व-बोध और मानवीय मूल्यों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि साहित्य से संवेदनाएं और विज्ञान से समाधान का मार्ग प्रशस्त होता है। मुख्य वक्ता डॉ. लाल कुमार ने ह्यस्वाधीनता आंदोलन में हिंदी की भूमिका तथा प्रेमचंद साहित्य में ग्रामीण एवं कृषक जीवन विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद के साहित्य में ग्रामीण और कृषक जीवन प्रमुखता से उभरता है। उनकी रचनाओं में किसानों एवं ग्रामीण समाज की समस्याओं, संघर्षों और संवेदनाओं का प्रभावी चित्रण मिलता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान और साहित्य दोनों अपने-अपने माध्यम से सामाजिक समस्याओं को समझने तथा उनके समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र ने स्वरचित कविताओं का पाठ किया। कृधा नंदिनी ने गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को समर्पित कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिकों, तकनीकी एवं सहायक कर्मियों ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. धर्मेंद्र ने किया।

# शारदा सिन्हा के गीतों में बिहार की लोक संस्कृति की सशक्त अभिव्यक्ति : प्रो. लावण्य कीर्ति सिंह

- शारदा सिन्हा की 74वीं जयंती पर विद्यार्थियों ने लोकगीतों की प्रस्तुति से दी संगीतमय श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय अंतर्गत विश्वविद्यालय संगीत एवं नाट्य विभाग में पद्मविभूषण डॉ. श्रीमती शारदा सिन्हा की 74वीं जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन पद्मविभूषण डॉ. शारदा सिन्हा चेयर के अंतर्गत किया गया। समारोह का शुभारंभ विभागीय शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर एवं शारदा सिन्हा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर विभाग के छात्र-छात्राओं ने शारदा सिन्हा के लोकप्रिय एवं कालजयी लोकगीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर उन्हें संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यार्थियों ने ह्यकेलवा के पात परह्व, ह्यजगदंबा घर में दियराह्व, ह्यआठ ही काठ केह्व और ह्यहे गंगा मैयाह्व सहित उनके प्रसिद्ध गीत प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने बिहार की समृद्ध लोक-संगीत परंपरा और शारदा सिन्हा के अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। समारोह को संबोधित करते हुए संगीत एवं नाट्य विभाग की विभागाध्यक्ष सह संकायाध्यक्ष प्रो. लावण्य कीर्ति सिंह ह्यकाव्याह्व ने कहा कि यह विभाग के लिए गौरव का क्षण है कि पद्मविभूषण डॉ. शारदा सिन्हा ने इसी विभाग से विद्या वाचस्पति की उपाधि प्राप्त की थी और आज उनके नाम पर विभाग में चेयर स्थापित है। उन्होंने कहा कि शारदा सिन्हा के गीतों को विद्यार्थियों द्वारा उसी लोकभाव और संवेदना के साथ प्रस्तुत करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।उन्होंने कहा कि शारदा सिन्हा ने लोक तत्वों को अपनी गायकी में अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी गायकी में बिहार की लोक संस्कृति, परंपरा और जनजीवन की सहज अभिव्यक्ति दिखाई देती है। उनके गीतों ने बिहार की लोक-संगीत परंपरा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह में सहायक प्रो डॉ. पुष्कर झा, डॉ. अभिषेक स्मिथ सहित विभागीय कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों से समारोह का वातावरण भावपूर्ण और संगीतमय बना रहा।

# अंटौर में भाजपा ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान, वाहन चालकों को बांटे हेलमेट

प्रात : किरण संवाददाता



बेनीपुर (दरभंगा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा-संकल्प-समर्पण महा-अभियान के तहत दरभंगा पूर्वी जिला भाजपा की ओर से अंटौर में एसएच-88 पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान राहगीरों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया तथा जरूरतमंद वाहन चालकों के बीच हेलमेट का वितरण किया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों से हेलमेट पहनकर वाहन चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और सड़क पर विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई। लोगों को सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा का संदेश देते हुए यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर दरभंगा पूर्वी जिला भाजपा अध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने कहा कि सड़क सुरक्षा आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नियमों के साथ-साथ आम लोगों में जागरूकता पैदा करना भी जरूरी है। जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। हेलमेट पहनना महज नियम का पालन नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का संकल्प है। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने तथा स्वयं के साथ दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखने की अपील की। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लाल मुखिया, चंदन ठाकुर, रामभजन पासवान, युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रकाश साहनी, राहुल झा, मनोज झा, विकास प्रसाद, संजय पासवान, निखत प्रवीण सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# मधुबनी जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

- 15 खेल विधाओं में करीब 3 हजार खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता-2026 का गुरुवार को पंडौल उच्च विद्यालय परिसर में शुभारंभ हुआ। उद्घाटन उप विकास आयुक्त, जिला कला एवं संस्कृति सह खेल पदाधिकारी, आरएन कॉलेज पंडौल की खेल प्रभारी सरिता कुमारी एवं राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका मीनाक्षी कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिला खेल पदाधिकारी नीतीश कुमार ने अतिथियों एवं खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय स्तर की खेल प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को पहचानने और आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने खिलाड़ियों से नियमित अभ्यास, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य जिला या राज्य स्तर तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रतिभाओं को एशियाई खेल एवं ओलंपिक तक पहुंचाने का प्रयास होना चाहिए। समारोह में आम्रपाली कला प्रशिक्षण केंद्र की प्रशिक्षु प्राची झा एवं दिव्या झा ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। इसके बाद गुब्बारे उड़ाकर एवं हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता 1 से 3 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न खेल स्थलों पर आयोजित हो रही है। इसमें 100 से अधिक सरकारी एवं निजी विद्यालयों के करीब 3,000 खिलाड़ी अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग में 15 खेल विधाओं में भाग ले रहे हैं। जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी दरभंगा में होने वाली प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में मधुबनी का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में खेल शिक्षक, प्रशिक्षक, आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में अतिथि उपस्थित रहे।

# शिक्षा, रोजगार व लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर जेन-जी के सवालों पर परिचर्चा

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। शिक्षा, रोजगार, लोकतंत्र और युवाओं के अधिकारों से जुड़े सवालों को लेकर भाकपा (माले) जिला कार्यालय में शिक्षा और लोकतंत्र बचाने के लिए जेन-जी का बढ़ता आंदोलन और हमारे कार्यभारह्व विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें छात्र-युवा, शोधार्थी, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न जनसंगठनों से जुड़े लोगों ने भाग लिया। शिक्षा, रोजगार और परीक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दे हाल के छात्र-युवा कार्यक्रमों में भी प्रमुखता से उठे हैं। मुख्य वक्ता भाकपा (माले) पोलित ब्यूरो सदस्य धीरेंद्र झा ने कहा कि जेन-जी केवल तकनीक और सोशल मीडिया की पीढ़ी नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर गंभीर सवाल उठा रही है। उन्होंने सरकारी स्कूल-कॉलेजों को मजबूत करने के लिए व्यापक आंदोलन की जरूरत बताई। जिला सचिव बैद्यनाथ यादव ने प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितता, परिणाम में देरी, फीस वृद्धि, बेरोजगारी और विश्वविद्यालयों में छात्र लोकतंत्र से जुड़े सवाल उठाए। जसम जिला अध्यक्ष प्रो. राम बाबू आर्य ने युवाओं की ऊर्जा को शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक अधिकारों से जोड़ने पर जोर दिया। आरवाईए के प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप कुमार चौधरी ने सरकारी शिक्षण संस्थानों में संसाधन बढ़ाने, शोध के अवसर विस्तारित करने और प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की बात कही। वरिष्ठ नेता आरके सहनी ने संस्थानों में लोकतांत्रिक वातावरण बनाए रखने की आवश्यकता बताई। परिचर्चा में सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# चौकीदार के घर इलाज करने पहुंचे डॉक्टर पर हमला, चेन छीनने का आरोप

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। जिला के जयनगर थाना क्षेत्र के हनुमान नगर में बुधवार की देर शाम चौकीदार के घर इलाज के सिलसिले में पहुंचे चिकित्सक पर कुछ लोगों द्वारा हमला कर घायल करने तथा रुपये, सोने की चेन और जमीन से संबंधित कागजात छीनने का मामला सामने आया है। इस संबंध में वार्ड नंबर-13 हनुमान नगर निवासी चिकित्सक डॉ. जय प्रकाश सिंह ने जयनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है।थाने में दिए आवेदन के अनुसार, डॉ. जय प्रकाश सिंह गांव के चौकीदार सूर्यदेव दास की पत्नी का इलाज कर रहे हैं। चौकीदार के बुलाने पर बुधवार की शाम वे उसके घर पहुंचे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने अचानक उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में वे घायल हो गए। चौकीदार द्वारा बीच-बचाव किए जाने की बात भी आवेदन में कही गई है।डॉ. सिंह का आरोप है कि इसी दौरान आरोपितों ने उनके पास मौजूद जमीन से संबंधित कागजात, 3 लाख 70 हजार रुपये नकद और सोने की चेन छीन ली। घटना की सूचना चौकीदार द्वारा थाना पुलिस को दी गई। घायल चिकित्सक को ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए जयनगर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया।चिकित्सक ने बताया कि गांव के कुछ लोगों के साथ जमीन पर कब्जे को लेकर उनका मामला डीसीएलआर न्यायालय में चल रहा था। उनके पक्ष में फैसला आने के बाद विपक्षी पक्ष द्वारा हमला किए जाने का आरोप उन्होंने लगाया है।मामले को लेकर थानाध्यक्ष रमण कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# विशेष अभियान में मधुबनी पुलिस की कार्रवाई, 55 अभियुक्त गिरफ्तार

**33 वारंट, 17 इश्तेहार, एक कुर्की और 120 सम्मन का किया गया निष्पादन**

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना के आदेश एवं पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निर्देशन में जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर 30 सितंबर को विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गंभीर प्रकृति के मामलों, जिनमें हत्या, लूट, डकैती, दुष्कर्म एवं पुलिस पर हमला सहित अन्य कांड शामिल हैं, में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की गई। विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 55 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनमें वारंट के मामलों में 33, शराब कारोबार से जुड़े मामलों में 8, एनडीपीएस एक्ट के मामलों में 3, महिला उत्पीड़न के मामलों में 2 तथा अन्य कांडों में 9 अभियुक्त शामिल हैं।अभियान के दौरान 33 वारंट, 17 इश्तेहार, एक कुर्की तथा 120 सम्मन का निष्पादन किया गया। पुलिस की कार्रवाई का उद्देश्य फरार एवं वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के साथ जिले में अपराध नियंत्रण को मजबूत करना रहा।इधर, अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिले में वाहन जांच अभियान भी चलाया गया। इस दौरान 98 वाहनों से कुल 1 लाख 63 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 505 लीटर देशी-विदेशी शराब, पांच मोटरसाइकिल, एक टेम्पो, 2.5 किलोग्राम गांजा तथा एक मोबाइल फोन भी बरामद किया। मधुबनी पुलिस ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के विशेष अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# होंडा ने एच1 फवाई27 में 34.40 लाख यूनिट्स की बिक्री दर्ज की

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचएमएसआई) ने एच1फवाई27 (अप्रैल-सितंबर 2026) के दौरान कुल 34.40 लाख यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जो एच1फवाई26 (अप्रैल-सितंबर 2025) के दौरान बेची गई 29.93 लाख यूनिट्स की तुलना में साल-दर-साल 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। एच1फवाई27 (अप्रैल-सितंबर 2026) के दौरान घरेलू बिक्री 30.44 लाख यूनिट रही, जो साल-दर-साल 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी है, जबकि एच1फवाई26 (अप्रैल-सितंबर 2025) के दौरान 26.82 लाख यूनिट बिकी थीं। एच1फवाई27 (अप्रैल-सितंबर 2026) के दौरान एक्सपोर्ट 3.96 लाख यूनिट रहा, जो साल-दर-साल 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी है, जबकि एच1 फवाई26 (अप्रैल-सितंबर 2025) के दौरान 3.11 लाख यूनिट एक्सपोर्ट हुई थीं।

AXIS BANK LTD. स्ट्रक्चर्ड असैट्स ग्रुप, एक्सिस हाऊस, प्लॉट 1-14, टॉवर 4, चौथा तल, सैक्टर 128, नोएडा (उ. प्र.)- 201304, फोन नं. 0120-6210933

सार्वजनिक सूचना

निम्नलिखित उधारकर्ता/ बंधक/ गारंटर/ बंधककर्ताओं को एक नोटिस दिया जाता है कि उन्होंने एक्सिस बैंक लिमिटेड से प्राप्त क्रेडिट सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और उक्त सुविधाएं 23.03.2026 को गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) में बदल गई हैं। दिनांक 31.08.2026 को उधारकर्ता/ बंधक/ गारंटर/ बंधककर्ताओं को प्रतिभूतिकरण और वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित के प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पतों पर नोटिस जारी किया गया था, हालांकि कुछ पतों से नोटिस बिना तामील हुए वापस आ गए हैं और इस तरह उन्हें इसके बारे में सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है।

| उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ताओ के नाम और पते | डिमांड नोटिस की तिथि | बकाया राशि |
|---|---|---|
| 1) मेसर्स क्री-डोह मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड (उधारकर्ता और बंधक) इ-36/47-के, प्लॉट नं 33, ब्रह्मानंद नगर कॉलोनी, दुगाकुंड, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221001 भारत। ईमेलः askreedoh@gmail.com और kreedoh.mgmt@gmail.com, 2) श्री आलोक सिंह पुत्र शिव मंगल सिंह, (निदेशक, बंधक और गारंटर) डी5-1502, केंद्रीय विहार, प्लॉट -07 सेक्टर-पी-4, केंद्रीय विहार पॉकेट 4, बिल्डर आर यूनिटेक हाइट, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, वीटीसीः सेक्टर ओमेगा 1, पोस्ट ऑफिसः गुरजिंदर विहार, जिलाः गौतम बुद्ध नगर, राज्यः उत्तर प्रदेश, पिन कोडः 201315। ईमेलः alokuniquespl@gmail.com, 3) श्री श्री रोशी सिंह पुत्र अविनाश चंद्र जॉली, (निदेशक, बंधक और गारंटर) आलोक सिंह के नाम से, डी5-1502, केंद्रीय विहार, प्लॉट -07 सेक्टर-पी-4, केंद्रीय विहार पॉकेट 4, बिल्डर यूनिटेक हाइट, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, वीटीसीः सेक्टर ओमेगा 1, पीओः गुरजिंदर विहार, जिलाः गौतम बुद्ध नगर, राज्यः उत्तर प्रदेश, पिन कोडः 201315। ईमेलः roshisingh9@gmail.com, 4) श्री अतुल कुमार सिंह पुत्र विजेन्द्र कुमार सिंह, (बंधक और गारंटर) छोटका राजपुर, राजपुर, बक्सर, बिहार, 802113 | 31.08.2026 | रु. 18,06,06,946.95 (रुपयेः अठारह करोड़ छह लाख छह हजार नौ सौ छियालीस और पैसा पिचानवें मात्र), 05-अगस्त-2026 (05-अगस्त- 2026 तक लागू ब्याज सहित) को देय राशि के रूप में, 06-अगस्त-2026 से अंतिम भुगतान की तारीख तक संपूर्ण आगे ब्याज और अन्य सभी शुल्कों के साथ |

अनुसूचीः- 1. कंपनी/ऋणकर्ता (अर्थात प्राप्तकर्ता क्रमांक 1) की संपूर्ण चालू संपत्तियां, वर्तमान और भविष्य दोनों संपत्तियाँ।
2. कंपनी/ऋणकर्ता (अर्थात प्राप्तकर्ता क्रमांक 1) की वर्तमान और भविष्य दोनों की सभी चल अचल संपत्तियाँ, अन्य बैंकों/वित्तीय संस्थानों द्वारा पहले से गिरवी रखी गई संपत्तियों को छोड़कर।
3. खसरा क्रमांक 789/1 के भाग, प्लॉट क्रमांक 33 पर निर्मित आवासीय मकान क्रमांक बी36/47के, जिसका भूमि क्षेत्र 2048.00 वर्ग फुट और आवरण क्षेत्र 445.61 वर्ग मीटर स्थित मोहल्ला ब्रह्मनंदन नगर कॉलोनी, मौजा सरायनंदन, वार्ड भेलूपुर, परगना देहात अमानत, तहसील सदर, जिला वाराणसी में श्री आलोक सिंह के स्वामित्व वाली, भवन के सामान्य क्षेत्रों के उपयोग का अधिकार, जल निकासी, शौचालय और अन्य सुविधाओं, सुविधाओं, फ्लैट/यूनिट/कार्यालय परिसर में या उससे संबंधित या उससे जुड़े हुए, वर्तमान और भविष्य दोनों के उपयोग का अधिकार और सुखाधिकार अधिकार और सभी फिक्स्चर और फिटिंग, वर्तमान और भविष्य दोनों के साथ।
4. गैर-कृषि भूमि गटा संख्या 573/0.085 हेक्टेयर और गटा संख्या 576/0.082 हेक्टेयर भूमि, ग्राम गंगौली, परगना खरीद, तहसील बांसदीह, जिला बलिया में स्थित 0.167 हेक्टेयर क्षेत्रफल जिसमें सभी भवन और संरचनाएं, फिक्स्चर, फिटिंग और जमीन से जुड़े या जमीन से स्थायी रूप से जुड़े सभी संयंत्र और मशीनरी शामिल हैं, जो वर्तमान और भविष्य में श्री अतुल कुमार सिंह के नाम पर हैं।
5. ग्राम केवरा, परगना खरीद, तहसील बांसदीह, जिला बलिया में स्थित गैर-कृषि भूमि गटा संख्या 159, जिसका क्षेत्रफल 0.488 हेक्टेयर है, जिसमें सभी भवन और संरचनाएं, फिक्स्चर, फिटिंग और जमीन से जुड़े या जमीन से स्थायी रूप से जुड़े सभी संयंत्र और मशीनरी शामिल हैं, जो वर्तमान और भविष्य में श्रीमती रोशी सिंह के नाम पर हैं।

नोटिस की प्रतिस्थापन सेवा के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ताओं, बंधक, बंधककर्ता और/या उनके गारंटर (जहां भी लागू हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करें, अन्यथा वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों की समाप्ति के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दिनांकः 02.10.2026 प्राधिकृत अधिकारी, (एक्सिस बैंक लिमिटेड)

# ईंट-भट्ठों के बकाये पर एकमुश्त समाधान योजना शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। बिहार में ईंट-भट्ठों के वित्तीय वर्ष 2024-25 तक के बकाये के निपटारे के लिए खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार सरकार ने एकमुश्त समाधान योजना लागू की है। विभाग द्वारा 17 सितंबर 2026 को जारी अधिसूचना के तहत योजना की अवधि 21 सितंबर से 20 दिसंबर 2026 तक निर्धारित की गई है।योजना के तहत नीलाम पत्र वाद दायर करने के समय तथा वाद दायर होने के बाद लगने वाली ब्याज की राशि माफ की जाएगी। हालांकि, इसका लाभ उन्हीं ईंट-भट्ठों को मिलेगा, जिनके स्वामित्व की राशि जमा नहीं किए जाने के कारण 31 अगस्त 2026 तक खनन पदाधिकारी द्वारा नीलाम पत्र वाद दायर किया जा चुका है।विभाग ने संबंधित ईंट-भट्ठा संचालकों से निर्धारित अवधि के भीतर योजना का लाभ उठाकर बकाया राशि का निपटारा करने की अपील की है।

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुजुर्गों को किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिले के बुनियाद केंद्र, पंडौल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 100 वृद्धजनों ने भाग लिया। इस दौरान वृद्धजनों को सम्मानित करते हुए उनके अधिकारों, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानो की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी वृद्धजनो को विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही नशामुक्ति अभियान के तहत नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से होने वाले दुष्प्रभावो को लेकर उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन संतोष कुमार, सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, मधुबनी नितेश कुमार पाठक, जिला प्रबंधक, बुनियाद केंद्र, पंडौल मनीषा कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।बताया गया कि अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों, पंचायत स्तर तथा सभी बुनियाद केंद्रों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमो में वृद्धजनो को सम्मानित करने के साथ उनके अधिकारो तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का उप विकास आयुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण
## कम्युनिटी किचेन में गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त निशांत सिहारा ने आज सरैया प्रखंड अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों रेवा, बसतपुर एवं रतनपुर डीही का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ की स्थिति एवं जिला प्रशासन द्वारा संचालित राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जलस्तर की स्थिति, प्रभावित परिवारों की संख्या, आवागमन की स्थिति तथा उपलब्ध कराई जा रही राहत सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों तक आवश्यक राहत सामग्री एवं अन्य जरूरी सुविधाएं समयबद्ध रूप से पहुंचाना सुनिश्चित करें। इन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की सतत निगरानी रखने तथा स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली किसी भी आवश्यकता अथवा समस्या की सूचना तत्काल वरीय पदाधिकारियों को देने का निर्देश दिया। साथ ही, प्रभावित लोगों के लिए आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता बनाए रखने एवं उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान देने को कहा। कम्युनिटी किचेन के निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त ने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए संचालित कम्युनिटी किचेन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने किचेन में भोजन तैयार करने की प्रक्रिया, स्वच्छता व्यवस्था एवं भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप कम्युनिटी किचेन का संचालन सुनिश्चित किया जाए। बाढ़ प्रभावित लोगों को समय पर गुणवत्तापूर्ण, पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने तथा भोजन की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं होने देने का स्पष्ट निर्देश दिया उप विकास आयुक्त ने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को सुरक्षित रखते हुए उन्हें आवश्यक राहत एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। प्रशासन द्वारा बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा आवश्यकता के अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों को तत्परता से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ की स्थिति सामान्य होने तक प्रभावित क्षेत्रों में सतत निगरानी, त्वरित समन्वय एवं प्रभावी राहत व्यवस्था बनाए रखें, ताकि प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।



# बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचीं विधायक
## ग्रामीणों ने सुनाई परेशानी

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। गायघाट प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। बुधवार को विधायक कोमल सिंह ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित गांवों में पहुंचकर लोगों से मुलाकात की और बाढ़ से उत्पन्न समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने विधायक को बाढ़ के पानी से हो रही परेशानी, आवागमन में दिक्कत, जलजमाव, घरों व दुकानों में पानी घुसने तथा राहत एवं बचाव कार्य से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। लोगों ने कहा कि जलस्तर बढ़ने से उनकी रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो गई है और कई इलाकों में आवागमन मुश्किल हो गया है। विधायक कोमल सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर आवश्यक राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर काम किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कांटा-सुस्ता मार्ग बाढ़ के पानी में डूबा, आवागमन पूर्णतः बाधित

मुजफ्फरपुर। गायघाट प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ का पानी लगातार बढ़ने से कांटा-सुस्ता मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। सड़क पर तेज बहाव के साथ पानी बहने से राहगीरों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर पानी का बहाव तेज होने के कारण लोगों के लिए इस मार्ग से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। मार्ग बाधित होने से आसपास के ग्रामीणों को आने-जाने के लिए वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे लोगों का समय और दूरी दोनों बढ़ गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, बाढ़ का पानी बढ़ने के साथ स्थिति और गंभीर होती जा रही है। तस्वीर में भी सड़क पर तेज बहाव के बीच लोग किसी तरह रास्ता पार करते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से बाढ़ प्रभावित कांटा-सुस्ता मार्ग का जायजा लेकर आवागमन के लिए आवश्यक व्यवस्था कराने तथा लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### जनता के बीच पहुंचे सांसद, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में स्वयं की जांच

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर सांसद सह केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी निषाद ने जनता के बीच पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोगों की स्वास्थ्य जांच की। चिकित्सकीय पृष्ठभूमि रखने वाले डॉ. चौधरी ने शिविर में पहुंचे लोगों से सीधे संवाद किया और उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी ली। शिविर के दौरान लोगों की प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच करने के साथ उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह भी दी गई। ग्रामीण और जरूरतमंद लोगों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा एवं चिकित्सकीय मार्गदर्शन मिलने से शिविर में पहुंचे लोगों ने इसे उपयोगी पहल बताया। स्थानीय लोगों ने कहा कि जनप्रतिनिधि का सीधे जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझना महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयोजित ऐसे शिविरों से लोगों को प्रारंभिक जांच के साथ स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी मिलती है। डॉ. राज भूषण चौधरी का चिकित्सकीय अनुभव भी उनके सार्वजनिक जीवन का हिस्सा रहा है। स्वास्थ्य शिविर के दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझना और जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने की पहल के रूप में इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर को देखा जा रहा है।

### शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण, आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। सदर थाना क्षेत्र में शादी का प्रलोभन देकर युवती के साथ यौन शोषण करने और बाद में उसकी अंतरंग तस्वीरें व वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की लिखित शिकायत पर सदर थाने में कांड संख्या 926/26 दर्ज किया गया है। मामले में नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र निवासी प्रिंस कुमार को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की तकनीकी एवं कानूनी जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह शहर के एक ऑटोमोबाइल शोरूम के सर्विस विभाग में काम करती है और सदर थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहती है। इसी दौरान उसकी पहचान प्रिंस कुमार से हुई। आरोप है कि युवक ने शादी का भरोसा दिलाकर युवती को अपने विश्वास में लिया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसी दौरान धोखे से उसके अंतरंग फोटो और वीडियो भी मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिए। पीड़िता के अनुसार, जब उसने आरोपी पर शादी करने का दबाव बनाया तो वह टालमटोल करने लगा और बाद में शादी से मुकर गया। इसके बाद कथित तौर पर आरोपी आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भेजकर उसे ब्लैकमेल करने लगा। बात नहीं मानने पर तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी गई।

# जिलाधिकारी ने गंडक के माधोपुर हजारी रिंग बांध एवं माधोपुर हजारी मुख्य बांध का किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर श्री कुमार गौरव ने साहेबगंज प्रखंड अंतर्गत माधोपुर हजारी रिंग बांध, वार्ड नंबर-01 तथा माधोपुर हजारी मुख्य बांध का निरीक्षण कर बाढ़ एवं जलजमाव की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रिंग बांध की वर्तमान स्थिति, बांध की सुरक्षा एवं संवेदनशील स्थलों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं अभियंताओं से बांध की स्थिति, जलस्तर तथा संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिंग बांध की लगातार निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में बालू भरे बोरे, मिट्टी एवं अन्य आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सुरक्षात्मक कार्य किया जा सके। उन्होंने स्थानीय स्तर पर जलस्तर एवं बांध की स्थिति पर नजर बनाए रखने तथा किसी भी आपात परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन की प्राथमिकता आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने तथा राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का निर्देश दिया।

# एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने जलजमाव में फंसे लोगों को किया रेस्क्यू

मुजफ्फरपुर। जिले में बाढ़ और जलजमाव के बीच साहेबगंज और पारू प्रखंड में राहत एवं बचाव अभियान चलाया गया। पानी से घिरे घरों में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने मोर्चा संभाला। बचाव दल ने प्रभावित इलाकों में पहुंचकर जलमग्न घरों और आसपास के क्षेत्रों का जायजा लिया। इसके बाद पानी से घिरे घरों में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। रेस्क्यू अभियान के दौरान जवानों ने स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए नाव और अन्य बचाव संसाधनों की मदद ली। बाढ़ प्रभावित इलाकों में लगातार बढ़ते पानी के बीच प्रशासन की ओर से राहत एवं बचाव कार्य जारी है। प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के साथ ही आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से बाढ़ के पानी में अनावश्यक रूप से नहीं जाने और किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन एवं बचाव दल को सूचना देने की अपील की है।

# जर्जर सामुदायिक भवन का मलबा बच्चों पर गिरा, आधा दर्जन घायल

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। औराई प्रखंड के सहिलाबल्ली पंचायत अंतर्गत आदमपुर भवानीपुर गांव के वार्ड संख्या-1 स्थित महादलित टोले में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। जर्जर सामुदायिक भवन का छत और दीवार का एक हिस्सा अचानक भरभराकर बच्चों के ऊपर गिर गया। हादसे में पढ़ाई कर रहे करीब आधा दर्जन बच्चे घायल हो गए। बच्चों को पढ़ा रही निजी शिक्षिका भी मलबे की चपेट में आकर घायल हुई हैं। बताया गया कि निजी शिक्षिका महादलित टोले के बच्चों को सामुदायिक भवन में निःशुल्क पढ़ा रही थीं। इसी दौरान अचानक भवन का जर्जर हिस्सा तेज आवाज के साथ गिर पड़ा। मलबा गिरते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बच्चों में चीख-पुकार शुरू हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल मलबा हटाकर बच्चों और शिक्षिका को बाहर निकाला तथा निजी चिकित्सकों के यहां ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि सामुदायिक भवन काफी समय से जर्जर हालत में था। इसकी मरम्मत को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को लिखित एवं मौखिक रूप से सूचना दी गई थी, लेकिन समय रहते भवन की मरम्मत नहीं कराई गई। सहिलाबल्ली पंचायत के पूर्व मुखिया सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण ठाकुर ने भी प्रशासन पर शिकायतों की अनदेखी का आरोप लगाया है। हादसे के बाद महादलित टोले के लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते जर्जर भवन को सुरक्षित नहीं किया गया, जिसके कारण बच्चों की जान जोखिम में पड़ गई। राहत की बात है कि फिलहाल घायल बच्चों और शिक्षिका की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद प्रशासनिक स्तर पर मामले की जांच और जर्जर भवन को लेकर आगे की कार्रवाई की मांग उठ रही है।

# मनिका विशुनपुर चांद में प्री-स्कूल न्युट्रिशन सेंटर प्रारंभ

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। अमर त्रिशला सेवा आश्रम एवं जीव दया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में प्री-स्कूल न्यूट्रिशन और राहत प्रोग्रामके अंतर्गत मुसहरी प्रखंड के मनिका विशनपुर चांद में प्री-स्कूल न्यूट्रिशन सेंटर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अरुण कुमार सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सेंटर के माध्यम से छोटे बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ने के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों के प्रारंभिक विकास के लिए उचित पोषण, स्वास्थ्य देखभाल एवं सीखने का अनुकूल वातावरण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में पूजा गुप्ता, असिस्टेंट ऑफिसर, प्रभात कुमार, रणजीत कुमार (सचिव), एम. जे. खान, विक्रम कुमार, नेहा कुमारी एवं देवकरण साहनी उपस्थित रहे। इस सेंटर का संचालन नेहा कुमारी द्वारा किया जाएगा। सेंटर के माध्यम से छोटे बच्चों के पोषण एवं प्रारंभिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बच्चों को नियमित रूप से पोषण संबंधी सहयोग देने के साथ-साथ स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा से संबंधित गतिविधियों से भी जोड़ा जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर 7 माह से 5 वर्ष तक की आयु के कुल 50 बच्चो के बीच दूध एवं बिस्कुट का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों के अभिभावकों को भी बच्चों के उचित पोषण, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य देखभाल के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं सदस्यों ने सेंटर के सफल संचालन तथा बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए अपना सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुआ।

# कलमबाग चौक के पास 80 ग्राम गांजा के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। काजीमोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के कलमबाग चौक के समीप पुलिस ने छापेमारी कर 80 ग्राम गांजा के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। थानेदार चंद्रभूषण कुमार सिंह ने बताया कि दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के आधार पर मादक पदार्थों के कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में देर रात तक कई स्थानों पर छापेमारी की गई। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि गांजा कहां से लाया गया था और इसकी आपूर्ति किन लोगों तक की जानी थी। अधिकारियों के मुताबिक, मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान में हाल के दिनों में दो दर्जन से अधिक आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से गांजा, स्मैक, हेरोइन और ब्राउन शुगर समेत अन्य मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। कार्रवाई में मुजफ्फरपुर के अलावा वैशाली जिले के तस्कर भी पकड़े गए हैं। तीन दिन पूर्व अहियापुर पुलिस ने बैरिया बस स्टैंड के समीप छापेमारी कर 28.06 किलोग्राम गांजा के साथ वैशाली के भगवानपुर निवासी मिथुन कुमार को गिरफ्तार किया था। वहीं, पिछले सप्ताह चांदनी चौक के पास मादक पदार्थ की डिलीवरी करने पहुंचे वैशाली के तीन आरोपितों को संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया था। उनके पास से 185 ग्राम हेरोइन और स्मैक बरामद हुई थी। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपितों से मिली जानकारी के आधार पर पूरे नेटवर्क की पड़ताल में जुटी है।

# जयमल डूमरी में गंडक का पुराना तटबंध टूटा नए इलाकों में तेजी से फैला बाढ़ का पानी

मुजफ्फरपुर। गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर के बीच पारू प्रखंड क्षेत्र के जयमल डूमरी में गंडक नदी का पुराना तटबंध बुधवार को अचानक टूट गया। तटबंध टूटने के बाद नदी का पानी तेजी से आसपास के नए इलाकों में फैलने लगा। इससे ग्रामीणों में अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई और बाढ़ का खतरा बढ़ गया। पानी के तेज बहाव को देखते हुए ग्रामीण अपने मवेशियों, खाद्य सामग्री और अन्य जरूरी सामान को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुट गए हैं। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को ऊंचे और सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। तटबंध टूटने की सूचना मिलते ही मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी कुमार गौरव अधिकारियों और प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तटबंध पर रहकर स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को पूरी तरह अलर्ट रहने तथा राहत-बचाव कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग की टीमें मौके पर सक्रिय हैं। अधिकारियों के निर्देश पर टूटे तटबंध की मरम्मत के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। विभाग के अभियंता कटावरोधी सामग्री और बालू की बोरियों की मदद से तटबंध को मजबूत करने तथा पानी के फैलाव को नियंत्रित करने में जुटे हैं। प्रशासन की ओर से स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता प्रारंभ

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार राज्य खेल प्राधिकर एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 1 अक्टूबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि मुजफ्फरपुर ए डी एम कुमार प्रशांत, विशिष्ट अतिथि स्थापना उप समाहर्ता डॉ रचना सिन्हा, कांटी आर .ओ वसंत कुमार एवं जिला खेल पदाधिकारी राजेंद्र कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच संचालन शारीरिक शिक्षा शिक्षक करुणेश कुमार के द्वारा किया गया। आज खेल गए विभिन्न खेलों में बास्केटबॉल अंडर -14 बालिका वर्ग में जी.डी मदर इंटरनेशनल स्कूल में विजेता एवं सेक्रेड हर्ट स्कूल उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। अंडर -14 -बालक वर्ग में सेंट जेवियर स्कूल विजेता एवं सेक्रेड हर्ट स्कूल उपविजेता होने का गौरव प्राप्त किया। अंडर -17 बालक वर्ग में जी.डी मदर इंटरनेशनल स्कूल विजेता और सेंट जेवियर स्कूल उपविजेता होने का गौरव प्राप्त किया। हैंडबॉल प्रतियोगिता अंडर 14 बालक आयु वर्ग में शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल मुजफ्फरपुर ने डीएवी खबरा को 6- 4 से पराजित कर विजेता बनी। अंडर -17 बालक आयु वर्ग डी . ए.वी बखरी ने शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल मुजफ्फरपुर ने 6-5 से पराजित कर विजेता बनी। 45 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्रतीक जी डी मदर, द्वितीय स्थान देवांश कश्यप यू एम एस खैरा अंडर 48 वर्ग में प्रथम स्थान कुश कुमार सिंह होली मिशन कोमिला। 51 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान अनमोल कुमार जी डी मदर 55 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान सुजैब अहमद खान जी डी मदर, द्वितीय स्थान सार्थक शर्मा बिरला ओपन माइंड, तृतीय स्थान अनिकेत चंद्र जी डी मदर 60 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान ओम आनंद दिल्ली पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान श्री राम माधवन हाई स्कूल छपरा मेघ, तृतीय स्थान शानू राज होली मिशन को, 65 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान आदर्श कुमार जी डी मदर, द्वितीय स्थान पर रहे। रोहित कुमार बिरला ओपन माइंड, 71 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान अभिनीत झा बिरला ओपन माइंड, 80 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान कुमार दिव्यांशु बिरला ओपन माइंड, द्वितीय स्थान शेखर राज बिरला ओपन माइंड, तृतीय स्थान अभिनव भारद्वाज होली मिशन, 92 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान लव राज बिरला ओपन माइंड, द्वितीय स्थान निश्चल वर्मा जी डी मदर, तृतीय स्थान आर्यन राज होली मिशन 110 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान सत्यम कुमार होली मिशन, द्वितीय स्थान अंश राज होली मिशन ने प्राप्त किया।

# दो निर्दलीय समेत तीन उम्मीदवारों ने दाखिल किया पर्चा

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार विधान परिषद के तिरहुत शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर मुजफ्फरपुर में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में उतर रहे हैं। गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी प्रो. नरेंद्र प्रसाद सिंह ने प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय पहुंचकर तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। भाजपा ने उन्हें शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधानपार्षद वंशीधर ब्रजवासी ने भी आज अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक उपस्थित थे। प्रो. नरेंद्र प्रसाद सिंह के समर्थन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह जिला प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल और शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी भी मुजफ्फरपुर पहुंचे थे। दोनों नेताओं ने शिक्षकों के साथ संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया और पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में शिक्षकों से संवाद किया। भूषण कुमार झा ने भी आज शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय पर्चा दाखिलकिया है।

# अब मुजफ्फरपुर में बूढ़ी गंडक भी उफान पर, चार दिनों में 3 मीटर बढ़ा जलस्तर

मुजफ्फरपुर। जिले में गंडक और बागमती नदी के बाद अब बूढ़ी गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर ने चिंता बढ़ा दी है। पिछले चार दिनों में बूढ़ी गंडक के जलस्तर में करीब तीन मीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। नदी का पानी सिकंदरपुर स्थित सीढ़ी घाट तक पहुंच गया है। हालांकि जलस्तर अभी खतरे के निशान से नीचे बताया जा रहा है, लेकिन तेजी से हो रही वृद्धि को देखते हुए निचले इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। वर्तमान में बूढ़ी गंडक का जलस्तर करीब 50.03 मीटर बताया जा रहा है। प्रशासन के अनुसार नदी का पानी इसी गति से बढ़ता रहा तो अगले दो-तीन दिनों में जलस्तर में और वृद्धि हो सकती है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। मुजफ्फरपुर के छह प्रखंड पहले से बाढ़ से प्रभावित हैं। गंडक नदी के कारण साहेबगंज, पारू और सरैया प्रभावित हैं। इनमें साहेबगंज और सरैया की स्थिति अधिक प्रभावित बताई जा रही है, जबकि पारू में बांध टूटने के बाद हालात और चुनौतीपूर्ण हो गए हैं। वहीं, बागमती नदी के कारण औराई, कटरा और गायघाट प्रखंड प्रभावित हैं। कटरा और गायघाट में बाढ़ का असर अधिक है। हालांकि बागमती का जलस्तर फिलहाल स्थिर बताया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य जारी हैं। जरूरत के अनुसार राहत सामग्री पहुंचाने के साथ कम्युनिटी किचन भी संचालित किए जा रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से पैनिक नहीं करने, अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल नियंत्रण कक्ष को सूचना देने की अपील की है।

### शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण, आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। सदर थाना क्षेत्र में शादी का प्रलोभन देकर युवती के साथ यौन शोषण करने और बाद में उसकी अंतरंग तस्वीरें व वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की लिखित शिकायत पर सदर थाने में कांड संख्या 926/26 दर्ज किया गया है। मामले में नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र निवासी प्रिंस कुमार को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की तकनीकी एवं कानूनी जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह शहर के एक ऑटोमोबाइल शोरूम के सर्विस विभाग में काम करती है और सदर थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहती है। इसी दौरान उसकी पहचान प्रिंस कुमार से हुई। आरोप है कि युवक ने शादी का भरोसा दिलाकर युवती को अपने विश्वास में लिया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसी दौरान धोखे से उसके अंतरंग फोटो और वीडियो भी मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिए। पीड़िता के अनुसार, जब उसने आरोपी पर शादी करने का दबाव बनाया तो वह टालमटोल करने लगा और बाद में शादी से मुकर गया। इसके बाद कथित तौर पर आरोपी आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भेजकर उसे ब्लैकमेल करने लगा। बात नहीं मानने पर तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी गई।

# बांध टूटने से माधोपुर हजारी में तबाही दो हजार घरों में घुसा बाढ़ का पानी

मुजफ्फरपुर। जिले के साहेबगंज प्रखंड अंतर्गत माधोपुर हजारी पंचायत में छड़की बांध टूटने से बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। बांध क्षतिग्रस्त होते ही तेज गति से पानी रिहायशी इलाकों में फैल गया। देखते ही देखते करीब डेढ़ से दो हजार घरों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया, जिससे हजारों लोगों के सामने सुरक्षित स्थान पर जाने का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, पानी की रफ्तार इतनी तेज थी कि लोगों को घरों से जरूरी सामान निकालने तक का पर्याप्त समय नहीं मिल सका। कई घरों में तीन से चार फीट तक पानी भर गया है। इससे अनाज, कपड़े और मवेशियों के चारे को नुकसान पहुंचा है। कच्चे मकानों के गिरने का खतरा भी बढ़ गया है। बाढ़ के पानी से घिरे परिवार अब ऊंचे स्थानों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं। कई लोग अपने परिवार और मवेशियों के साथ बांध, पक्की सड़कों और सरकारी विद्यालयों में शरण ले रहे हैं। जलजमाव के कारण हैंडपंप डूब जाने से स्वच्छ पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो गई है। वहीं, घरों में पानी भरने के कारण खाना पकाना मुश्किल हो गया है और पशुपालकों के सामने मवेशियों के चारे की गंभीर समस्या है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराने की मांग की है। प्रभावित इलाकों में नाव, सूखा राशन, पेयजल और पॉलीथिन शीट उपलब्ध कराने की मांग की गई है। साथ ही टूटे छड़की बांध की तत्काल मरम्मत कर पानी के आगे फैलाव को रोकने की अपील की गई है।

# जिलाधिकारी एवं ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने रतनपुर डीही तटबंध का किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए देर शाम जिला पदाधिकारी कुमार गौरव एवं ग्रामीण पुलिस अधीक्षक द्वारा सरैया प्रखंड अंतर्गत रतनपुर डीही तटबंध का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने तटबंध की वर्तमान स्थिति, जलस्तर एवं बाढ़ से उत्पन्न परिस्थितियों का जायजा लिया तथा सुरक्षा एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित संबंधित पदाधिकारियों एवं अभियंताओं से तटबंध की स्थिति, संवेदनशील स्थलों तथा जल प्रवाह से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने तटबंध की लगातार निगरानी बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की क्षति अथवा कटाव की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सभी संबंधित विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में रहें। तटबंधों की नियमित निगरानी के साथ-साथ संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में मानव बल, आवश्यक संसाधन एवं बचाव सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से तत्काल निपटा जा सके। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की भी जानकारी ली। उन्होंने प्रभावित लोगों तक आवश्यक सहायता समय पर पहुंचाने, सामुदायिक रसोई के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने तथा पेयजल, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने भी तटबंध एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा पुलिस पदाधिकारियों को बाढ़ की स्थिति में स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि बाढ़ की स्थिति में जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ चौबीसों घंटे सतर्क रहते हुए स्थिति पर लगातार नजर रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# भीषण सड़क हादसा, ट्रक की टक्कर से ऑटो सवार दो दूध कारोबारियों की मौत

मुजफ्फरपुर। अहियापुर थाना क्षेत्र में गुरुवार की अहले सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में ऑटो सवार दो लोगों की मौत हो गई। हादसा सीआरपी कैंप के पास एनएच-77 स्थित सीतामढ़ी रोड पर हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने दूध लेकर लौट रहे ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। मृतकों की पहचान सीतामढ़ी जिले के कोरहिया गौसनगर गांव निवासी विक्रम कुमार (20) और प्रेम कुमार (35) के रूप में हुई है। विक्रम ऑटो चलाते थे। दोनों दूध के कारोबार से जुड़े थे और मुजफ्फरपुर शहर में दूध की सप्लाई करने आए थे। काम पूरा करने के बाद दोनों ऑटो से अपने गांव लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मोहम्मदपुर सीआरपी कैंप के पास पहुंचते ही एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर अहियापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। अहियापुर थानाध्यक्ष शरद कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर फरार ट्रक की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

## चुनाव आयोग पर विपक्ष का दबाव या 2027 की राजनीतिक तैयारी?

कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में 30 सितंबर को हुई इंडिया ब्लॉक की आठवीं बैठक के बाद विपक्ष ने चुनाव आयोग और विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर अपने आंदोलन का खाका सामने रखा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की और छह अक्टूबर को विपक्षी सांसदों द्वारा चुनाव आयोग के घेराव की घोषणा की। बैठक में 19 विपक्षी दलों के शामिल होने की बात सामने आई है। विपक्ष ने दो से आठ अक्टूबर तक जिला स्तर पर मार्च, अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में राष्ट्रपति से मुलाकात, पांच बड़ी रैलियां और एक नवंबर को दिल्ली में बड़ी रैली सहित कई कार्यक्रम तय किए हैं। बैठक का केंद्र एसआईआर, मतदाता सूची में बदलाव, ईवीएम-वीवीपैट और चुनाव आयोग की स्वतंत्रता रहा। खड़गे ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग को केंद्र सरकार की कठपुतली बना दिया गया है और मतदाता सूची में बदलाव के जरिए विपक्ष के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है। यह विपक्ष का राजनीतिक आरोप है, जिसे तथ्य के रूप में स्वीकार करने से पहले संबंधित प्रमाण और चुनाव आयोग का पक्ष देखना जरूरी है। चुनाव आयोग स्वयं एक स्वायत्त संवैधानिक संस्था है और देश में लोकसभा, राज्यसभा तथा विधानसभा चुनावों के संचालन की जिम्मेदारी उसके पास है। एसआईआर को लेकर विपक्ष जिस तरह लगातार अभियान चला रहा है, उससे स्पष्ट है कि मतदाता सूची का मुद्दा आने वाले चुनावों की राजनीति में बड़ा विषय बनने जा रहा है। विपक्ष का कहना है कि किसी वैध मतदाता का नाम हटाने से पहले उसे सूचना, कारण और अपील का अवसर मिलना चाहिए। दूसरी ओर चुनाव आयोग की मौजूदा व्यवस्था में मतदाता पंजीकरण, नाम में सुधार, आवेदन की स्थिति देखने और मतदाता सूची से संबंधित सेवाओं के लिए आधिकारिक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। आयोग के नागरिक सेवा पोर्टल पर नया मतदाता पंजीकरण करने के लिए फॉर्म-6 की सुविधा भी दी गई है। फॉर्म-6 को लेकर भी विपक्ष की ओर से सवाल उठाए गए हैं। वहीं चुनाव आयोग ने 30 सितंबर को उन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में अतिरिक्त घोषणा पत्र की आवश्यकता समाप्त करने की जानकारी दी, जहां एसआईआर पूरा हो चुका है या अभी शुरू नहीं हुआ है। ऐसे में इस मुद्दे पर राजनीतिक आरोपों के साथ-साथ वास्तविक प्रक्रिया को समझना भी जरूरी है। मतदाता सूची से जुड़ा कोई भी बदलाव कितना व्यापक है, कितने नाम जोड़े या हटाए गए और किन कारणों से कार्रवाई हुई, इसका राज्यवार आधिकारिक आंकड़ों के आधार पर विश्लेषण ही अधिक स्पष्ट तस्वीर दे सकता है। इंडिया ब्लॉक की बैठक में विपक्ष ने ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से मतदान कराने की मांग भी दोहराई। इसके साथ ही भविष्य के चुनावों में एसआईआर से पहले की मतदाता सूची इस्तेमाल करने, मतदाता सूची में बदलाव की जानकारी सार्वजनिक करने और चुनाव प्रक्रिया में संस्थागत जवाबदेही बढ़ाने की मांग रखी गई। ये विपक्ष की घोषित राजनीतिक मांगें हैं। इन मांगों पर अंतिम निर्णय चुनावी कानून, संवैधानिक व्यवस्था और सक्षम संस्थाओं की प्रक्रिया के अनुसार ही होगा। बैठक में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का शरद पवार गुट, शिवसेना का उद्धव ठाकरे गुट, राजद, वाम दलों सहित विभिन्न विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए। हालांकि आम आदमी पार्टी और प्रमुख बैठक में शामिल नहीं हुए। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव भी व्यक्तिगत रूप से बैठक में नहीं पहुंचे और उनकी जगह पार्टी के प्रतिनिधि शामिल हुए। इससे यह संकेत जरूर मिलता है कि इंडिया ब्लॉक के भीतर चुनाव आयोग के मुद्दे पर व्यापक राजनीतिक सहमति बनाने का प्रयास है, लेकिन सभी दलों की सक्रिय भागीदारी एक जैसी नहीं है। यहां सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इस बैठक से कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक को राजनीतिक रूप से क्या हासिल हुआ। विपक्ष को एक साझा मुद्दा जरूर मिला है, जिसके जरिए वह अलग-अलग राज्यों में अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को एक अभियान से जोड़ सकता है। छह सूत्री कार्यक्रम इसी रणनीति का हिस्सा दिखाई देता है। लेकिन आंदोलन की घोषणा और उसके राजनीतिक प्रभाव के बीच काफी अंतर होता है। किसी भी आरोप को जनता के बीच प्रभावी मुद्दा बनाने के लिए ठोस तथ्य, दस्तावेज और लगातार राजनीतिक संवाद की आवश्यकता होती है। विपक्ष द्वारा चुनाव आयोग को कठपुतली कहे जाने के बाद भाजपा की ओर से भी पलटवार किया गया है।

## नौसेना की मजबूती से आर्थिक सुरक्षा क्षेत्रीय स्थिरता और राष्ट्रीय शक्ति को मिलेगा आधार

कांतिलाल मांडोत

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और समृद्धि में समुद्री क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि समुद्र सुरक्षित है तो भारत सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता, पसंदीदा सुरक्षा भागीदार और विश्वास तथा विश्वसनीयता के प्रतीक के रूप में अपनी भूमिका लगातार मजबूत कर रहा है। बदलते वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत की समुद्री शक्ति केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की आर्थिक सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और रणनीतिक हितों से भी सीधे जुड़ी हुई है। रक्षा मंत्री ने 29 सितंबर को नई दिल्ली स्थित नौसेना भवन में भारतीय नौसेना के द्विवार्षिक कमांडर्स सम्मेलन 2026 के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक स्थिति और कार्यनीतिक जिम्मेदारी लगातार बढ़ रही है। दुनिया इस बदलाव को देख रही है। समुद्री क्षेत्र में बढ़ती गतिविधियों, भीड़भाड़, छल और संदिग्ध गतिविधियों के कारण परिस्थितियां पहले की तुलना में अधिक जटिल हुई हैं। ऐसे में भारतीय नौसेना को अपनी निगरानी और प्रतिक्रिया क्षमता को नए स्तर पर ले जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज समुद्र केवल व्यापार और आवागमन का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि किसी भी देश की रणनीतिक और आर्थिक शक्ति का महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। भारत का बड़ा हिस्सा व्यापार समुद्री मार्गों से जुड़ा हुआ है। ऊर्जा संसाधनों से लेकर आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति तक समुद्री मार्गों की सुरक्षा देश की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद जरूरी है। ऐसे में समुद्री सीमाओं की सुरक्षा मजबूत रखना भारत की आर्थिक प्रगति के लिए भी आवश्यक है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना की मौजूदगी अब केवल हिन्द महासागर तक सीमित नहीं है। भारतीय युद्धपोत दक्षिण चीन सागर, भूमध्य सागर और अटलांटिक महासागर तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। इससे भारत की समुद्री पहुंच और सैन्य क्षमता का प्रदर्शन होता है। यह उपस्थिति भारत के रणनीतिक हितों की रक्षा के साथ-साथ समुद्री क्षेत्र में सहयोगी देशों के साथ विश्वास मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रक्षा मंत्री ने भारतीय नौसेना को विकसित भारत 2047 के विजन की रणनीतिक आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है। इसके लिए देश की सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत बनाना होगा। जल, थल और नभ तीनों क्षेत्रों में मजबूत क्षमता किसी भी देश की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए आवश्यक होती है। जब इन तीनों क्षेत्रों में भारत अपनी क्षमताओं को मजबूत करेगा, तब देश की सुरक्षा और आत्मविश्वास दोनों बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की समुद्री सुरक्षा सीधे तौर पर देश की समृद्धि से जुड़ी हुई है। सुरक्षित समुद्री मार्गों से व्यापार सुचारु रहता है, ऊर्जा की आपूर्ति सुनिश्चित होती है और देश की आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलती है। इसके विपरीत समुद्री क्षेत्र में अस्थिरता का असर व्यापार, ऊर्जा और आपूर्ति व्यवस्था पर पड़ सकता है। इसलिए समुद्री सुरक्षा को राष्ट्रीय विकास की व्यापक रणनीति का हिस्सा मानना जरूरी है। हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत की भूमिका पिछले वर्षों में लगातार महत्वपूर्ण हुई है। भारत इस क्षेत्र के अनेक देशों के साथ सुरक्षा सहयोग, मानवीय सहायता और आपदा राहत के क्षेत्र में काम करता रहा है। किसी संकट के समय शीघ्र सहायता पहुंचाने की क्षमता भारत को क्षेत्रीय स्तर पर एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति के रूप में स्थापित करती है। नौसेना के अभियान केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं होते, बल्कि संकट के समय सहयोग और भरोसे का संदेश भी देते हैं। रक्षा मंत्री ने समुद्री निगरानी और प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करने पर भी जोर दिया। समुद्री क्षेत्र का विस्तार बहुत बड़ा है और यहां होने वाली प्रत्येक गतिविधि पर लगातार नजर रखना चुनौतीपूर्ण कार्य है। आधुनिक तकनीक, बेहतर सूचना तंत्र, निगरानी प्रणालियों और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता के माध्यम से इस चुनौती से निपटना जरूरी है। समुद्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की समय रहते पहचान और उसके अनुसार कार्रवाई राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

# सोशल मीडिया और सूचना युद्ध

इसमें झूठी खबर, आधी-अधूरी जानकारी, पुरानी तस्वीर या वीडियो को नई घटना से जोड़ना, किसी सही जानकारी को गलत संदर्भ में प्रस्तुत करना और लगातार किसी विशेष संदेश को लोगों तक पहुँचाना शामिल हो सकता है। इसका उद्देश्य हमेशा किसी इमारत या सैन्य ठिकाने को नुकसान पहुँचाना नहीं होता। कई बार इसका उद्देश्य लोगों के मन में भ्रम, डर, गुस्सा या अविश्वास पैदा करना होता है। सोशल मीडिया ने सूचना युद्ध को बहुत तेज कर दिया है। पहले किसी प्रचार को बड़े स्तर पर फैलाने के लिए अखबार, रेडियो, टेलीविजन या अन्य माध्यमों की आवश्यकता होती थी। आज एक मोबाइल फोन से तैयार किया गया वीडियो कुछ ही मिनटों में हजारों या लाखों लोगों तक पहुँच सकता है। लोग किसी संदेश को बिना उसकी सच्चाई जाँचे आगे भेज देते हैं। इस कारण गलत सूचना को रोकना कठिन हो जाता है।



**डॉ. सत्यवान सौरभ**
(लेखक)




आज सोशल मीडिया हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, व्हाट्सऐप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोग कुछ ही सेकंड में देश-दुनिया की जानकारी प्राप्त कर लेते हैं। सोशल मीडिया ने सूचना के आदान-प्रदान को आसान बनाया है, लेकिन इसके साथ कुछ गंभीर चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। अब सूचना का इस्तेमाल केवल लोगों को जानकारी देने के लिए नहीं, बल्कि उनकी सोच और भावनाओं को प्रभावित करने के लिए भी किया जा सकता है। इसी कारण सूचना युद्ध आज राष्ट्रीय सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। सूचना युद्ध का अर्थ है ऐसी सूचनाओं का इस्तेमाल करना, जिनके माध्यम से लोगों की सोच, भावनाओं, विश्वास और निर्णयों को प्रभावित किया जा सके। इसमें झूठी खबर, आधी-अधूरी जानकारी, पुरानी तस्वीर या वीडियो को नई घटना से जोड़ना, किसी सही जानकारी को गलत संदर्भ में प्रस्तुत करना और लगातार किसी विशेष संदेश को लोगों तक पहुँचाना शामिल हो सकता है। इसका उद्देश्य हमेशा किसी इमारत या सैन्य ठिकाने को नुकसान पहुँचाना नहीं होता। कई बार इसका उद्देश्य लोगों के मन में भ्रम, डर, गुस्सा या अविश्वास पैदा करना होता है। सोशल मीडिया ने सूचना युद्ध को बहुत तेज कर दिया है। पहले किसी प्रचार को बड़े स्तर पर फैलाने के लिए अखबार, रेडियो, टेलीविजन या अन्य माध्यमों की आवश्यकता होती थी। आज एक मोबाइल फोन से तैयार किया गया वीडियो कुछ ही मिनटों में हजारों या लाखों लोगों तक पहुँच सकता है। लोग किसी संदेश को बिना उसकी सच्चाई जाँचे आगे भेज देते हैं। इस कारण गलत सूचना को रोकना कठिन हो जाता है। भारत जैसे बड़े और विविध देश में यह चुनौती और महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत में अलग-अलग धर्मों, जातियों, भाषाओं और क्षेत्रों के लोग रहते हैं। यदि किसी समुदाय से जुड़ी झूठी या भड़काऊ जानकारी सोशल मीडिया पर फैलती है, तो उसका प्रभाव समाज में तनाव के रूप में दिखाई दे सकता है। किसी छोटी स्थानीय घटना को गलत तरीके से प्रस्तुत करके उसे धार्मिक या सामुदायिक रंग दिया जा सकता है। इससे लोगों के बीच अविश्वास बढ़ सकता है और कानून-व्यवस्था की स्थिति भी बिगड़ सकती है। सोशल मीडिया पर अफवाहों का प्रभाव कई बार बहुत गंभीर हो सकता है। किसी व्यक्ति पर गलत आरोप लगाने, किसी समुदाय के खिलाफ झूठी बात फैलाने या किसी घटना की गलत तस्वीर प्रस्तुत करने से भीड़ की भावनाएँ भड़क सकती हैं। ऐसी स्थिति में पुलिस और प्रशासन को अचानक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ता है। इसलिए संवेदनशील घटनाओं के समय सही और आधिकारिक जानकारी जल्दी उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है। सूचना युद्ध का एक नया रूप डीपफेक है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से किसी व्यक्ति के चेहरे और आवाज को बदलकर नकली वीडियो बनाया जा सकता है। देखने वाले को पहली नजर में यह वास्तविक लग सकता है। यदि किसी नेता, अधिकारी, सेना के अधिकारी या किसी प्रसिद्ध व्यक्ति के नाम से गलत वीडियो प्रसारित किया जाए, तो इससे लोगों में भ्रम पैदा हो सकता है। चुनाव, युद्ध, आतंकवादी घटना या किसी बड़े संकट के समय ऐसी सामग्री विशेष रूप से नुकसानदायक हो सकती है। सैन्य क्षेत्र में सूचना युद्ध की चुनौती और गंभीर हो जाती है। किसी सैन्य अभियान के दौरान सैनिकों की स्थिति, गतिविधियों, हथियारों या हताहतों से जुड़ी गलत जानकारी फैलाई जा सकती है। पुराने युद्ध के वीडियो को वर्तमान घटना का बताया जा सकता है। किसी नकली सैनिक वीडियो या झूठे बयान को वास्तविक बताकर लोगों के मनोबल को प्रभावित करने का प्रयास किया जा सकता है। इसलिए सुरक्षा से जुड़ी जानकारी को साझा करते समय विशेष सावधानी आवश्यक है। सूचना युद्ध का संबंध केवल भारत के अंदर की घटनाओं से नहीं है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सोशल मीडिया का इस्तेमाल किसी देश की छवि और नीतियों को प्रभावित करने के लिए किया जा सकता है। विभिन्न संगठन या विदेशी नेटवर्क किसी घटना को अपने हित के अनुसार प्रस्तुत कर सकते हैं। सीमा विवाद, आतंकवाद, कश्मीर, आंतरिक अशांति और अन्य संवेदनशील विषयों पर लगातार एक विशेष प्रकार की जानकारी फैलाकर अंतरराष्ट्रीय जनमत को प्रभावित करने की कोशिश की जा सकती है। सोशल मीडिया पर बॉट और नकली अकाउंट भी एक बड़ी चुनौती हैं। सामान्य व्यक्ति को लग सकता है कि किसी मुद्दे पर बहुत बड़ी संख्या में लोग एक जैसा विचार रख रहे हैं, जबकि वास्तव में कई अकाउंट एक ही समूह द्वारा चलाए जा सकते हैं। एक ही संदेश को बार-बार साझा करके उसे लोकप्रिय दिखाने की कोशिश की जा सकती है।

# भ्रष्टाचार पर शिकंजा या चलता है की संस्कृति?

सितंबर 2026 में उपलब्ध निगरानी ब्यूरो से संबंधित रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक 114 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी थी। इनमें 104 मामले ट्रैप से जुड़े थे और 104 आरोपियों को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था। इन कार्रवाइयों में करीब 37.48 लाख रुपये रिश्वत की राशि तथा एक वाशिंग मशीन बरामद होने की जानकारी दी गई। इससे पहले सितंबर के आरंभ में ही निगरानी ब्यूरो द्वारा 104 प्राथमिकी और 96 ट्रैप मामलों का आंकड़ा सामने आया था। यानि कुछ ही सप्ताह में ट्रैप मामलों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इन आंकड़ों को केवल भ्रष्टाचार की मौजूदगी का प्रमाण मानना भी उचित नहीं होगा।



**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
(लेखक)



भ्रष्टाचार के खिलाफ किसी भी सरकार की लड़ाई केवल कानून बनाने या जांच एजेंसियां खड़ी करने से पूरी नहीं होती है। असली सफलता तब मानी जाती है, जब सरकारी व्यवस्था में काम कराने के लिए आम नागरिक को रिश्वत देने की जरूरत महसूस न हो और सरकारी पद पर बैठा व्यक्ति अपने अधिकार का इस्तेमाल निजी लाभ के लिए करने से पहले कई बार सोचे। बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, विशेष निगरानी इकाई (रश्व), आर्थिक अपराध इकाई (एडव), पुलिस, आयकर तथा न्यायालय जैसी संस्थाएं अपने-अपने स्तर पर सक्रिय हैं। आय से अधिक संपत्ति के मामलों में छापेमारी, रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तारी और संपत्तियों की जांच लगातार होती रही है। राज्य सरकार की ओर से भी भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर दिया जाता रहा है। लेकिन यहीं से एक असहज प्रश्न पैदा होता है कि यदि व्यवस्था इतनी सक्रिय है तो भ्रष्टाचार का आकर्षण अभी समाप्त क्यों नहीं हुआ? सितंबर 2026 में उपलब्ध निगरानी ब्यूरो से संबंधित रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक 114 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी थी। इनमें 104 मामले ट्रैप से जुड़े थे और 104 आरोपियों को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था। इन कार्रवाइयों में करीब 37.48 लाख रुपये रिश्वत की राशि तथा एक वाशिंग मशीन बरामद होने की जानकारी दी गई। इससे पहले सितंबर के आरंभ में ही निगरानी ब्यूरो द्वारा 104 प्राथमिकी और 96 ट्रैप मामलों का आंकड़ा सामने आया था। यानि कुछ ही सप्ताह में ट्रैप मामलों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इन आंकड़ों को केवल भ्रष्टाचार की मौजूदगी का प्रमाण मानना भी उचित नहीं होगा। इसका दूसरा अर्थ यह भी है कि शिकायतों पर कार्रवाई की क्षमता और जांच तंत्र की सक्रियता मौजूद है। लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण प्रश्न है कि सामने आने वाले मामले भ्रष्टाचार की पूरी तस्वीर हैं या केवल उस हिस्से की, जो शिकायत, सत्यापन और ट्रैप के जरिए पकड़ में आता है। यहीं से समस्या की गहराई समझ में आती है। 28 सितंबर 2026 को पटना में एडीएम (आपूर्ति) रविंद्र कुमार दिवाकर और उनकी पत्नी, दानापुर की सब-रजिस्ट्रार कुमारी स्वीटी से जुड़े ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में निगरानी की कार्रवाई ने फिर चर्चा तेज कर दी है। रिपोर्टों के अनुसार पटना और बेगूसराय में तलाशी के दौरान नकदी, महंगी घड़ियां, आभूषण और संपत्ति एवं निवेश से जुड़े दस्तावेज मिले हैं। विभिन्न रिपोर्टों में बरामद नकदी की राशि अलग-अलग बताई गई है और तलाशी/मूल्यांकन की प्रक्रिया जारी होने की बात कही गई है। कुछ रिपोर्टों में 70 लाख रुपये से अधिक नकद और 48 घड़ियों का उल्लेख है, जबकि अन्य प्रारंभिक रिपोर्टों में अलग रकम बताई गई है। इसलिए अंतिम बरामदगी और संपत्ति का आधिकारिक आंकड़ा जांच पूरी होने के बाद ही निश्चित माना जाना चाहिए। निगरानी के अनुसार दंपती पर ज्ञात आय के स्रोत से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज है। यह आरोप है, अंतिम न्यायिक निष्कर्ष नहीं। संपत्ति के स्रोत, वैध आय और बरामद दस्तावेजों का सत्यापन जांच का हिस्सा है। लेकिन इस घटना ने समाज के सामने वही पुराना प्रश्न फिर खड़ा कर दिया है कि जिस व्यवस्था में अधिकारी और कर्मचारी जानते हैं कि निगरानी एजेंसियां सक्रिय हैं, वहां भ्रष्टाचार का जोखिम उठाने की मानसिकता आती कहां से है? भ्रष्टाचार का पहला और सबसे स्पष्ट कारण लालच है। जरूरत और लालच में अंतर है। जरूरत सीमित होती है। लालच की कोई सीमा नहीं होती। जिस व्यक्ति के पास सम्मानजनक वेतन, सामाजिक प्रतिष्ठा और परिवार चलाने के पर्याप्त साधन हो, यदि वह इसके बाद भी रिश्वत लेकर धन, जमीन, फ्लैट, गहने, महंगी गाड़ियां या दूसरी संपत्तियां जोड़ना चाहता है, तो समस्या केवल आर्थिक नहीं रह जाती है। वह मानसिकता का प्रश्न बन जाती है। आज समाज में सफलता को कई बार संपत्ति के प्रदर्शन से मापा जाने लगा है। बड़ा मकान, महंगी गाड़ी, शानदार जीवनशैली, महंगे मोबाइल और विदेश यात्राएं सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रतीक बनते जा रहे हैं। ऐसे वातावरण में सरकारी पद कुछ लोगों के लिए सेवा का माध्यम न रहकर अवसर बन जाता है। भ्रष्टाचार हमेशा नोटों की गड्डियों से शुरू नहीं होता है। कई बार वह तुलना से शुरू होता है। ह्लउसके पास इतना है, मेरे पास क्यों नहीं?ह्व ह्लउसने दो साल में मकान बना लिया, मैं पीछे क्यों रहूं?ह्व ह्लफलां अधिकारी के पास इतना पैसा है, मैं ईमानदार रहकर क्या कर रहा हूं?ह्व यही मानसिकता धीरे-धीरे व्यक्ति को उस सीमा तक ले जाती है जहां वह नियमों से समझौता करने लगता है। समस्या तब और गंभीर होती है जब समाज भी सवाल पूछने के बजाय सफलता के परिणाम को स्वीकार कर लेता है। धन कहां से आया? यह प्रश्न पीछे चला जाता है। धन कितना है? यह प्रश्न आगे आ जाता है। भ्रष्टाचार की चर्चा में एक दूसरा पक्ष भी सामने आता है वह है कथित ह्यचढ़ावाह्ण या सुविधा शुल्क। कई नागरिकों की शिकायत रहती है कि बिना पैसे दिए फाइल आगे नहीं बढ़ती है, प्रमाणपत्र जल्दी नहीं बनता है, निरीक्षण में राहत नहीं मिलती है या काम कराने के लिए कई स्तरों पर अनौपचारिक भुगतान करना पड़ता है। लेकिन यहां अंतर करना जरूरी है। यदि किसी कर्मचारी या अधिकारी द्वारा रिश्वत की मांग की जाती है तो उसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। दूसरी ओर, नागरिकों द्वारा स्वयं नियम तोड़ने, लाइन से बचने, अवैध काम कराने या जल्दी लाभ लेने के लिए पैसे की पेशकश करना भी इसी चक्र को मजबूत करता है। अर्थात भ्रष्टाचार की श्रृंखला में केवल लेने वाला ही नहीं, देने वाला तंत्र भी कभी-कभी सहभागी बन जाता है। हमारा समाज कई क्षेत्रों में शॉर्टकट खोजने लगा है। लंबी प्रक्रिया से बचना है तो पैसा दीजिए। नियम पूरा नहीं करना है तो पैसा दीजिए। योग्यता की जगह प्रभाव चाहिए तो सिफारिश खोजिए। कानून की प्रक्रिया से बचना है तो कोई रास्ता निकालिए। जब नागरिक और व्यवस्था दोनों शॉर्टकट स्वीकार करने लगते हैं तो भ्रष्टाचार केवल सरकारी कार्यालय की समस्या नहीं रहता है। वह सामाजिक व्यवहार बन जाता है। इसीलिए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई केवल निगरानी विभाग की लड़ाई नहीं हो सकती है।

# गांधी का सिर्फ नाम जपने की नहीं, गांधी को जीने की जरूरत है

उनका पहनावा, खान-पान, रहन-सहन और व्यक्तिगत जरूरतें अत्यंत सीमित थीं। एक साधारण धोती में उनका जीवन बिताना कोई दिखावा नहीं था। यह देश के गरीब और वंचित लोगों के साथ उनकी एकात्मता का प्रतीक था। वे श्रम की गरिमा में विश्वास करते थे और स्वयं भी शारीरिक श्रम करते थे। आज के उपभोक्तावादी दौर में गांधी का यह जीवन-दर्शन विशेष रूप से प्रासंगिक है। बाजार हमारी जरूरतों और इच्छाओं के बीच का अंतर लगातार मिटा रहा है।



**ब्रह्मानन्द ठाकुर**
(लेखक)



आज महात्मा गांधी की 157वीं जयंती है। देश भर में इस दिन जयंती समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। गांधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण होगा, उनके योगदान को याद किया जाएगा और उनके बताए रास्ते पर चलने के संकल्प लिए जाएंगे। भाषण होंगे, गांधी के विचारों की चर्चा होगी। कल से फिर सब अपनी-अपनी तरह से जीना शुरू कर देंगे। ऐसे में गांधी जयंती एक यक्ष प्रश्न देश के सामने रखती है कि क्या गांधी जयंती हमारे लिए केवल उनको स्मरण करने भर के लिए समारोह आयोजित करने का दिन हैं, या उनके जीवन-मूल्यों को अपनाने का संकल्प लेने का भी दिन है? गांधी को समझने के लिए उनके विचारों और भाषणों से अधिक उनके सादगी भरे जीवन को देखना होगा। यहां यह रेखांकित करना जरूरी लगता है कि वे किसी को कोई सलाह देने से पहले खुद उसपर अमल भी करते थे। अपरिग्रह उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण सिद्धांत था।जिसका वे आजीवन पालन करते रहे ।उनका मानना था कि मनुष्य को प्रकृति और समाज से उतना ही लेना चाहिए, जितना उसकी वास्तविक जरूरत है। उनका संदेश था कि सुखी जीवन जीने के लिए हम अपनी जरूरतें कम करें।आवश्यकता से अधिक संग्रह दूसरों के वाजिब हक पर कब्जे की अमानवीय प्रवृत्ति को जन्म देता है। गांधी ने इस सिद्धांत को अपने जीवन में उतारने का प्रयास किया। इसमें वे सफल रहे। उनका पहनावा, खान-पान, रहन-सहन और व्यक्तिगत जरूरतें अत्यंत सीमित थीं। एक साधारण धोती में उनका जीवन बिताना कोई दिखावा नहीं था। यह देश के गरीब और वंचित लोगों के साथ उनकी एकात्मता का प्रतीक था। वे श्रम की गरिमा में विश्वास करते थे और स्वयं भी शारीरिक श्रम करते थे। आज के उपभोक्तावादी दौर में गांधी का यह जीवन-दर्शन विशेष रूप से प्रासंगिक है। बाजार हमारी जरूरतों और इच्छाओं के बीच का अंतर लगातार मिटा रहा है। अधिक उपभोग को सुख और अधिक संग्रह को सफलता का पर्याय माना जा रहा है। ऐसे समय में गांधी का अपरिग्रह यह बुनियादी सवाल खड़ा करता है कि विकास किसके लिए और किस कीमत पर हो रहा है? गांधी की एक दूसरी बड़ी विशेषता थी–कथनी और करनी में एकरूपता। वे स्वच्छता की बात करते थे तो स्वयं सफाई करते थे। श्रम की प्रतिष्ठा की बात करते थे तो श्रम से पीछे नहीं हटते थे। छुआछूत का विरोध केवल भाषणों तक सीमित नहीं था। सत्य और अहिंसा उनके लिए नारे नहीं, बल्कि सार्वजनिक जीवन और राजनीतिक संघर्ष के साधन थे।यही वह पक्ष है, जो गांधी को एक ऊंचा नैतिक व्यक्तित्व प्रदान करता है।गांधी की साम्प्रदायिकता संबंधी अवधारणा भी इसी नैतिक दृष्टि से जुड़ी थी। वे धर्म को मनुष्य के निजी और आध्यात्मिक जीवन का महत्वपूर्ण आधार मानते थे, लेकिन धर्म के नाम पर घृणा और हिंसा ! को स्वीकार नहीं करते थे। उनके लिए हिंदू-मुस्लिम एकता स्वतंत्र भारत की बुनियादी शर्त थी। साम्प्रदायिक हिंसा के दौर में उन्होंने दोनों समुदायों से एक-दूसरे के प्रति विश्वास और संयम बरतने की अपील की। 1947 में बिहार में उनके प्रवास के दौरान मुस्लिम लीग के नेताओं से बातचीत और साम्प्रदायिक हिंसा के विरुद्ध शांति की अपीलें इसी प्रयास का हिस्सा थीं। गांधी की दृष्टि में धर्म मनुष्यों को जोड़ने वाला नैतिक आधार होना चाहिए, राजनीतिक वर्चस्व और घृणा का हथियार नहीं। यही कारण था कि विभाजन की त्रासदी और साम्प्रदायिक हिंसा के दिनों में वे सत्ता और उत्सव से दूर हिंसा की आग में झुलस रहे लोगों के बीच दिखाई दिए। उनकी यह भूमिका बताती है कि साम्प्रदायिक सद्भाव उनके लिए कोई औपचारिक नारा नहीं, बल्कि जीवन-मरण का प्रश्न था। उनके लेखन और सार्वजनिक हस्तक्षेपों में हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रश्न लगातार उपस्थित रहा। लेकिन गांधी को समझने का अर्थ उन्हें आलोचना से परे रखना नहीं है।गांधी ईमानदार और सत्यनिष्ठ थे, किंतु समाज के ऐतिहासिक विकास में मौजूद वर्ग-विभाजन और वर्गीय हितों के अंतर्विरोध को वे उस रूप में नहीं देख पाए, जिस रूप में मार्क्सवादी वैज्ञानिक दर्शन देखता है। समाज केवल व्यक्तियों का समूह नहीं होता। उत्पादन के साधनों और संसाधनों पर नियंत्रण के आधार पर उसमें शोषक और शोषित दो वर्ग पैदा हुआ है। जिनके पास संपत्ति और उत्पादन के साधनों पर अधिकार है,वे शोषक हैं और जो अपनी जीविका के लिए श्रम बेचने को विवश हैं, वे शोषित हैं।इन दोनों वर्गों के परस्पर हित समान नहीं हो सकते। इसलिए वर्ग संघर्ष अनिवार्य है। गांधी वर्ग-संघर्ष के बजाय वर्गों के बीच समन्वय, नैतिक परिवर्तन और ट्रस्टीशिप के माध्यम से सामाजिक समरसता का रास्ता खोजते रहे।यही गांधी चूक गये। फिर भी उनकी चिंतन की इस सीमा के कारण गांधी के नैतिक व्यक्तित्व और ऐतिहासिक महत्व को खारिज नहीं किया जा सकता। उनकी खूबियों और सीमाओं–दोनों को समझना जरुरी है। गांधी को देवता बनाकर देखने के बजाय एक ऐसे ऐतिहासिक व्यक्तित्व के रूप में देखने- समझने की जरूरत है , जिसने अपने विचारों के अनुरूप जीवन जीने का कठिन प्रयास किया। विडंबना यह है कि गांधी की चर्चा आज सार्वजनिक जीवन काफी हो रही है, लेकिन उनके जीवन-मूल्यों की उपस्थिति व्यक्ति और समाज में कहीं नहीं दिखाई देती। उनकी तस्वीर मुद्रा पर है, प्रतिमाएं चौराहों पर हैं और उनका नाम भाषणों में है। मगर सादगी, अपरिग्रह, श्रम का सम्मान, सत्यनिष्ठा और साम्प्रदायिक सद्भाव हमारे निजी और सार्वजनिक आचरण में कितनी जगह बना पाए हैं ?यही आज गांधी जयंती पर सबसे बड़ा सवाल है। गांधी को याद करने की औपचारिकता से आगे बढ़कर उनके जीवन से उन मूल्यों को चुनना होगा, जो आज भी मनुष्य और समाज को बेहतर बनाने की क्षमता रखते हैं। उनकी आलोचना हो, असहमति हो, लेकिन उनके नैतिक साहस और आत्मसंयम की अनदेखी न हो। गांधी की प्रतिमा पर फूल चढ़ाना आसान है; अपनी जरूरतों को सीमित करना कठिन। गांधी का नाम लेना आसान है; सत्य, सादगी और साम्प्रदायिक सद्भाव को जीवन में उतारना कठिन। इसलिए गांधी जयंती पर सबसे सार्थक प्रश्न यही है कि हम गांधी को कितना याद करते हैं नहीं, बल्कि उनके जीवन से कितना सीखते हैं। इसलिए अब गांधी को जपने की नहीं, जीने की जरूरत है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 02 अक्टूबर, 2026



# बाढ़ प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य विभाग की मुस्तैदी, मेडिकल टीमों ने संभाला मोर्चा

- कैंप लगाकर ग्रामीणों की हो रही स्वास्थ्य जांच
- निःशुल्क दवा वितरण के साथ जरूरी परामर्श
- बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं पर विशेष नजर



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सारण जिले में गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि के बाद अमनौर, मकेर, पानापुर और तरैया प्रखंड के कई गांव बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित रखने और उन्हें समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ स्वास्थ्य विभाग भी पूरी मुस्तैदी से जुटा है। प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल टीमों की तैनाती कर लगातार स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच के साथ आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया जा रहा है और जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवाओं का वितरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें जीवन रक्षक एवं आवश्यक दवाओं के साथ बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंच रही हैं। टीम के सदस्य शिविरों में पहुंचकर लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं तथा बीमार लोगों की जांच कर उन्हें उपचार एवं दवा उपलब्ध करा रहे हैं। बाढ़ के दौरान जलजनित बीमारियों, सर्दी-जुकाम, बुखार, त्वचा संबंधी समस्या सहित अन्य संभावित स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर भी लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

**बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान:** बाढ़ की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया है। गर्भवती महिलाओं की अलग से लाइन लिस्ट तैयार की जा रही है, ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें समय पर चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा सके। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच, पोषण और सुरक्षित प्रसव से संबंधित आवश्यक परामर्श भी दिया जा रहा है।

**चार प्रखंडों में कई मेडिकल टीमें सक्रिय:** जिला स्वास्थ्य समिति का डीपीएम अरविंद कुमार ने बताया कि वर्तमान में मकेर प्रखंड में दो अस्थायी मेडिकल टीमों के साथ तीन मोबाइल मेडिकल टीमें सक्रिय हैं। वहीं अमनौर में दो, तरैया में चार और पानापुर में छह मेडिकल टीमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं। पानापुर में तैनात छह टीमों में दो मोबाइल टीमें भी शामिल हैं, जो जरूरत के अनुसार अलग-अलग प्रभावित इलाकों में पहुंचकर लोगों की जांच कर रही हैं। स्वास्थ्य विभाग ने आने वाले दिनों में भी टीमों की संख्या बढ़ाकर स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने की तैयारी की है। शुक्रवार से मकेर प्रखंड में पांच, अमनौर में पांच, तरैया में चार और पानापुर में छह मेडिकल टीमें सक्रिय रूप से कार्य करेंगी। इन टीमों के माध्यम से बाढ़ प्रभावित गांवों में लगातार स्वास्थ्य जांच, दवा वितरण और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श की व्यवस्था जारी रहेगी।

**आपात स्थिति के लिए भी स्वास्थ्य विभाग तैयार:** सिविल सर्जन डॉ राजकुमार चौधरी ने बताया कि बाढ़ के दौरान किसी भी तरह की स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीमों को आवश्यक एवं जीवन रक्षक दवाओं के साथ तैयार रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य प्रभावित आबादी तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है, ताकि बाढ़ के बीच किसी भी व्यक्ति को इलाज या आवश्यक दवाओं के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े। डीपीसी रमेश चंद्र कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से राहत एवं बचाव अभियान के साथ स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों की भी लगातार निगरानी की जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति के अनुसार मेडिकल टीमों की तैनाती और उनकी संख्या में आवश्यक बदलाव किया जा रहा है। इससे बाढ़ प्रभावित लोगों को उनके आसपास ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है।

## सारण जिले में बाढ़ की स्थिति पर प्रशासन की सतत निगरानी

छपरा सदर। एन एच 722 पर बाढ़ का पानी आ जाने के बाद जिलाधिकारी सारण वैभव श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक सारण रोशन कुमार स्वयं नाव से मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान का नेतृत्व एवं निगरानी कर रहे हैं तथा पानी में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की कार्रवाई में प्रत्यक्ष रूप से शामिल हैं। इसी क्रम में मकेर प्रखंड के बाढ़ प्रभावित पंचायतों से भी बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित निष्क्रमण कराया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। संबंधित पदाधिकारियों, एन डी आर एफ ,एस डी आर एफ टीमों एवं अन्य बचाव दलों को सक्रिय रखा गया है तथा आवश्यकता के अनुसार राहत एवं बचाव कार्यों को तत्काल संचालित किया जा रहा है। जिला प्रशासन की प्राथमिकता प्रभावित एवं पानी में फंसे प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना है।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सतत निगरानी के साथ राहत एवं बचाव कार्य जारी

छपरा सदर। सारण जिले के बाढ़ प्रभावित प्रखंडों में जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार कड़ी निगरानी एवं चौकसी रखी जा रही है। सभी संबंधित पदाधिकारी एवं टीमें क्षेत्र में सक्रिय रहकर स्थिति का लगातार अनुश्रवण कर रहे हैं तथा आवश्यकता के अनुरूप तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। माइकिंग के माध्यम से लगातार लोगों को सचेत एवं जागरूक किया जा रहा है। जलस्तर एवं स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए लोगों को आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी जा रही है तथा सुरक्षित स्थानों पर जाने की आवश्यकता होने पर समय पर सूचना उपलब्ध कराई जा रही है। आवश्यकता के अनुसार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर इवेक्युएट भी किया जा रहा है। प्रभावित परिवारों को आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। सुरक्षित आवागमन एवं निकासी के लिए नावों का परिचालन किया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्रों में कम्युनिटी किचन का संचालन, मेडिकल कैंपों के माध्यम से चिकित्सा सुविधा तथा मवेशियों के उपचार के लिए पशु चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि पैनिक न करें और अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन द्वारा आवश्यक राहत, बचाव एवं सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। लोग प्रशासन द्वारा जारी सूचनाओं का पालन करें, प्रशासन का सहयोग करें तथा उपलब्ध कराई जा रही राहत एवं अन्य सुविधाओं का लाभ लें। संकट की इस घड़ी में जिला प्रशासन प्रभावित लोगों के साथ पूरी तरह खड़ा है। लोगों की सुरक्षा एवं उन्हें हर संभव राहत उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी लगातार तत्परता से कार्य कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### गंडक का बांध टूटने से इसुआपुर के लोगों में भी बाढ़ का डर व्याप्त

इसुआपुर। गंडक नदी का बांध टूटने से तरैया, पानापुर, अमनौर और बैकुंठपुर क्षेत्र के कई गांवों में पानी फैल गया है। बाढ़ का पानी गांवों तक पहुंचने से आसपास के इलाकों में भी चिंता बढ़ गई है। पानी के लगातार फैलाव को देखते हुए इसुआपुर प्रखंड में भी बाढ़ का पानी पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। इससे प्रखंड क्षेत्र के निचले इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, यदि पानी का बहाव इसी तरह जारी रहा तो इसुआपुर के कई गांव इसकी चपेट में आ सकते हैं। खासकर निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को बाढ़ की चिंता सता रही है। लोग नदी और पानी के बहाव की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। संभावित खतरे को देखते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि समय रहते आवश्यक तैयारी की जाए, ताकि पानी आने की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके। साथ ही प्रशासन से नाव, राहत सामग्री और अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था रखने की मांग की गई है।

### सारण के तरैया में बाढ़ के बीच दो जंगली जानवर दिखने से दहशत

तरैया। सारण के तरैया प्रखंड के शामपुर राजवाड़ा गांव में गंडक नदी के पानी के साथ तेंदुआ आने की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि वाल्मीकि नगर के जंगल से बहकर तेंदुआ गंडक नदी के पानी के साथ गांव तक पहुंचा है। ग्रामीणों के मुताबिक, तेंदुआ फिलहाल एक पेड़ पर छिपा हुआ है, जिसके बाद इलाके में दहशत का माहौल है। तेंदुए को देखने के लिए मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुटने की सूचना है। वन विभाग और प्रशासन को इसकी सूचना दे दी गई है। लोगों से सावधानी बरतने और तेंदुए के करीब नहीं जाने की अपील की जा रही है। सूचना मिलने के बाद मसरख वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया. क्षेत्र में बाढ़ का पानी फैला होने के कारण वन विभाग की टीम को संबंधित स्थान तक पहुंचने में परेशानी हो रही है. जानवर को सुरक्षित पकड़ने के लिए नाव और मोटर बोट की व्यवस्था करने में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जुटे हुए हैं

### दिघवारा में सड़क किनारे अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

दिघवारा। थाना क्षेत्र के छपरा-हाजीपुर मुख्य मार्ग पर शीतलपुर-पिरगंज के समीप गुरुवार को सड़क किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही दिघवारा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन देर तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक के पेट पर चाकू से वार किए जाने जैसे तीन-चार जख्म पाए गए हैं। शव की स्थिति को देखते हुए प्रथमदृष्टया आशंका जताई जा रही है कि युवक की कहीं और हत्या करने के बाद शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से सड़क किनारे फेंका गया हो। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छपरा भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और मृतक की पहचान के साथ घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## बांध टूटने के बाद सांसद ने लिया जायजा



- बांध टूटने से पानापुर में मची अफरा-तफरी, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने लिया जायजा

प्रात : किरण संवाददाता

पानापुर (सारण)। प्रखंड क्षेत्र के वृत्त भगवानपुर के समीप गंडक नदी के बांध टूटने से गुरुवार को पानापुर में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। बांध टूटने के बाद तेजी से फैल रहे बाढ़ के पानी को देखते हुए बड़ी संख्या में लोग सुरक्षित स्थानों की ओर जाने लगे हैं। पानापुर के कई इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने की सूचना है।घटना की जानकारी मिलने के बाद महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल मौके पर पहुंचे और बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय लोगों से स्थिति की जानकारी ली तथा प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का आश्वासन दिया। सांसद ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य तेज करने, प्रभावित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासन से बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने को कहा।बांध टूटने के बाद पानापुर के साथ आसपास के क्षेत्रों में भी बाढ़ का पानी फैलने से लोगों में दहशत का माहौल है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सारण के प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा सदर। अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार सारण के प्रांगण में गुरुवार को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का विधिवत उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सारण अनंत कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन के उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित अनुराग कुमार त्रिपाठी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय सारण; श्रीमती स्मिता राज, विशेष पॉक्सो न्यायाधीश; अन्य न्यायिक पदाधिकारियों एवं कर्मियों को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का वास होता है। न्यायिक कार्यप्रणाली से जुड़े लोगों के साथ-साथ आम जनता के लिए भी स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के सामाजिक व स्वास्थ्य संबंधी जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के आयोजन की सराहना की। शिविर में विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार तथा मुख्य लीगल एड डिफेंस काउंसिल पूर्णेन्दु रंजन विशेष रूप से उपस्थित रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिविर के सफल संचालन में अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर के दौरान न्यायिक पदाधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं तथा आम नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें रक्तचाप, शुगर, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक चिकित्सीय परामर्श निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी, कर्मचारी, पैनल अधिवक्ता एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे

## बाढ़ प्रभावित आबादी के सुरक्षित निष्क्रमण एवं आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था

छपरा कार्यालय। आपदा की इस कठिन घड़ी में जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों से लगातार आबादी का सुरक्षित निष्क्रमण कर लोगों को सुरक्षित स्थानों एवं राहत केंद्रों तक पहुंचाया जा रहा है। प्रभावित परिवारों के लिए भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही लोगों के स्वास्थ्य की निरंतर देखभाल एवं निगरानी के लिए मेडिकल कैंप एवं चिकित्सा दल सक्रिय हैं, जहां आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि प्रभावित नागरिकों तक समय पर आवश्यक राहत, स्वास्थ्य सुविधा एवं मूलभूत सहूलियतें पहुंचती रहें।

## आवास की आस में महिलाएं परेशान, परसा पूर्वी पंचायत में प्रक्रिया पर उठे सवाल

प्रात : किरण संवाददाता

सारण जिले के एकमा प्रखंड की परसा पूर्वी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर कई महिलाओं ने गंभीर सवाल उठाए हैं। महिलाओं का आरोप है कि आवास योजना के लाभार्थियों के चयन को लेकर आयोजित आमसभा की उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर लाभार्थियों की सूची भी सार्वजनिक नहीं की गई है।

## स्वास्थ्य शिविर, वृक्षारोपण व कम्बल वितरण 10 अक्टूबर को होगा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। युवा क्रांति रोटी बैंक के द्वारा आज प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजन कर 8 साल बेमिसाल 10 अक्टूबर को हर शाम जरुररमंदो के नाम से सालो भर छपरा शहर में लोगों को भोजन वितरण करने के साथ छपरा वासियों के लिए स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, सरकारी कैंपसों में वृक्षारोपण, कपड़ा,कंबल वितरण का कार्यक्रम होते रहता है हर साल की तरह इस साल भी सप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 5 अक्टूबर को ब्लड डोनेशन कपड़ा वितरण,सदर अस्पताल में फल वितरण, मेडिकल कैंप का आयोजन,वृक्षारोपण व 10 अक्टूबर को युवा क्रांति रोटी बैंक की आठवां वर्षगांठ वृंदावन पैलेस छपरा में होना सुनिश्चित हुआ है, इस कार्यक्रम की जानकारी युवा क्रांति रोटी बैंक संस्थापक ई० विजय राज ने प्रेस वार्ता में दी।

## बाघाकोल में गंडक का बांध टूटा, गांव में घुसा पानी, पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण के मकेर थाना क्षेत्र के बाघाकोल गांव से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां सुबह करीब 8 बजे गंडक नदी का बांध टूटने के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। ग्रामीणों के मुताबिक, यह बांध काफी पुराना है और अंग्रेजों के समय बनाया गया था। बांध में बनी एक छोटी पुलिया की हाल ही में मरम्मत कराई गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि मरम्मत के बाद से ही वहां से धीरे-धीरे पानी का रिसाव हो रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते रिसाव पर ध्यान देकर आवश्यक कार्रवाई की जाती, तो शायद आज बांध टूटने की नौबत नहीं आती। बांध टूटने के बाद गंडक नदी का पानी तेजी से गांव की ओर फैलने लगा, जिससे कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। हालात बिगड़ने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने जरूरी सामान लेकर सड़क पर शरण लेने को मजबूर हैं। वहीं, लोग अपने मवेशियों को भी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में जुटे हुए हैं। बांध टूटने से ग्रामीणों में आक्रोश के साथ-साथ दहशत और चिंता का माहौल है। कई परिवार अपने घर और सामान को छोड़कर सुरक्षित स्थान की तलाश में जुटे हुए हैं। इधर, मौके पर पहुंचे विपक्षी दल के नेता और आरजेडी के जिला अध्यक्ष सुनील राय ने भी बांध टूटने की स्थिति को लेकर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि( बाइट )उन्होंने प्रशासन से तत्काल मौके पर पहुंचकर बांध की मरम्मत कराने और प्रभावित लोगों को राहत उपलब्ध कराने की मांग की। सबसे बड़ी चिंता इस बात को लेकर है कि अगर समय रहते टूटे हुए बांध की मरम्मत नहीं कराई गई और पानी के बहाव को नहीं रोका गया, तो गंडक नदी का पानी और दूर तक फैल सकता है। इससे आसपास के कई और इलाकों में जलभराव और नुकसान की स्थिति पैदा होने की आशंका है। फिलहाल ग्रामीण प्रशासन से जल्द से जल्द टूटे हुए बांध की मरम्मत कराने, पानी के फैलाव को रोकने और प्रभावित लोगों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन की ओर से इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए कितनी तेजी से कार्रवाई की जाती है।

## मक्के को तोड़ने के विवाद में वृद्ध को पीट-पीटकर जख्मी, पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत, रनपट्टी में तनाव

प्रात : किरण संवाददाता



मांझी। मांझी थाना क्षेत्र के चेफुल पंचायत के रनपट्टी गांव में बटाई के मक्के को तोड़ने के विवाद में बीते शनिवार की शाम एक वृद्ध को पीट-पीटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया, जिसकी गुरुवार को ढटउल्ल पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई. परिजनों का आरोप है की स्थानीय सुमित कुमार सिंह उर्फ दरोगा सिंह ने अपने ही दरवाजे पर वृद्ध भगवान महतो को रॉड से मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया.

बटाई में बोया था मक्का, तोड़वा लिया तो पूछने गए थे वृद्धः जानकारी के अनुसार वृद्ध भगवान महतो ने आरोपी सुमित कुमार सिंह उर्फ दरोगा सिंह के खेत को बटाई पर लेकर उसमें मक्का बोया था. आरोप है कि तैयार मक्का को आरोपी सुमित कुमार सिंह उर्फ दरोगा सिंह ने तोड़वा लिया. जिसके बाद बीते शनिवार 26 सितंबर की शाम करीब 6 बजे वृद्ध भगवान महतो इसी बात को पूछने के लिए आरोपी के दरवाजे पर गए थे कि बटाई का मक्का क्यों तोड़वा लिया. मृतक की पत्नी चंद्रावती देवी द्वारा थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार, इसी बात पर आरोपी सुमित कुमार सिंह उर्फ दरोगा सिंह नाराज हो गया और गाली-गलौज करने लगा. जब वृद्ध भगवान महतो ने कहा कि पैसा किस बात का दूं और मक्का क्यों तोड़ा, तो आरोपी ने आगबबूला होकर वहीं पड़ा लोहे का रॉड उठा लिया और वृद्ध भगवान महतो के सिर पर पीछे से हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया. हमले में सिर फट गया और वृद्ध खून से लथपथ होकर वहीं बेहोश होकर गिर पड़े. शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े और बीच-बचाव कर वृद्ध की जान बचाई. क्लिनिक से सदर, फिर PMCH - नहीं बच सके वृद्धः घटना के बाद परिजन आनन-फानन में गंभीर रूप से जख्मी वृद्ध भगवान महतो को स्थानीय क्लिनिक ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया. सदर में भी हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने ढटउल्ल पटना भेज दिया. जहां छह दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद गुरुवार को इलाज के दौरान जख्मी वृद्ध भगवान महतो ने दम तोड़ दिया. मृतक गांव पर रहकर करते थे खेती-बारी, दोनों बेटे पंजाब में करते हैं प्राइवेट नौकरी जानकारी के अनुसार जख्मी वृद्ध भगवान महतो गांव पर रहकर ही खेती-बारी करते थे. उनके दो विवाहित पुत्र हैं - मंतोष कुमार महतो और अशोक कुमार महतो, जो दोनों पंजाब में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं और फिलहाल गांव पर ही हैं. मौत की खबर सुनते ही पत्नी चंद्रावती देवी सहित दोनों पुत्रों और पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है. गांव में मातम पसरा हुआ है. ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी सुमित कुमार सिंह उर्फ दरोगा सिंह शराब तस्करी के धंधे में लिप्त है और गांव में उसकी दहशत है. 112 पर कॉल कर ताजपुर पुल पर बुलाने का आरोपपरिजनों ने आरोप लगाया कि घटना के बाद 112 पर कॉल किया गया तो पुलिस द्वारा उन्हें ताजपुर पुल पर बुलाया गया. परिजनों ने इस लापरवाही पर नाराजगी जताई है.

## पितृपक्ष में गांव से सहर तक तर्पण

डोरीगंज। आश्विन कृष्णपक्ष प्रतिपदा से शुरू होकर अमवश्या तक चलने वाले पितृदेव की आराधना और तर्पण आम से खास तक करते नजर आ रहे है। गांव हो या सहर सभीं जगह अपने पीतरों को प्रसन्न करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए गांव से सहर तक सनातन धर्मावलंवियो को देखा जा सकता है।शास्त्रीय मतानुसार पितृ तर्पण करने से अर्थ,धर्म काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है।इसके सांथ पितृदोष भींकम होता है। आमी गंगातट पर प्रातःकाल से हीं अपने पितृदेव को तर्पण करने वाले आस-पास के लोग और दूर दराज के श्रद्धालु देखे जा सकते हैं। यहा गंगा के उत्तरायण होने से तर्पण का विशेष महत्व बताया गया है।ऐसा माना जाता है कि पितृपक्ष मे मनुष्यके पितर पंद्रह दिनों के लिए देव लोक को छोड़करधरती पर आते है।जो लोग पितृदेव का तर्पण नहीं करते उनके पितृ प्यासे ही धरती से लौट जाते है।आमी मंदिर के पूजेरी लक्ष्मीश्वर तिवारी, राजेश, तिवारी,चंदन,रामसागर राम, रमेश यादव,संतोष सिंह,सुरेश तिवारी,अभिनव मिश्र,शिकं जा सिंह,सुनील महतो, शिव साह, भुवन प्रसाद,शशिरंजन सिंह आदि ने बताया की हर जाति के प्रत्येक पुत्र को पितृ तर्पण जरुर करना चाहिए। जिनको तिथि याद न हो वह आमश्या को तर्पण कर अपने पितृदेव की कृपा प्राप्त करें।

## सांसद के निर्देश पर बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे राकेश सिंह, राहत सामग्री व भोजन का किया वितरण



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सांसद राजीव प्रताप रूडी के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह ने सारण जिले के दरियापुर प्रखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री एवं भोजन के पैकेट का वितरण किया। भजपा नेता राकेश सिंह ने परसा के पुनीत साह के पिरिकिया दुकान व नीलकमल कपड़ा दुकान के सहयोग से बारवे, मगरपाल, दरिहरा, कोंहवा सहित कई गांवों का दौरा कर बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा जरूरतमंद परिवारों के बीच राहत सामग्री और भोजन के पैकेट उपलब्ध कराए।इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह ने कहा कि बाढ़ की इस कठिन परिस्थिति में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा रहना हमारी प्राथमिकता है। सांसद राजीव प्रताप रूडी के निर्देश पर लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की जानकारी ली जा रही है और जरूरतमंद लोगों तक हरसंभव सहायता पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण कई गांवों में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में भोजन, राहत सामग्री और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना जरूरी है। उन्होंने स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया कि प्रभावित परिवारों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।राहत सामग्री एवं भोजन का पैकेट मिलने पर बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों ने राहत कार्य में सहयोग के लिए सांसद राजीव प्रताप रूढ़ि का आभार जताया। इस दौरान पूर्व मुखिया हरि सहनी,सौरव रंजन,भाजपा नेता चंदन सिंह,सीटू सिंह,सहित दर्जनों स्थानीय कार्यकर्ता एवं ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## पानापुर में बाढ़ के पानी में डूबने से दो युवकों की मौत

पानापुर (सारण )प्रखंड में आयी बाढ़ ने पहले ही दिन दो युवकों की जीवन लीला छीन ली।बाढ़ के पानी में डूबने से दो युवकों की मौत हो गयी वही दो युवकों को ग्रामीणों ने बचा लिया। मृत युवक खजुरी गांव निवासी मंजय कुमार का 17 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार एवं चकिया गांव निवासी सुरेंद्र राय का पुत्र अनिल राय बताये जाते है। मिली जानकारी के अनुसार मृत दोनों युवक दो अन्य युवकों के साथ सड़क पार कर रहे थे।इसी दौरान पानी की तेज धारा में चारों बहने लगे।युवकों को डूबता देख ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए किसी तरह दो युवकों को बचा लिया वही सत्यम एवं अनिल की डूब जाने से मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची एवं दोनों युवकों के शव को बरामद किया ।घटना के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गयी।घटना की जानकारी मिलते ही राजद नेता शैलेन्द्र प्रताप मौके पर पहुंचे एवं डीएम से फोन पर बात कर मृत युवकों के परिजनों को अविलम्ब सरकारी मुआवजा मुहैया कराने की बात कही। पुलिस ने दोनों युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया।

## प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग 4.5 के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद सारण के तत्वावधान में प्रखंड आदर्श विद्यालय एमडी उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग 4.5 के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।जहां इस कार्यशाला में 6-8 के विज्ञान एवं गणित विषयों से संबंधित सभी शिक्षकों ने भाग लिया उन्हें विभिन्न समस्याओं, उनके समाधान तथा विद्यालय स्तर पर पीबीएल गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के उपायों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उक्त आयोजित कार्यशाला में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ओम प्रकाश शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने पीबीएल गतिविधियों को विद्यालयों में प्रभावी रूप से लागू करने तथा विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। वही कार्यशाला में तकनीकी टीम के सदस्य अविनाश कुमार, डॉ. पिंटू रंजन प्रसाद, साजिद अंसारी एवं रजनी देवी ने पीबीएल से जुड़ी गतिविधियों, समस्याओं एवं उनके समाधान के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी साझा की। इस दौरान मीना मंच के गठन, उसकी भूमिका एवं दायित्वों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बालिकाओं में जागरूकता, शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मविश्वास एवं लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में मीना मंच की भूमिका के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। कार्यशाला में माइक्रो इंप्रूवमेंट प्रोजेक्ट के उद्देश्य, प्रक्रिया एवं विद्यालय स्तर पर इसके क्रियान्वयन के संबंध में भी जानकारी दी गई।

## सेवा ही संकल्प, अभियान के जिला स्तरीय, सपनो का भारत कार्यक्रम में पलक कुमारी ने मारी बाजी

प्रात : किरण संवाददाता



बनियापुर। सेवा ही संकल्प अभियान के तहत,सपनो का भारत कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के सेवा कार्यों एवं विकसित भारत की संकल्पना थीम पर जिला स्कूल छपरा में आयोजित जिलास्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय चेतन छपरा के सातवें वर्ग की छात्रा पलक कुमारी ने 1-8 वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्रखंड का नाम रौशन किया है।अब जिला में पलक कुमारी राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेगी।जिसके लिए प्रखंड सभी शिक्षकों में खुशी माहौल है,पलक कुमारी ने नोडल शिक्षिका गुंजन कुमारी एचएम श्वेता कुमारी सहित अन्य शिक्षकों को इसका श्रेय दिया है। विदित हो कि बीआरसी बनियापुर में।आयोजित प्रखंड स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में पलक ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया था। मध्य विद्यालय चेतन छपरा की प्रधानाध्यापिका श्वेता कुमारी ने बताया कि पलक चित्रकला के साथ-साथ पढ़ाई में भी अव्वल है।वह विद्यालय की आदर्श छात्रा है तथा विद्यालय की हर गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेती है। पलक कुमारी को गांधी जयंती के अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# आरओबी बंद रहने से बढ़ेगी परेशानी, पूजा के दौरान यातायात प्रबंधन की चुनौती

प्रात : किरण संवाददाता



बिहियां। दुगार्पूजा को लेकर गुरुवार को बिहिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूजा समितियों के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था, श्रद्धालुओं की भीड़ और यातायात प्रबंधन को लेकर विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों ने पूजा समितियों से प्रशासन के निदेर्शों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराने में सहयोग की अपील की। बैठक में बिहिया आरओबी के बंद रहने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। आरओबी के पैदल रास्ते के मरम्मत कार्य के कारण बंद रहने से आमलोगों को हो रही परेशानी पर सदस्यों ने चिंता जताई। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने पर रेलवे ट्रैक पार करने के लिए उपलब्ध वैकल्पिक मार्ग पर भीड़ बढ़ने की आशंका जताई गई। वहीं अस्पताल के समीप पूजा पंडाल लगाए जाने के कारण इस मार्ग पर भी श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने की संभावना को देखते हुए यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की बात कही गई। इसी मार्ग से ट्रकों का भी आवागमन होता है। ऐसे में पूजा के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही और श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करना प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण चुनौती होगी। बैठक में पूजा मेले के दौरान वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था, स्टेशन रोड में नाली का गंदा पानी जमा रहने तथा श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही को लेकर भी चर्चा हुई। पूजा समितियों को पंडालों में सुरक्षा मानकों का पालन करने और भीड़ को नियंत्रित करने में प्रशासन का सहयोग करने को कहा गया। एसडीएम ओमप्रकाश लाल ने कहा कि पूजा स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यातायात प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में एसडीपीओ राहुल कुमार, ईओ शुभम कुमार, चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार, बीडीओ अर्चना वर्मा, थानाध्यक्ष विपिन बिहारी, सर्किल इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, आरओ सहित विभिन्न पूजा समितियों के सदस्य मौजूद रहे।

# 237 शिक्षकों ने लिया सेवाकालीन प्रशिक्षण, मिला प्रमाण पत्र

प्रात : किरण संवाददाता



बिहियां। शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी), बिहियां में 3-5 सेवाकालीन प्रशिक्षण पर आधारित चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हो गया। समापन समारोह में प्रशिक्षण में शामिल सभी शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। शिक्षा विभाग, बिहार सरकार की ओर से आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के जगदीशपुर, पीरो, उदवंतनगर, तरारी और बड़हरा प्रखंड के कुल 237 शिक्षक शामिल हुए।समापन समारोह को संबोधित करते हुए पीटीसी की प्रभारी प्राचार्य डॉ. रेणु कुमारी ने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की कार्यक्षमता एवं आंतरिक क्षमताओं का विकास करना है, ताकि वे बच्चों को और बेहतर एवं प्रभावी तरीके से शिक्षण प्रदान कर सकें। उन्होंने कहा कि आवासीय प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को एक-दूसरे के अनुभवों को साझा करने और आपसी समन्वय स्थापित करने का अवसर मिला। इससे शिक्षकों के बीच बेहतर तालमेल विकसित होगा और इसका सकारात्मक प्रभाव शिक्षण कार्य पर भी पड़ेगा। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक सह शिक्षक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह मंटु ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राथमिक स्तर के बच्चों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के तरीकों पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों के सवार्गीण विकास के लिए किताबी ज्ञान के साथ-साथ नैतिक शिक्षा और व्यवहारिक ज्ञान पर भी ध्यान देना जरूरी है। इससे बच्चों के व्यक्तित्व विकास के साथ उनके अंदर सकारात्मक सोच भी विकसित होगी। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण की उपयोगिता और अनुभवों को लेकर शिक्षकों ने भी अपने विचार साझा किए। समापन अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. रेणु कुमारी, रोहित पाण्डेय, मुक्तिनाथ दुबे, प्रदीप कुमार मिश्रा, शिक्षक नेता पंकज कुमार सिंह मंटु, चन्द्रभानु पाण्डेय, संजीव कुमार, सत्येन्द्र कुमार, रंजय चौबे समेत सभी प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कोइलवर में एनबीडब्ल्यू वारंटी समेत पांच गिरफ्तार

कोइलवर। जिले के कोईलवर थाने की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटियों में सक्कड़ी गांव निवासी प्रभु कुमार पांडेय, रामजी राय और कोईलवर निवासी भुअर यादव शामिल हैं। वहीं, नशे की हालत में दो अन्य लोगों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें महादेवचक शेमरिया गांव निवासी रुधन बिंद तथा गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर निवासी शिव प्रसाद शामिल हैं। कोईलवर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपितों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

### ट्रक की चपेट में आने से किशोर की मौत, एक घायल

कोइलवर।भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के नए सिक्सलेन पुल पर गुरुवार को सड़क हादसे में बाइक सवार एक किशोर की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ, जब पीछे से आ रहे एक ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। मृतक बिहटा थाना क्षेत्र के मौदहीं गांव निवासी धर्मेंद्र यादव के 16 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार के है। वहीं घायल युवक इसी गांव के जवाहिर राय के 17 वर्षीय पुत्र अजित कुमार है ।जानकारी के अनुसार, प्रिंस कुमार अपने साथी अजित कुमार के साथ कोईलवर के कुल्हड़िया स्थित रिश्तेदार के घर से बाइक पर सवार होकर मौदहीं गांव लौट रहा था। इसी दौरान नए सिक्सलेन पुल पर पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए कोईलवर अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्रिंस कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि अजित कुमार का इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलने पर कोईलवर थाने की पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस दुर्घटना में शामिल ट्रक की पहचान और घटना के कारणों की जांच में जुटी है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### टेंगरा हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने नाट्य मंचन से जीवंत किया दांडी मार्च

औरंगाबाद। गांधी जयंती एवं अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर बारुण प्रखंड के टेंगरा हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने दांडी मार्च, नमक सत्याग्रह और महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा के संदेश पर आधारित प्रभावशाली नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए इस नाट्य मंचन में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनुपमा सिंह ने बताया कि बच्चों ने नाट्य मंचन के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन के एक महत्वपूर्ण अध्याय को जीवंत किया। उन्होंने कहा कि गांधी जयंती के दिन अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस भी मनाया जाता है। विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के विचारों, सत्याग्रह और अहिंसा के महत्व से परिचित कराने के उद्देश्य से यह प्रस्तुति तैयार की गई।नाटक में दांडी मार्च के उद्देश्य, अंग्रेजों के नमक कानून और नमक पर लगाए गए एकाधिकार के विरोध को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने अभिनय के माध्यम से दिखाया कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए अन्यायपूर्ण कानून का विरोध किया और लोगों को सत्याग्रह के लिए प्रेरित किया।नाट्य मंचन में गांधी जी की भूमिका गोलू कुमार ने निभाई, जबकि अंग्रेज की भूमिका नितेश कुमार और कुशाग्र कुमार ने निभाई।

# एसबी कॉलेज की नई प्रभारी प्राचार्य बनीं प्रो. पूनम कुमारी

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के निर्देश पर एसबी कॉलेज की हिन्दी विभाग की प्रो. पूनम कुमारी ने गुरुवार को नई प्रभारी प्राचार्य के रूप में योगदान दिया।विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार उन्हें महाविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही कॉलेज के विभिन्न बैंक खातों का संचालन कोषाध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से करने के लिए उन्हें अधिकृत किया गया है।प्रो. पूनम कुमारी इससे पहले भी एसबी कॉलेज में प्राचार्य पद का दायित्व संभाल चुकी हैं। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उनके समक्ष महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को व्यवस्थित बनाए रखने के साथ प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन की चुनौती होगी।उनके योगदान के अवसर पर कॉलेज के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं। डॉ. नीतू देवी, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. मनीषा कुमारी, डॉ. दिव्या कुमारी, डॉ. आदित्य कुमार आनन्द, डॉ. मिथिलेश गिरी, डॉ. प्रियंका भारती, डॉ. राधिका रमन, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. मो. महफूज अशरफ, डॉ. उमेश राय, रमेश राय, कृष्ण भास्कर कुमार एवं अनील कुमार ने सहित प्रो. पूनम कुमारी को गुलदस्ता एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया।शिक्षकों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में कॉलेज की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का प्रभावी और सुचारू संचालन जारी रहेगा।

# लग्जरी कार से 421 लीटर विदेशी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

कोइलवर।मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लग्जरी कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। विभाग की टीम ने कार से कुल 421.200 लीटर विदेशी शराब जब्त करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की बाजार कीमत करीब पांच लाख रुपये आंकी गई है।जिला पदाधिकारी भोजपुर के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश से भारी मात्रा में विदेशी शराब बिहार लाई जा रही है। सूचना के आधार पर सहायक आयुक्त ने निरीक्षक प्रकाश चन्द्र के नेतृत्व में टीम गठित की।गुरुवार, 1 अक्टूबर 2026 को वाहन जांच के दौरान बक्सर-पटना फोरलेन पर कायमनगर ओवरब्रिज के समीप, गीधा थाना क्षेत्र में टीम ने एक मारुति सुजुकी अर्टिगा कार (इफ01ख-8743) को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से विभिन्न ब्रांड की कुल 1728 बोतल/पीस, जिसमें कुल 421.200 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रोहित कुमार पांडेय, पिता हरेंद्र पांडेय, निवासी हरदिया वार्ड नंबर-09, थाना जगदीशपुर, भोजपुर तथा विनय कुमार, पिता संजू ठाकुर, निवासी अरपा वार्ड नंबर-10, थाना हिलसा, नालंदा के रूप में हुई है। दोनों के विरुद्ध अग्रतर कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। बरामद शराब में ब्लेंडर प्राइड, आइकोनिक व्हाइट डीलक्स, सिग्नेचर रेयर ग्रेन, किंगफिशर बीयर, आफ्टर डार्क ब्लू, स्मिरनॉफ मिंटी जामुन वोडका, बडवाइजर बीयर, मैकडॉवेल्स नंबर-1, मैजिक मोमेंट वोडका, ऑफिसर्स च्वाइस और 8 पीएम स्पेशल समेत विभिन्न ब्रांड शामिल हैं।विभाग के अनुसार शराब को उत्तर प्रदेश से बिहार लाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चन्द्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा के अलावा मद्यनिषेध सिपाही, सैप एवं होमगार्ड के जवान शामिल थे। मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और शराब की तस्करी में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# इंटर और मैट्रिक का अब छह तक रजिस्ट्रेशन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि भी 15 अक्टूबर तक बढ़ी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2027 के लिए छूटे हुए विद्यार्थियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं अनुमति आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। अब शिक्षण संस्थानों को विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन एवं अनुमति आवेदन छह अक्टूबर तक कराने का अवसर दिया गया है। इसके साथ ही परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि भी बढ़ाकर 15 अक्टूबर कर दी गई है।बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने बुधवार को बताया कि इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2027 में शामिल होने वाले वैसे विद्यार्थी, जिनका अब तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं अनुमति आवेदन नहीं हो सका है, वे विस्तारित अवधि में आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित शिक्षण संस्थानों को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया है। बताया गया कि एक अक्टूबर से छह अक्टूबर तक छूटे विद्यार्थियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं अनुमति आवेदन विलंब शुल्क के साथ किया जाएगा। वहीं, परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म अब 15 अक्टूबर तक भरा जा सकेगा। परीक्षा फॉर्म भरने एवं निर्धारित शुल्क जमा करने की पूर्व निर्धारित तिथि बुधवार को समाप्त हो रही थी, जिसे समिति ने विद्यार्थियों के हित में विस्तारित किया है।समिति ने शिक्षण संस्थानों के प्रधानों से कहा है कि वे विस्तारित अवधि में पात्र विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन और परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया समय पर पूरी कराएं, ताकि कोई विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होने से वंचित न रह जाए।

# एसबी कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

आरा। एस.बी. कॉलेज, आरा में गुरुवार को एनसीसी कैडेट्स द्वारा ह्यस्वच्छता ही सेवाह्न अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान महाविद्यालय परिसर, खेल मैदान एवं पार्किंग क्षेत्र की साफ-सफाई की गई। इसके बाद कैडेट्स ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. पूनम कुमारी ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन और बेहतर समाज के लिए आवश्यक है। महात्मा गांधी भी स्वच्छता के महत्व और इसके प्रति जनभागीदारी पर जोर देते थे। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की अपील की। एनसीसी की सीटीओ डॉ. श्वेता गौरव ने कहा कि स्वच्छता केवल एक कार्य नहीं, बल्कि एक संस्कार है। अपने परिसर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखकर विद्यार्थी राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कैडेट्स से स्वच्छता का संदेश समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया।अभियान में एनसीसी अधिकारी, कैडेट्स एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने भी स्वच्छता अभियान में सहभागिता की और परिसर को साफ रखने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।कार्यक्रम में डॉ. मनीषा कुमारी, डॉ. दिव्या कुमारी, डॉ. राधिका रमन, डॉ. अनंत कुमार, डॉ. धनंजय प्रसाद, रमेश राय, अनिल कुमार, अभिषेक कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# दुर्गा पूजा पंडाल एवं पूजा स्थल का सदर एसडीएम अरुण कुमार ने किया निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

सुगौली, पू.चः आगामी दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को नगर के जयराम दास मार्केट में बन रहे दुर्गा पूजा पंडाल एवं पूजा स्थल का सदर एसडीएम अरुण कुमार ने निरीक्षण किया। उनके साथ बीडीओ नूतन किरण,सीओ कुंदन कुमार एवं थानाध्यक्ष अनिष कुमार सिंह मौजूद रहे। अधिकारियों ने पंडाल निर्माण के साथ आसपास की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पूजा स्थल के अलावा मेले के लिए निर्धारित स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बाजार क्षेत्र में आवागमन की स्थिति, श्रद्धालुओं के आने-जाने वाले मार्ग तथा संभावित भीड़ को लेकर जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि दुर्गा पूजा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने को देखते हुए यातायात व्यवस्था पहले से ही दुरुस्त कर ली जाए। एसडीएम अरुण कुमार ने कहा कि जयराम दास मार्केट एवं आसपास के क्षेत्रों में पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की काफी भीड़ जुटती है। ऐसे में जाम की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए अभी से आवश्यक तैयारी पूरी करना जरूरी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पूजा स्थल के आसपास साफ-सफाई, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भीड़ को नियंत्रित करने के साथ श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रशासन ने दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देने की बात कही। निरीक्षण के दौरान पूजा समिति के अध्यक्ष अंकुर चौधरी से भी पंडाल निर्माण, मेले एवं अन्य तैयारियों के संबंध में जानकारी ली गई। अधिकारियों ने पूजा समिति को प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# सेवा संकल्प तहत गोद भराई व सम्मान समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

कोइलवर। सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा कोईलवर नगर मंडल की ओर से आंगनबाड़ी केंद्र पर गोद भराई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष संजीत कुमार की अध्यक्षता में किया गया।इस दौरान गोद भराई की रस्म निभाई गई। साथ ही आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका एवं अन्य कार्यकताओं को सम्मानित कर उनके सेवा कार्यों के प्रति आभार जताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला मोर्चा की जिला महामंत्री शालिनी सिंह एवं उपाध्यक्ष शकुंतला सिंह उपस्थित रहीं। मौके पर पूर्व ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष ऋतुराज, राकेश शर्मा, अजित सिंह, जनार्दन पासवान, श्रवण गुप्ता समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यकताओं ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान तक सेवा और सहयोग की भावना पहुंचाना है। इसी क्रम में आंगनबाड़ी कार्यकताओं के योगदान को सम्मानित किया गया।

# दस दिनों से खराब है नेटवर्क, उप डाकघर की सेवाएं प्रभावित

बिहियां। नगर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित उप डाकघर में पिछले दस दिनों से नेटवर्क राउटर खराब रहने के कारण डाकघर की कई महत्वपूर्ण सेवाएं प्रभावित हैं। नेटवर्क बाधित होने से बचत खाता, एनएससी, किसान विकास पत्र और पेंशन भुगतान समेत अन्य कार्यों के लिए पहुंचने वाले ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।हालांकि ग्राहकों की परेशानी कम करने के लिए डाकघर के कर्मचारी स्वयं बिहिया चौरस्ता स्थित दूसरे उप डाकघर जाकर जरूरी काम निपटा रहे हैं। उप डाकपाल पारस नाथ आजाद ने बताया कि 22 सितंबर से नेटवर्क राउटर में खराबी के कारण समस्या बनी हुई है। इसकी सूचना डाक अधीक्षक भोजपुर को दे दी गई है। नेटवर्क बहाल नहीं होने के कारण रेलवे स्टेशन रोड स्थित उप डाकघर में आने वाले ग्राहकों के जरूरी कार्यो को चौरस्ता उप डाकघर से कराने की व्यवस्था की गई है। गुरुवार को पेंशन की राशि निकालने पहुंचे सलीम अंसारी को भी इसी व्यवस्था के तहत मदद उपलब्ध कराई गई। कर्मचारियों के दूसरे उप डाकघर जाकर काम कराने से ग्राहकों को पूरी तरह खाली हाथ वापस नहीं लौटना पड़ रहा है लेकिन कार्य पूरा होने में पहले की अपेक्षा अधिक समय लग रहा है। ग्राहकों का कहना है कि वैकल्पिक व्यवस्था से कुछ राहत जरूर मिल रही है लेकिन नेटवर्क की खराबी के कारण उन्हें अपने काम के लिए अधिक समय इंतजार करना पड़ रहा है। ग्राहकों ने विभागीय अधिकारियों से जल्द नेटवर्क राउटर की खराबी दूर कर उप डाकघर में नियमित रूप से सभी सेवाएं बहाल कराने की मांग की है।

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

बरसात के मौसम में पशुओं की देखभाल हेतु सुझाव

भारत में वर्षा ऋतु का समय सामान्यतः 15 जून से 15 सितम्बर तक का होता है। इसी मौसम के दौरान परजीवियों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि देखने को मिलती है। वर्षा ऋतु के दौरान अपनाने योग्य कुछ महत्वपूर्ण बातों का उल्लेख नीचे किया गया है जिसका पालन कर पशुपालक अपने पशुओं को स्वस्थ रख सकते हैं–

- बारिश के पहले पशुशाला की छत की मरम्मत कर दें जिससे बारिश का पानी न टपके।
- पशुशाला की खिड़कियाँ खुली रखें तथा गर्मी एवं उमस से अपने पशुओं को बचाने के लिये पंखों का उपयोग करें।
- इस मौसम में साफ–सफाई का खास ख्याल रखें एवं पानी को एक जगह पर एकत्रित नहीं होने दें ताकि मच्छर न पैदा हों और परजीवी संक्रमण को रोका जा सके।
- पशुशाला में पशु के मल–मूत्र की निकासी का भी उचित प्रबंधन हो। पशुशाला को दिन में एक बार फिनाईल के घोल से अवश्य साफ करें, जिससे बीमारी फैलाने वाले बैक्टीरिया कम हो सके।
- बाड़े में और उसके आस–पास कचरा और गंदगी इकठ्ठा न होने दें और उसके निकास की उचित व्यवस्था करें। साथ हीं बाड़े एवं उसके आस–पास नियमित अन्तराल पर कीटनाशक का भी छिड़काव करें।
- जानवरों को ज्यादा शारीरिक थकावट न होने दें और बार–बार धूप में न लाएँ।
- बारिश के मौसम में पशुओं को बाहर चरने के लिये नहीं भेजें क्योंकि बारिश के मौसम में गीली घास पर कई तरह के कीड़े होते हैं जो पशुओं के पेट में चले जाते हैं और शरीर को नुकसान पहुँचाते हैं।
- पशु को खेतों के समीप गढ्ढे या तालाब का पानी पिलाने से परहेज करें क्योंकि इस दौरान किसान खेतों में खर–पतवार एवं कीटनाशक दवा का इस्तेमाल करते हैं जो कि रिसकर इनमें आ जाता है।
- कोशिश करें कि पशु को बाल्टी से साफ एवं ताजा पानी पिलाएँ।
- दाने का भण्डारण नमी रहित जगह पर करें और ध्यान दें कि इस मौसम में दाने का भण्डारण 15 दिन से अधिक न हों।
- बरसात आने से पहले पशुओं को विभिन्न संक्रामक रोगों के विरूद्ध टीकाकरण करवा दें।

PR No.- 013053 (Animal)D. 2026-27



पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार
@BiharDFARD

# रात के सन्नाटे में भी तीर्थयात्रियों की चिंता, मेला क्षेत्र में उतरे निगम के जनप्रतिनिधिः अधिकारी

## देर रात मेयर, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव व नगर आयुक्त ने देर रात वेदियों और प्रमुख मेला क्षेत्रों का लिया जायजा

प्रात : किरण संवाददाता



गयाजी। पितृपक्ष मेला में देश-विदेश से पहुंच रहे तीर्थयात्रियों की सेवा और सुविधा को लेकर गया नगर निगम के जनप्रतिनिधि और अधिकारी दिन के साथ रात में भी मैदान में सक्रिय हैं। श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो और मेला क्षेत्र की व्यवस्थाएं लगातार सुचारू बनी रहें, इसे लेकर बीती रात पिण्डवेदी मेला क्षेत्रों एवं विभिन्न वेदियों का संयुक्त निरीक्षण किया गया है। देर रात हुए निरीक्षण में मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव एवं नगर आयुक्त डॉ. गगन कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे हैं। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दलबल टीम के साथ मेला क्षेत्र में घूमकर जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। इस दौरान सुरक्षा, स्वच्छता, निर्बाध जलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही समेत विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई है। पितृपक्ष मेला में प्रतिदिन बड़ी संख्या में देश के विभिन्न हिस्सों के अलावा विदेशों से भी तीर्थयात्री गयाजी पहुंच रहे हैं। ऐसे में मेला क्षेत्र में दिन के साथ रात में भी व्यवस्था दुरुस्त रखना बड़ी जिम्मेदारी है। देर रात निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े पहलुओं को देखा है। मेयर, पूर्व डिप्टी मेयर और नगर आयुक्त लगातार मेला क्षेत्र में पहुंचकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। खासकर उन स्थानों पर विशेष नजर रखी जा रही है, जहां बड़ी संख्या में पिंडदानी और तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। स्वच्छता, पेयजल, रोशनी और आवागमन जैसी सुविधाओं को लेकर भी लगातार फीडबैक लिया जा रहा है। इस निरीक्षण के दौरान यह संदेश भी स्पष्ट रहा कि पितृपक्ष मेला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि गयाजी की धार्मिक और आध्यात्मिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण अवसर है। यहां आने वाला हर तीर्थयात्री गयाजी से बेहतर अनुभव लेकर लौटे, इसके लिए प्रशासन और नगर निगम की टीम लगातार सक्रिय है। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कहा है कि देश-विदेश से गयाजी आने वाले प्रत्येक तीर्थयात्री को सुगम, सुरक्षित और सुखद वातावरण उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से मेला अवधि में दिन-रात व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है। गयाजी की सेवा, श्रद्धालुओं की सुविधा और पितृपक्ष की गरिमा, इसी संकल्प के साथ नगर निगम की टीम दिन हो या रात, लगातार मैदान में जुटी है।

# अरवल में विजिलेंस टीम ने 16 हजार घूस लेते राजस्व कर्मचारी को गिरफ्तार किया

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। पटना निगरानी विभाग की टीम ने अरवल जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्व कर्मचारी शिवमंगल पासवान को 16 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के बैदराबाद बाजार के समीप निगरानी विभाग ने जाल बिछाकर यह कार्रवाई की। आरोपी राजस्व कर्मचारी का पैतृक गांव बुलाकी बीघा बताया जा रहा है, जो वर्तमान में सदर अंचल अरवल पदस्थापित है, घूसखोर कर्मचारी बैदराबाद स्थित ओझा बिगहा में रहता था। कर्मचारी ने जमीन मापी के नाम पर 20000 की रिश्वत मांगी गई थी। जमीन से संबंधित कार्यों में जांच और रिपोर्ट भेजने के नाम पर। गिरफ्तारी के बाद निगरानी की टीम उसे अपने साथ ले गई है और पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है। रविंद्र प्रसाद की शिकायत पर यह कार्रवाई किया गया। रविंद्र प्रसाद में कर्मचारियों को 4000 पहले भी चुके हैं 16000 देने के लिए उनके आवास पर गए थे तभी 11 सदस्य विजिलेंस की टीम में कर्मचारी को गिरफ्तार किया

# दूसरी बार युवा जदयू जिलाध्यक्ष बनने पर सतीश पटेल को बधाई

गया जी। जदयू के युवा जिलाध्यक्ष सतीश पटेल उर्फ रमाकांत को दूसरी बार मनोनीत किये जाने पर जदयू नेताओं व कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने उनके पुनर्मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं. इस दौरान नेताओं ने कहा कि सतीश पटेल के नेतृत्व में युवा जदयू संगठन को नयी मजबूती मिलेगी और युवाओं को पार्टी से जोड़ने का अभियान तेज होगा। इधर, पूर्व जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, कुंडल वर्मा, राहुल सिंह, अवधबिहारी पटेल, काशिफ अंसारी, शिवपूजन प्रसाद व अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सतीश पटेल युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं. संगठन को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके अनुभव और सक्रियता का लाभ पार्टी के संगठनात्मक विस्तार में मिलेगा. इधर, प्रेस वार्ता में सतीश पटेल ने कहा कि गांवों से लेकर पंचायत, वार्ड व शहर तक युवाओं को जोड़ने का काम करेंगे. लोगों की समस्याओं को दूर करना हमारी पहली प्राथमिकता है. युवा कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को आम लोगों तक पहुंचाने में तेजी आयेगी. पुन मनोयन पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताया और जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं हैं

## संक्षिप्त खबरें

### अखिल भारतीय राष्ट्र-मंच की ओर बढ़े सरस्वती शिशु मंदिर के ओजस्वी कदम

औरंगाबाद । संकल्प, समर्पण और अथक साधना जब ध्येय मार्ग पर अग्रसर होती है, तो सफलता स्वयं नतमस्तक हो जाती है ! सरस्वती शिशु मंदिर, औरंगाबाद के राष्ट्र-निमार्ता विद्यार्थियों ने खेलकूद, गणित एवं विज्ञान के समर-प्रांगण में अपनी प्रखर प्रतिभा, कठोर परिश्रम और अडिग अनुशासन का प्रचंड परिचय देते हुए विद्यालय की गौरवशाली परंपरा में स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। हाल ही में संपन्न 37वें प्रांतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) महाकुंभ, भागलपुर (बिहार) एवं क्षेत्रीय गणित-विज्ञान संगम, रामगढ़ (झारखंड) में इन मेधावी साधकों ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर संपूर्ण विद्यालय परिवार एवं जिले को गौरवान्वित किया है प्रांतीय एथलेटिक्स के रणक्षेत्र में औरंगाबाद के वीरों और वीरांगनाओं ने विजय का ध्वज फहरायाः अनामिका कुमारीः हाई जंप एवं 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण-पदक (प्रथम) तथा 800 मीटर हर्डल में रजत-पदक (द्वितीय) पर कब्जा जमाया। वर्षा कुमारीः ट्रिपल जंप में अदम्य उछाल के साथ प्रथम स्थान (स्वर्ण) हासिल किया। संध्या वर्माः हैमर थ्रो में अपनी प्रचंड शक्ति का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान (स्वर्ण) एवं शॉटपुट में अनुकरणीय प्रदर्शन किया। स्वाति वर्माः 800 मीटर एवं हाई जंप में प्रथम स्थान (स्वर्ण) तथा 110 मीटर हर्डल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आरती कुमारीः 3000 मीटर महा-दौड़ एवं 400 मीटर हर्डल में स्वर्ण-पदक (प्रथम) तथा लॉन्ग जंप में कांस्य-पदक प्राप्त किया। रिया कुमारीः ट्रिपल जंप में प्रथम (स्वर्ण) एवं 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंशिका सिंहः जैवलिन थ्रो में भाले की गूँज के साथ प्रथम (स्वर्ण), क्रॉस-कंट्री में द्वितीय तथा शॉटपुट में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जयंत कुमारः 400 मीटर एवं 600 मीटर दौड़ में अपनी तीव्र गति से द्वितीय स्थान हासिल किया। साक्षीः धावकों की स्पर्धा में द्वितीय स्थान पर अपनी छाप छोड़ी। ऋचा कुमारी (3000 मीटर वॉक), सुहानी (डिस्कस थ्रो), आदित्य राज (400 मीटर), चांदनी कुमारी (1500 मीटर व 800 मीटर हर्डल) एवं अनुरुद्ध कुमार (3000 मीटर दौड़) ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से अपनी अमिट उपस्थिति दर्ज कराई।

### जीबीएम कॉलेज में पोषण माह के अवसर पर पोषण मेला का आयोजन

गया जी। गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय में ह्यपोषण माह ह्य के अवसर पर गृह विज्ञान विभाग एवं सेहत केंद्र द्वारा प्राचार्य डॉ. सीमा पटेल की अध्यक्षता में पोषण मेले का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करके हुआ है। ह्यपोषण मेलेह्र का मुख्य विषय ह्यडिस्कवर द पावर ऑफ न्यूट्रिशनह्र था, जिसमें फूड स्टॉल लगाए जाने के साथ छात्राओं को मौसमी फल, अनाज, श्रीअन्न और लोकल खाद्य पदार्थ आदि के बारे में जानकारी दी गई है। मेले का आयोजन गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. प्रियंका कुमारी के निर्देशन एवं समन्वयन में हुआ। पोषण मेले में छात्रा माधवी, अनु, संचिता, तान्या, तब्बसूम, शिल्पी, अंजलि, रितिका, पूनम, पार्वती, काजल, फूला, रिया, सबा, साहिस्ता, सपना, संतोषी, अलीशा, तन्वी, मुस्कान, सुरभि, सोनाली, अमृता, पिंकी, नीतू, आरती, निर्जला आदि छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया है। प्रधानाचार्या ने छात्राओं की खूब हौसलाअफजाई की है। कॉलेज की पीआरओ डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने बतलाया कि पोषण मेले में छात्राओं ने पाठ्यक्रम के अनुसार पोषण से युक्त सामग्रियों से निर्मित सूजी मोमो, लिट्टी चोखा, आटा नूडल्स, चाउमीन मंचूरियन, ठेकुआ, रागी केक, कोवा पेठा, वेज बिरयानी, आलू-कचालू, कास्टर्ड, टिक्की चार्ट, ढोकला, पानी पूरी आदि के फूड स्टॉल्स लगाए, जिनपर छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की भारी भीड़ रही।

# जिला सांसद प्रतिनिधि ने परिजन को हर संभव मदद का दी आश्वासनःमनोज यादव



प्रात : किरण संवाददाता

करपी। प्रखंड क्षेत्र के नगवा पंचायत के टेकारी गांव में सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक स्वर्गीय तुलेश्वर यादव के 40 वर्षीय पुत्र अरविंद यादव है। जानकारी के अनुसार सर्पदंश के बाद उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सूचना पाकर जिला सांसद प्रतिनिधि सह रेल आंदोलन के सूत्रधार मनोज सिंह यादव, राजद नेता मीना यादव, संजय यादव एवं अन्य परिजन से मिलने अस्पताल पहुंचे। जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह यादव ने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ हमारी संवेदना है ईश्वर उनकी आत्मा को अपने चरणों में शांति दे,, उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग मदद करने का आश्वासन दी, मृत्यु के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराई गई उसके बाद शव परिजन को सौंप दी गई।

# इंटर कॉलेज महिला कबड्डी टूनार्मेंट 2026 में जीबीएम कॉलेज द्वितीय स्थान पर

प्रात : किरण संवाददाता




गया जी। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के खेल कैलेंडर के अंतर्गत खेल भवन में इंटर कॉलेज महिला कबड्डी टूनार्मेंट 2026 का आयोजन गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय, गया जी की मेजबानी में किया गया। प्रतियोगिता में कुल आठ महाविद्यालयों की महिला टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। इस दरम्यान मगध विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ. सुदर्शन रॉय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे हैं। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. जावैद अशरफ ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई है। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला है। प्रतियोगिता में गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय, गया जी की महिला कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। खिलाड़ियों ने पूरे टूनार्मेंट के दौरान उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीमवर्क का परिचय दिया है। प्रधानाचार्य डॉ सीमा पटेल ने छात्राओं को पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी नियमित रूप से भाग लेते रहने कहा है। कॉलेज की खेल टीम के प्रशंसनीय प्रदर्शन पर खेलकूद प्रभारी डॉ पूजा राय सहित सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य डॉ पटेल, पूर्व प्रधानाचार्य प्रो. अशरफ, बर्सर डॉ सहदेब बाउरी, डॉ शगुफ्ता अंसारी, डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ जया चौधरी, डॉ पूजा, डॉ अमृता कुमारी घोष, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ नगमा शादाब, डॉ अनामिका कुमारी, डॉ कृति सिंह आनंद, प्रीति शेखर, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ फरहीन वजीरी, डॉ बनीता कुमारी, डॉ सुरबाला कृष्णा, डॉ अफ्शां नाहिद, डॉ आशुतोष कुमार पांडेय, डॉ शबाना परवीन हुसैन, डॉ नुद्रतुन निसां, डॉ वीणा कुमारी जायसवाल, डॉ फातिमा, डॉ प्रमिला कुमारी, डॉ शुचि सिन्हा, डॉ सीता, डॉ दीपिका, डॉ सपना पांडे, डॉ गणेश प्रसाद, डॉ रानी कुमारी, डॉ अमृता कुमारी, डॉ ईमा, विक्रम कुमार, रौशन कुमार, अभिषेक कुमार, रीता देवी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

# केयाल पंचायत में श्री गुरु संत रविदास विकास शिविर आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

करपी। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के द्वारा श्री गुरु संत रविदास जी की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर राज्य स्तरीय श्री गुरु संत रविदास समरसता संकल्प अभियान के तहत श्री संत रविदास विकास शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का आयोजन केयाल पंचायत के अनुसूचित जाति बहुल टोलों अंधराचक में किया गया।जहां सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत आच्छादन और ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया।इस दौरान शिविर प्रभारी सह प्रखंड समन्वयक आलोक कुमार, विकास मित्र कुसुम कुमारी, सुरेंद्र मांझी, ग्राम कचहरी सचिव सरिता सिंधु, स्वच्छता पर्यवेक्षक पिंटू कुमार और पंचायत समिति सदस्य रामकुमार राजवंशी उपस्थित रहे।अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभाग की योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों के आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया। इस मौके पर ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गया कॉलेज में एनएसएस , एनसीसी एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता



गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देश पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कॉलेज परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के साथ-साथ विद्यार्थियों और आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। सभी ने स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया है। गया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र के दिशा निर्देश पर कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर विभा सिंह, डॉ. मार्कण्डेय पांडेय, डॉ. हर्षवर्धन सिंह चौहान, डॉ. विशाल यादव, डॉ संजय तिवारी एवं डॉ. रवि कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार मिश्र एवं नेशनल कैडेट कोर के ऑफिसर डॉ संजय तिवारी के नेतृत्व में एन सी सी के स्वयंसेवकों एवं एन सी सी के कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता ही सेवा जागरूकता अभियान चलाया और स्वामी विवेकानंद पार्क की साफ सफाई की तथा आईटी विभाग के कर्मचारी एवं शिक्षकों ने मिलकर साफ सफाई में भागीदारी निभाई है।ह्लइस अवसर पर शिक्षकों ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर अपनाई जाने वाली सामाजिक जिम्मेदारी है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।

# राज कुमार गुप्ता के निधन पर रौनियार वैश्य समाज मर्माहत




गया। शहर के जाने-माने समाजसेवी, अधिवक्ता और रौनियार वैश्य समाज के प्रमुख स्तंभ राज कुमार गुप्ता का मंगलवार की रात्रि को अचानक हृदय गति रुकने के कारण आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन की खबर मिलते ही गया शहर के संपूर्ण रौनियार वैश्य समाज और व्यावसायिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। वह स्वराजपुरी रोड, गया के निवासी थे। दिवंगत राज कुमार गुप्ता अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और बेदाग सामाजिक छवि के लिए जाने जाते थे। वे रौनियार वैश्य समाज ट्रस्ट गया जी के संरक्षक, मौजी लाल अनाथालय ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी, श्री रौनियार वैश्य दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक और रौनियार वैश्य भवन के कार्यकारिणी सदस्य सहित कई अन्य सामाजिक संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। समाज के प्रति उनका समर्पण और सभी को साथ लेकर चलने की उनकी शैली सदैव याद रखी जाएगी। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार समेत भाजपा नेताओं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनके निधन पर गहरी शोक-वेदना व्यक्त की है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। रौनियार वैश्य भवन के अध्यक्ष जगत किशोर,राजू कुमार गुप्ता, भाजपा नेता प्रेम सागर ,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमर यादव, भाजपा नेता ऋषि कुमार लोहानी वार्ड पार्षद दीपक कुमार चंद्रवंशी, डिम्पल कुमार, महानगर जिलाध्यक्ष राजू वर्णवाल,राजेश कुमार बबलु, राहुल महाजन, जगत किशोर गुप्ता जे पी,आशिष आनन्द,रोहित कुमार गुप्ता नई गोदाम , अशोक कुमार गुप्ता, बालमुकुंद गुप्ता, चेम्बर्स आफ कामर्स के बिहार प्रदेश के सदस्य, अमिताभ कुमार उर्फ संजू, रेनू रानी रौनियार, रिंकी गुप्ता,ममता गुप्ता आदि समाज के लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया है। बुधवार को दोपहर बाद विष्णुपद स्थित शमशान घाट में इनकी अंत्येष्टि की गई है।

# पितृपक्ष में रोटरी क्लब ऑफ गया युवा ने की तीर्थयात्रियों की सेवा, लगभग 1,500 श्रद्धालु लाभान्वित




प्रात : किरण संवाददाता

गया। पितृपक्ष के पावन अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ गया युवा ने गया रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों के बीच खीर, लस्सी और बिस्कुट वितरित किए हैं। क्लब की पितृपक्ष सेवा पहल के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम से लगभग 1,500 श्रद्धालु लाभान्वित हुए हैं। गया में पिंडदान के लिए आए तीर्थयात्रियों के प्रति सेवा और करुणा का भाव व्यक्त करते हुए क्लब ने यह पहल की। पितृपक्ष के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने पितरों के प्रति श्रद्धा अर्पित करने गया पहुंचते हैं। ऐसे में भोजन और जलपान वितरण के माध्यम से उनकी यात्रा को सहज बनाने का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर रोटेरियन स्मिता पोद्दार, रोटेरियन अनुराग पोद्दार, रोटेरियन दिव्य गोएंका, रोटेरियन अर्चना गोएंका, रोटेरियन प्रशांत, रोटेरियन स्नेहा और रोटेरियन राहुल महाजन भी उपस्थित थे। इस सेवा कार्यक्रम ने पितृपक्ष की धार्मिक भावना के साथ सामाजिक सहयोग और मानव सेवा का संदेश भी दिया है।

# पंचमी तिथि को पिंड तर्पण करने से अविवाहित पितरों को मोक्ष प्राप्ति होती है

औरंगाबाद। जिले के बारुण प्रखंड के ग्राम सिरीश स्थित मोक्षदायिनी पुनपुन नदी के पावन तट पर पितृपक्ष पिंड तर्पण के निमित्त पंचमी तिथि का पिण्ड तर्पण कार्यक्रम भव्यता एवं दिव्यता के साथ भक्तिमय वातावरण में क्रियान्वित हुआ।सर्वप्रथम सुबह सवेरे वेद मंत्रोच्चार के साथ तीर्थ पुरोहितों के सान्निध्य में तट पर स्थित देवाधिदेव महादेव की विशेष पूजन अर्चन की गई। उसके बाद परिसर में श्रद्धालु भक्तों के द्वारा तर्पण का कार्य संपादित किया गया।मुखिया प्रतिनिधि कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सभी स्वयं सेवक अपने-अपने दायित्व का निर्वहन करते देखे गए।मान्यता है कि पुनपुन नदी पृथ्वी पर जन्म लेने वाले प्राणियों को मोक्ष प्रदान करती है। अलौकिक नदी निरंजना के तट पर स्थित गया तीर्थ में पिंड तर्पण के पूर्व प्रथम पिंड पुनपुन नदी में ही देने का प्रावधान है।तीर्थ पुरोहित आचार्य सुरेश पाठक ने बताया कि पंचमी तिथि को पिंड तर्पण करने से अविवाहित पितरों को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।

# महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक : डॉ धीरज

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर शिक्षा शास्त्र विभाग में महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं शिक्षकों कर्मचारियों और विद्यार्थियों के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई विभाग ३५ अध्यक्ष शिक्षाशास्त्र विभाग डॉक्टर धनंजय धीरज ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक है गांधी के शैक्षिक दर्शन की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि लिखना पढ़ना और अंकगणित जो गांधी के शैक्षिक दर्शन का मूल है वहीं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का भी मूल है इस अवसर पर पर शिक्षा शास्त्र विभाग, गया कॉलेज, गया एवं शिक्षा पीठ दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र के दिशा-निर्देश पर किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग अध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज द्वारा किया गया है। डॉ. धीरज ने अपने संबोधन में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज और स्वच्छ राष्ट्र के निर्माण के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया है। इस अवसर पर डॉ. मार्कंडेय पांडे ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति निरंतर जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया है। इस अवसर पर डॉ. सदरे आलम ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति निरंतर जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया है। इस कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने स्वच्छता बनाए रखने और दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी तथा एम एड. एवं प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थी उत्साहपूर्वक शामिल हुए हैं। स्वच्छता अभियान के दौरान विभाग एवं आसपास के परिसर की साफ-सफाई की गई है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षा शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापिका डॉक्टर निखत परवीन एवं विदुषी कुमारी सहित दक्षिण बिहार विश्व केंद्रीय विश्वविद्यालय शिक्षा पीठ के मानसी चौधरी सत्यम कुमार चंदन कुमार बसंत कुमार प्रेमलता एवं मोहम्मद आसिम जुबेर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# अशोक सिंह के साथ राजद में शामिल होंगे हजारों कार्यकर्ता



प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिला के रफीगंज विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे अशोक कुमार सिंह ने कर्मा गांव स्थित अपने आवास पर प्रेस से बातचीत के दौरान बताया कि आगामी 04अक्टूबर को होनेवाले राष्ट्रीय जनता दल के कार्यक्रम में वे राजद में शामिल होंगे। उनके साथ एन डी ए के हजारों कार्यकताओं को भी राजद में शामिल कराया जायेगा। ज्ञातव्य है कि आगामी 04अक्टूबर के दिन राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी यादव का औरंगाबाद आने का कार्यक्रम हैं। पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह के इस निर्णय से औरंगाबाद की राजनीति एक नए परिदृश्य की ओर भी इशारा करती है। वार्ता के क्रम में पूर्व विधायक ने बताया कि उनके साथ स्वर्ण, पिछड़ा अतिपिछड़ा, दलित एवं महादलित समाज के हजारों लोगों द्वारा राजद की सदस्यता ली जाएगी। उन्होंने बताया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में वे जेडीयू में रहे लेकिन अब नीतीश कुमार जेडीयू में नहीं रहे। वर्तमान जदयू नेतृत्व उन्हें मंजूर नहीं है।अशोक कुमार सिंह जेडीयू के जिलाध्यक्ष भी रहे हैं उन्होंने बताया कि जेडीयू जिला कमेटी के कई कार्यकर्ता भी राजद की सदस्यता ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु स्थानीय सांसद द्वारा भी क्षेत्र का लगातार दौरा किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजद में जल्द ही जिलाध्यक्ष का भी चुनाव होना है। जिलाध्यक्ष के पद के लिए भी कई पार्टी कार्यकर्ता आमने सामने हैं जो कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी पूरी ताकत लगा रहे। औरंगाबाद की इस राजनीतिक परिवर्तन से जिले में राजनीतिक सरगर्मी बहुत तेजी से बढ़ी है।

# मानवता की मिशाल पेश किया

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद । दाउदनगर के कसेराटोली वार्ड नंबर 13 निवासी श्रीमती सुधा देवी , पति श्री पृथ्वी कांसकार , के लिए रक्त की आवश्यकता की सूचना मिलते ही हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा की सेवा भावना एक बार फिर सामने आई। रक्त की जरूरत की जानकारी मिलते ही राजा कुमार जो बाजार दाउदनगर के रहनेवाले हैं के द्वारा सूचना दी गई। जरूरत के इस कठिन समय में हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा के सम्मानित सदस्य श्री संतोष कुमार शर्मा ग्राम तरार प्रखंड दाउदनगर ने आगे बढ़कर रक्तदान किया और मानवता की मिसाल पेश की। किसी अनजान व्यक्ति के जीवन को बचाने के लिए अपना रक्त देकर,केवल दान नहीं, बल्कि इंसानियत के प्रति एक सच्ची जिम्मेदारी निभाई। संतोष कुमार शर्मा द्वारा किया गया यह महान कार्य निश्चित रूप से समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर चिंटू मिश्रा , मेराज शेख , अजित कुमार राजा कुमार एवं आकाश कांसकार उपस्थित रहे। इस महान रक्तदान के लिए माननीय विधायक प्रकाश चंद्रा ने संतोष कुमार शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। प्रकाश चंद्रा के प्रयास से एक जरूरतमंद मरीज तक जीवनदायी रक्त पहुंच सका।

# छूटे हुए पात्रों को पीएम आवास में जोड़ने के लिए बीडीओ से मिले रौशन

कलेर / अरवल। जिला परिषद कलेर भाग 01 के प्रत्याशी रौशन कुमार ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, कलेर श्री सुशील कुमार से मुलाकात कर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को लेकर आवेदन पत्र सौंपा। रौशन कुमार ने जिला परिषद कलेर भाग 01 के अंतर्गत इंजोर, वलीदाद, उसरी, जयपुर, पहलेजा, सकरी खुर्द एवं कामता पंचायतों में छूटे हुए योग्य एवं पात्र लाभुकों का नाम सूची में शामिल करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने बीडीओ से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित रह गए सभी योग्य एवं पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक पहल की जाए। इस पर बीडीओ ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। रौशन कुमार ने बताया कि क्षेत्र में ऐसे अनेक गरीब एवं जरूरतमंद परिवार हैं, जो पात्र होने के बावजूद अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि कोई भी पात्र परिवार पक्के मकान के लाभ से वंचित न रहे।

# जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026-27 का भव्य शुभारंभ

● गांधी मैदान से खेल महोत्सव का आगाज, जिलेभर के विद्यालयों से पहुंचे खिलाड़ी

प्रात: किरण संवाददाता

मोतिहारी। खेल विभाग, बिहार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के वार्षिक खेल कार्यक्रम 2026-27 के अंतर्गत जिला प्रशासन, पूर्वी चंपारण द्वारा आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026-27 का भव्य शुभारंभ गुरुवार को गांधी मैदान, मोतिहारी में किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन 1 अक्टूबर से 4 अक्टूबर 2026 तक गांधी मैदान, खेल भवन एवं नेहरू स्टेडियम सहित विभिन्न खेल स्थलों पर किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी एवं जिला पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त,



जिला विकास पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन गिरि, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी (डीपीआरओ), जिला खेल पदाधिकारी शुभम कुमार सहित शिक्षा, खेल एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यालय स्तर से ही बच्चों को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलना आवश्यक है। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, खेल भावना और मेहनत के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने तथा अपनी प्रतिभा के माध्यम से जिले का नाम राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिलाधिकारी एवं जिला पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाया तथा विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उद्घाटन समारोह में डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सभी खिलाड़ियों एवं खेल अधिकारियों ने खेल भावना, अनुशासन एवं निष्पक्ष प्रतियोगिता की शपथ ली। खेल परंपरा के अनुरूप मशाल प्रज्ज्वलित कर मशाल दौड़ आयोजित की गई। एक खिलाड़ी द्वारा खेल मशाल लेकर पूरे मैदान का चक्कर लगाया गया, जिसके साथ प्रतियोगिता के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा की गई। पूरे समारोह में खिलाड़ियों, खेल शिक्षकों, प्रशिक्षकों एवं खेल अधिकारियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस वर्ष जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता को खेल महोत्सव के रूप में व्यापक स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। जिलेभर के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों से छात्र-छात्राएं अलग-अलग खेलों एवं स्पर्धाओं में हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन दिवस पर एथलेटिक्स, बैडमिंटन, क्रिकेट, खो-खो सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं शुरू हुईं। वहीं खेल भवन में इंडोर गेम्स की प्रतियोगिताएं भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित की गईं। विभिन्न खेल स्थलों पर खेल अधिकारियों, तकनीकी पदाधिकारियों, निर्णायकों, प्रशिक्षकों एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षकों द्वारा प्रतियोगिताओं का संचालन व्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव अरविंद कुमार सहित विभिन्न खेल संघों से जुड़े पदाधिकारी एवं तकनीकी अधिकारी भी प्रतियोगिता के सफल संचालन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों, खेल शिक्षकों एवं अभिभावकों की मौजूदगी से पूरा वातावरण खेलमय बना रहा। जिला प्रशासन एवं खेल विभाग की ओर से प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों की सुविधा, अनुशासन, तकनीकी व्यवस्था एवं खेल भावना को बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आगामी चार दिनों तक विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# दुर्गा पूजा से पहले अतिक्रमण हटाने की तैयारी, एसडीएम ने बनाई रणनीति

प्रात: किरण संवाददाता



सुगौली, पू.चः आगामी दुर्गा पूजा को देखते हुए सुगौली नगर पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने की कवायद तेज कर दी गई है। गुरुवार को सदर एसडीएम अरुण कुमार नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. मनीष कुमार के साथ बैठक कर शहर की व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि पर्व के दौरान बढ़ने वाली भीड़ और संभावित जाम को देखते हुए शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में चरणबद्ध कार्रवाई की जाएगी। प्रथम चरण में सड़क किनारे लगाए गए अस्थायी शेड, दुकान के आगे बढ़ाए गए सामान तथा अन्य अस्थायी अतिक्रमण को हटाने पर विशेष जोर रहेगा। जरूरत पड़ने पर अमीन से स्थल की मापी कराकर सीमांकन भी कराया जाएगा। कार्रवाई के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की मांग की जा रही है। एसडीएम ने शहर में बिना अनुमति लगाए गए प्रचार-प्रसार एवं विज्ञापन बोर्डों को भी हटाने के निर्देश दिए। अवैध रूप से बोर्ड लगाने वालों पर नियमानुसार जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार विज्ञापन से मिलने वाला राजस्व नगर पंचायत की आय का महत्वपूर्ण स्रोत है, जिसका उपयोग स्थानीय विकास कार्यों में किया जाता है। अवैध विज्ञापन से होने वाले राजस्व नुकसान पर भी रोक लगाने की तैयारी है। प्रशासन के अनुसार पहले चरण में अस्थायी अतिक्रमण पर कार्रवाई होगी। इसके बाद दूसरे चरण में स्थायी अतिक्रमण और अवैध निर्माण के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य दुर्गा पूजा के दौरान सुगम यातायात सुनिश्चित करने के साथ सुगौली को व्यवस्थित और स्वच्छ नगर पंचायत के रूप में विकसित करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल की प्रतिनिधि सभा में नोटबंदी की मांग, 500 और 1000 रुपये के नोटों पर उठे सवाल

बगहा। नेपाल की प्रतिनिधि सभा की बैठक में बुधवार, 30 सितंबर 2026 (असोज 14, 2083) को 500 और 1000 नेपाली रुपये के नोटों को बंद करने यानी नोटबंदी का मुद्दा प्रमुखता से उठा। राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी (रास्वपा) के सांसद यज्ञमणि न्यौपाने ने काले धन पर नियंत्रण के लिए इन बड़े मूल्यवर्ग के नोटों को तत्काल बंद कर नए नोट जारी करने की मांग की। सांसद यज्ञमणि न्यौपाने ने संसद में कहा कि पिछले करीब 35 वर्षों से सत्ता में रहे लोगों द्वारा अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित कर काला धन जमा किए जाने का आरोप है। उनका कहना था कि इस धन को बैंकिंग प्रणाली में लाने के लिए नोटबंदी की जरूरत है। उन्होंने सरकार से 500 और 1000 रुपये के पुराने नोटों को बंद कर नए नोट जारी करने की मांग की। न्यौपाने ने भारत में हुई नोटबंदी का उदाहरण देते हुए उससे सीख लेने की बात भी कही। महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रतिनिधि सभा में नोटबंदी की मांग उठी है, लेकिन 500 और 1000 रुपये के नोटों को बंद करने का कोई सरकारी निर्णय अभी घोषित नहीं हुआ है। यह फिलहाल सांसदों द्वारा सदन में उठाया गया प्रस्ताव और राजनीतिक मांग है। इसके विपरीत, नेपाल राष्ट्र बैंक की मुद्रा प्रबंधन शाखा की हालिया सूचनाओं में 1000 रुपये के नए सीरीज के नोट को प्रचलन में लाने की सूचना भी दर्ज है। इससे स्पष्ट है कि संसद में उठी मांग और केंद्रीय बैंक की वर्तमान मुद्रा व्यवस्था अलग-अलग विषय हैं।

### नेपाल के प्रधानमंत्री राहत कोष में अबतक 16 अरब 15 करोड़ से ज्यादा रकम जमा

बगहा। नेपाल में रसुवा के भोटेकोशी नदी में आई बाढ़ के बाद राहत और पुनर्वास के लिए संचालित प्रधानमंत्री दैवी प्रकोप उद्धार कोष और प्रधानमंत्री राहत कोष में जमा रकम बढ़कर 16 अरब 15 करोड़ 55 लाख 33 हजार 468 नेपाली रुपये पहुंच गई है। यह आंकड़ा प्रधानमंत्री तथा मंत्रिपरिषद कार्यालय की ओर से 30 सितंबर 2026 को जारी जानकारी के आधार पर सामने आया है। प्रधानमंत्री दैवी प्रकोप उद्धार कोष की विभिन्न नौ वाणिज्यिक बैंकों में 12 अरब 5 लाख 99 हजार 729 नेपाली रुपये जमा हैं। इसके अलावा हिमालयन बैंक और लक्ष्मी सनराइज बैंक में रखे डॉलर खातों में 2 करोड़ 71 लाख 6 हजार 822 अमेरिकी डॉलर मौजूद हैं। रसुवा में भोटेकोशी नदी की बाढ़ के बाद सरकार की अपील पर देश-विदेश से राहत राशि मिलने का सिलसिला जारी है। इसी वजह से कोष में जमा रकम लगातार बढ़ी है। सितंबर के शुरुआती दिनों में कोष में करीब 11 अरब रुपये की राशि थी, जो बाद में बढ़कर 12.6 अरब, 14.4 अरब और फिर करीब 15 अरब रुपये तक पहुंची। अब कुल मौजूदात 16.15 अरब रुपये से अधिक हो गई है।

### जिला के वरीय पदाधिकारीगण ने रात्रि में किया पेट्रोलिंग

मोतिहारी नेपाल के तराई क्षेत्रों में अत्यधिक वृष्टि एवं वाल्मीकिनगर बराज से गंडक नदी में भारी मात्रा में जल स्त्राव के कारण पूर्वी चम्पारण जिले के अरेराज, केसरिया एवं संग्रामपुर प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों एवं नीचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। प्रभावित क्षेत्रों के बाँधों के सतत निगरानी एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को दिनांक-30.09.2026 की रात्रि से दिनांक 01.10.2026 के पूर्वाह्न 06:00 बजे तक उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार को संग्रामपुर प्रखंड के लिए, सहायक समाहर्ता राजकृष्ण झा को अरेराज प्रखंड के लिए एवं अपर समाहर्ता विभागीय जांच मो सिबगतुल्लाह को केसरिया प्रखंड के निगरानी के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था। उक्त आलोक में वरीय पदाधिकारी गण द्वारा पुलिस पदाधिकारी, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के अभियंता गण, जल निस्सरण प्रमंडल के अभियंतागण के साथ अनुमंडल पदाधिकारी एवं स्थानीय प्रशासन के साथ रात्रि में लगातार पेट्रोलियम किया गया। चंपारण तटबंध सहित अन्य सभी रिंग बांध सुरक्षित हैं। पेट्रोलिंग के दौरान आश्रय स्थल पर ठहरे हुए बाढ़ प्रभावित लोगों से मिलकर वहां की व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की गई।

## नोनिया टोला बाढ़ शरण स्थली का जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा आज दोपहर में जायजा लिया

मोतिहारी अरेराज प्रखंड के नवादा पंचायत अन्तर्गत नोनिया टोला बाढ़ शरण स्थली का जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा आज दोपहर में जायजा लिया गया। इस दौरान मेडिकल टीम के कार्यों को देखा गया। वहां उपस्थित सिविल सर्जन के द्वारा बताया गया कि पिछले तीन दिनों में जिला अंतर्गत बाढ़ प्रभावित अंचलों में मेडिकल कैंप में लगभग 4000 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है और ढाई हजार से ज्यादा लोगों को आवश्यक दवाइयां दी गई है। यहीं पर सामुदायिक रसोई का संचालन किया जा रहा था जिसका जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया। वहां बाढ़ प्रभावित लोगों को खाना खिलाया जा रहा था। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने खुद से खाना परोसा और लोगों से खाना सहित अन्य व्यवस्था संबंधी जानकारी प्राप्त की।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी

बेतिया (घनश्याम)। जिले में जलजमाव से प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य लगातार संचालित किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी श्री तरनजोत सिंह के निर्देश के आलोक में प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी सक्रियता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहे हैं। प्रभारी पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन शाखा नगमा तबस्सुम ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में 64 सामुदायिक किचेन संचालित किए जा रहे हैं, जहां अब तक कुल 91,997 व्यक्तियों ने भोजन किया है। वहीं जरूरतमंद परिवारों के बीच 12,505 सूखा राशन पैकेट तथा 2,910 पॉलीथिन शीट्स का वितरण किया गया है। बचाव एवं राहत कार्य को प्रभावी बनाने के लिए ठअम्र/रअम्र्क्क की 05 टीमें लगाई गई है। इनके माध्यम से प्रभावित एवं जलजमाव वाले क्षेत्रों में आवश्यक राहत सामग्री पहुंचाने तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता का कार्य किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रभावित क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करते हुए संवेदनशीलता, तत्परता एवं समन्वय के साथ राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।

## 24 शतरंज खिलाडियों का चयन तिरहुत प्रमंडल के लिए किया गया

बेतिया। खेल भवन में आयोजित जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में अंडर - 14 बालिका वर्ग में विजेता महिमा कुमारी +2 बालिका आवासीय विद्यालय बगहा की , उपविजेता इसी स्कूल की खुशबु कुमारी , तीसरे रैंक पे अनुष्का कुमारी रामकृष्ण विद्या मंदिर बैरिया की । अंडर - 17 बालिका वर्ग के विजेता वारिजा जायसवाल सेंट जेवियर स्कूल बेतिया की, उपविजेता गुंजन राज के. आर. स्कूल बेतिया, तीसरे रैंक पे अनुष्का कुमारी संत माइकल अकैडमी बेतिया । वहीं, अंडर-19 बालिका वर्ग शतरंज प्रतियोगिता में संत माइकल एकेडमी की पलक यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी विद्यालय की तेजस्वी राज द्वितीय तथा प्लस टू बालिका विद्यालय, सिकटा की प्रतिमा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं वही अंडर 14 के विजेता बने शिवांश बरनवाल संत रेमेजीयस हायर सेकेंडरी स्कूल बेतिया, उपविजेता आसिफ अली नोट्रेडम पब्लिक स्कूल बेतिया के, तीसरे रैंक पे विष्णु प्रताप सिंह रेनबो स्कूल बगहा 2 अंडर 17 बालक वर्ग में विजेता संजीत राम डॉ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय मेड़रौल ,उपविजेता आर्यन राज संत जेवियर हायर सेकेंडरी स्कूल बेतिया, तीसरी रैंक पे महफूज अली संत माइकल अकैडमी बेतिया अंडर-19 बालक वर्ग में विजेता प्रबल सिंह डीएम एकेडमी बगहा, उपविजेता साजिद एजाज संत माइकल अकैडमी बेतिया, तीसरे रैंक पे शौर्य नंदन नोट्रे डम पब्लिक स्कूल बेतिया। जितने वाले सभी खिलाडियों मेडल देकर सम्मानित किया साथ ही प्रत्येक केटेगरी में टॉप 4 खिलाडियों का चयन तिरहुत लेवल शतरंज प्रतियोगिता जो 8 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर में हो रहा है उसमें सेलेक्शन किया गया। प्रतियोगिता का सफल आयोजन मुख्य निर्णायक सह अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी शाहिद हुसैन, उपमुख्य निर्णयक नवीन जायसवाल, अर्चना कुमारी, मनीष कुमार के द्वारा प्रतियोगिता को सफल बनाया गया ।

## उप विकास आयुक्त ने बैरिया में प्रभावित पंचायतों का जायजा लिया

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया (घनश्याम) ।बैरिया प्रखंड की प्रभावित पंचायतों में आमजन को आवश्यक सहायता एवं राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन ने प्रतिनियुक्त कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों को अपने-अपने क्षेत्र में सतत भ्रमण कर



स्थिति पर नजर रखने तथा प्रभावित परिवारों की आवश्यकताओं का आकलन करते हुए उन्हें समय पर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की आवश्यकता की सूचना तत्काल संबंधित वरीय पदाधिकारी को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने राहत एवं सहायता कार्यों में पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर डीसीएलआर, बेतिया सहित स्थानीय पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित रहे।

## दहेज हत्या मामले में पति-ससुर दोषी करार, मामा गम्हा यादव दोषमुक्त

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। बगहा व्यवहार न्यायालय के एडीजे-4 मानवेंद्र मिश्रा की अदालत ने विवाहिता पिंकी देवी की मौत से जुड़े दहेज हत्या मामले में उसके पति राहुल यादव और ससुर कृष्णा यादव को दोषसिद्ध किया है। वहीं मामले में आरोपित गम्हा यादव को अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर दोषमुक्त कर दिया। दोषसिद्ध दोनों आरोपितों की सजा के बिंदु पर सुनवाई अब 3 अक्टूबर 2026 को होगी। मामला लौकरिया थाना कांड संख्या 61/2025 से जुड़ा है। अभियोजन के अनुसार, पिपराडीह निवासी राजदेव यादव ने अपनी पुत्री पिंकी देवी की शादी 26 फरवरी 2024 को जरार निवासी कृष्णा यादव के पुत्र राहुल कुमार यादव के साथ की थी। आरोप था कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग को लेकर पिंकी को प्रताड़ित किया जाता था। परिवार पर चार लाख रुपये और वाहन की मांग करने का आरोप लगाया गया था।मामले में पुलिस अनुसंधान के बाद तीन आरोपितों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। अदालत ने 14 नवंबर 2025 को कृष्णा यादव, राहुल यादव और गम्हा यादव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 80(2), 103(1) और 3(5) के तहत आरोप गठित किए थे। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने राहुल यादव और कृष्णा यादव को दोषसिद्ध किया। वहीं गम्हा यादव के खिलाफ पर्याप्त संलिप्तता नहीं पाए जाने पर अदालत ने उन्हें दोषमुक्त कर दिया। अब दोषसिद्ध दोनों आरोपितों को कितनी सजा दी जाएगी, इस पर 3 अक्टूबर को अदालत में सुनवाई होगी।

## इनरवा पंचायत में एक दिन, एक घंटा, एक साथ अभियान, डेढ़ किमी तक चला सफाई अभियान



प्रात: किरण संवाददाता

मैनाटांड। स्वच्छता को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को इनरवा पंचायत में स्वच्छता ही सेवा 2026 के तहत ह्यएक दिन, एक घंटा, एक साथह्व कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान में पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ स्वच्छता कर्मी और ग्रामीण भी सड़क पर उतरे। सभी ने हाथों में झाड़ू लेकर करीब डेढ़ किलोमीटर तक सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। मुखिया रामदेव भगत के नेतृत्व में इनरवा गायत्री मंदिर के समीप से नगरदेही गांव तक सड़क की साफ-सफाई की गई। अभियान के दौरान सड़क किनारे पड़े कचरे को हटाया गया। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे घरों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों को भी साफ रखें और खुले में कचरा नहीं फेंकें। मुखिया रामदेव भगत ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पंचायत में सामूहिक रूप से सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण बनाने में आम लोगों की भागीदारी सबसे जरूरी है। पंचायत सचिव गोपेश कुमार ने कहा कि स्वस्थ शरीर और बेहतर जीवन के लिए स्वच्छता बेहद जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए स्वच्छता पर्यवेक्षक सुनील कुमार गिरि ने बताया कि अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान पंचायत में प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। मौके पर सरपंच इनेश गिरी, उपमुखिया आनंद मिश्रा, वार्ड सदस्य रईस मियां, ओम प्रकाश शर्मा, मुनेश्वर चौरसिया, मुन्ना राम, कशिम मियां, आशिक मियां, अशरफ अली, अजय कुमार, कृष्ण यादव, सुकुल साह, पारस राम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, स्वच्छता कर्मी एवं ग्रामीण मौजूद रहे

## मंगलपुर में बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत, प्रशासन ने तेज किए सहायता और बचाव कार्य

बगहा। गंडक नदी में उफान के बाद बगहा के मंगलपुर समेत आसपास के इलाकों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई थी। बाढ़ का पानी कई घरों और सड़कों तक पहुंचने के बाद प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। मंगलपुर में प्रशासन की ओर से बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच राहत एवं सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। बाढ़ के दौरान मंगलपुर समेत बगहा नगर क्षेत्र के कई निचले इलाकों में पानी प्रवेश कर गया था। स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के साथ राहत सामग्री और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया गया। वहीं, जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों तक भोजन, पेयजल, चिकित्सा सुविधा और अन्य जरूरी सहायता पहुंचाने का काम जारी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी पश्चिम चंपारण के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने बाढ़ प्रभावित प्रत्येक परिवार को दशहरा से पहले 7 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की बात कही है। प्रशासन की ओर से लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने और बाढ़ का पानी पूरी तरह उतरने तक सावधानी बरतने की अपील की गई है।अगर आप चाहें तो मैं इसी खबर को रूप में भी तैयार कर सकता हूं।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत एसएसबी 21वीं वाहिनी ने चलाया सफाई अभियान

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एसएसबी 21वीं वाहिनी परिसर में गुरुवार, 1 अक्टूबर को विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वाहिनी के कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत ने किया। इस दौरान अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों और स्थानीय विशिष्ट अतिथियों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। देशभर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत आयोजित ह्यएक दिन, एक घंटा, एक साथह्व कार्यक्रम में जवान बैरकों के आसपास सहित वाहिनी परिसर के विभिन्न हिस्सों में साफ-सफाई की गई। अभियान के दौरान बायोडिग्रेडेबल और नॉन-बायोडिग्रेडेबल कचरे को अलग-अलग एकत्र किया गया। कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत ने स्वयं अधिकारियों, जवानों और अतिथियों के साथ श्रमदान किया। उन्होंने जवानों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। कमांडेंट ने सभी जवानों से अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने तथा स्थानीय लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की अपील की।

## नेपाल की प्रतिनिधि सभा में नोटबंदी की मांग, 500 और 1000 रुपये के नोटों पर उठे सवाल

बगहा। नेपाल की प्रतिनिधि सभा की बैठक में बुधवार, 30 सितंबर 2026 (असोज 14, 2083) को 500 और 1000 नेपाली रुपये के नोटों को बंद करने यानी नोटबंदी का मुद्दा प्रमुखता से उठा। राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी (रास्वपा) के सांसद यज्ञमणि न्यौपाने ने काले धन पर नियंत्रण के लिए इन बड़े मूल्यवर्ग के नोटों को तत्काल बंद कर नए नोट जारी करने की मांग की। सांसद यज्ञमणि न्यौपाने ने संसद में कहा कि पिछले करीब 35 वर्षों से सत्ता में रहे लोगों द्वारा अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित कर काला धन जमा किए जाने का आरोप है। उनका कहना था कि इस धन को बैंकिंग प्रणाली में लाने के लिए नोटबंदी की जरूरत है। उन्होंने सरकार से 500 और 1000 रुपये के पुराने नोटों को बंद कर नए नोट जारी करने की मांग की। न्यौपाने ने भारत में हुई नोटबंदी का उदाहरण देते हुए उससे सीख लेने की बात भी कही। महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रतिनिधि सभा में नोटबंदी की मांग उठी है, लेकिन 500 और 1000 रुपये के नोटों को बंद करने का कोई सरकारी निर्णय अभी घोषित नहीं हुआ है। यह फिलहाल सांसदों द्वारा सदन में उठाया गया प्रस्ताव और राजनीतिक मांग है। इसके विपरीत, नेपाल राष्ट्र बैंक की मुद्रा प्रबंधन शाखा की हालिया सूचनाओं में 1000 रुपये के नए सीरीज के नोट को प्रचलन में लाने की सूचना भी दर्ज है। इससे स्पष्ट है कि संसद में उठी मांग और केंद्रीय बैंक की वर्तमान मुद्रा व्यवस्था अलग-अलग विषय हैं।

## बाढ़ में बहकर सुस्ता नरसई पहुंचा गैंडा हुआ रेस्क्यू, चितवन जंगल में वापस भेजा गया

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। बाढ़ के पानी के साथ बहकर नेपाल के सुस्ता नरसई क्षेत्र में पहुंचे गैंडे का वन विभाग की टीम ने सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया। रेस्क्यू के बाद गैंडे को सुरक्षित तरीके से चितवन के जंगल में वापस भेज दिया गया। गैंडे को पकड़ने के लिए चितवन से विशेष रूप से पालतू हाथियों को मंगाया गया था। रेस्क्यू अभियान के दौरान पालतू हाथियों की मदद से गैंडे को चारों तरफ से घेरकर नियंत्रित किया गया। इसके बाद विशेषज्ञ टीम ने उसे ट्रैंकुलाइज कर बेहोश किया। गैंडे के शांत होने के बाद वनकर्मियों और रेस्क्यू टीम ने उसे सावधानीपूर्वक बड़े पिंजरे में रखा। पिंजरे को ट्रक पर लादकर गैंडे को चितवन जंगल ले जाया गया, जहां उसे उसके प्राकृतिक आवास में वापस छोड़े जाने की प्रक्रिया पूरी की गई। वन विभाग की टीम ने पूरे अभियान के दौरान गैंडे की सुरक्षा और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा। गैंडे के रेस्क्यू की सूचना मिलते ही आसपास के इलाके से बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। गैंडे को देखने और रेस्क्यू अभियान का नजारा देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुरक्षा को लेकर वनकर्मियों और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रही।

## दुर्गम बाढ़ क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर, प्रभावित इलाकों में शुरू हुआ ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। बाढ़ का पानी उतरने के बाद अब बाढ़ प्रभावित इलाकों में बीमारी और महामारी फैलने की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने एहतियाती कदम तेज कर दिए हैं। रहुआ टोला समेत दुर्गम इलाकों चकदहवा और झंडू टोला में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर व कीटनाशक का छिड़काव भी शुरू कर दिया गया है। बाढ़ के दौरान लंबे समय तक जलजमाव रहने से दूषित पानी, गंदगी और मच्छरों के प्रकोप को लेकर ग्रामीणों में बीमारी फैलने की चिंता बनी हुई है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रभावित गांवों में पहुंचकर लोगों की जांच कर रही है। शिविर में मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श देने के साथ जरूरत के अनुसार निशुल्क दवाओं का वितरण भी किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद गंदगी और जलजमाव वाले स्थानों पर संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इसी को देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में साफ-सफाई और ब्लीचिंग पाउडर व कीटनाशक के छिड़काव पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर पूर्व मुखिया पति राजलाल महतो ने सरकार और संबंधित विभाग से विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाने तथा संक्रमण की रोकथाम के लिए दवा और ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव की मांग की थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रभावित इलाकों में अभियान तेज किया गया है। पूर्व बीडीसी गुलाब अंसारी ने बताया कि दुर्गम क्षेत्रों में बाढ़ के कारण पहले ही आवागमन प्रभावित रहा है।

## वीटीआर में तेज रफ्तार कार का टायर फटा, पेड़ से टकराई कार, पांच युवक घायल

बगहा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को भीषण सड़क हादसे में कार सवार पांच युवक घायल हो गए। हादसा जंगल क्षेत्र के भेड़िहारी मोड़ के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार कार का अचानक टायर फट गया। इसके बाद चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। बताया जा रहा है कि कार में सवार युवक उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों के रहने वाले हैं और वाल्मीकिनगर घूमने आ रहे थे। इसी दौरान भेड़िहारी मोड़ के पास अचानक कार का टायर फट गया और वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से बगहा अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉ. तारिक नदीम ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सक के अनुसार विनय चौहान, करीब 20 वर्ष, की हालत गंभीर है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार हादसे में शिवम कुमार यादव (17), उज्जवल राय (17), अमन सिंह (19), अर्नव मणि त्रिपाठी (17) और विनय चौहान घायल हुए हैं। सभी घायल उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों के रहने वाले बताए जा रहे हैं। दुर्घटनाग्रस्त मारुति कार का रजिस्ट्रेशन नंबर वढ 53 ऊ 3546 बताया गया है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में टायर फटना हादसे की वजह सामने आई है। हालांकि पुलिस दुर्घटना के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

## ईंट-भट्ठों के बकाये पर एकमुश्त समाधान योजना लागू

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया। विभागीय अधिसूचना संख्या-6116/एम०, पटना, दिनांक 17.09.2026 के अनुसार राज्य सरकार द्वारा ईंट-भट्ठों पर बकाये से संबंधित ह्यएकमुश्त समाधान योजनाह्व स्वीकृत की गई है। योजना के तहत ईंट-भट्ठा संचालकों को बकाया राशि का मूलधन जमा करने पर ब्याज की राशि में छूट का लाभ मिलेगा। खनिज विकास पदाधिकारी, बेतिया ने बताया कि योजना के तहत नीलाम पत्र वाद में बकाया कुल राशि में से ब्याज की राशि को छोड़कर शेष राशि यानी ह्यएकमुश्त समाधानित राशिह्व जमा करनी होगी। राशि जमा होने के बाद विभागीय पदाधिकारी द्वारा संबंधित नीलाम पत्र पदाधिकारी को प्रतिवेदित किया जाएगा कि संबंधित नीलाम पत्र देनदार पर अब कोई लोक मांग बकाया नहीं है। इसके आधार पर नीलाम पत्र वाद का निस्तारण किया जा सकेगा ।एकमुश्त समाधान योजना की अवधि 21.09.2026 से 20.12.2026 तक निर्धारित है। 20 दिसंबर 2026 के बाद योजना स्वतः समाप्त हो जाएगी तथा इसके बाद ब्याज माफी का लाभ नहीं मिलेगा। खनिज विकास पदाधिकारी ने सभी ईंट-भट्ठा संचालकों से अपील की है कि निर्धारित अवधि में योजना का लाभ उठाते हुए विगत वर्षों के नीलाम पत्र वादों की बकाया मूल राशि जमा कराएं।

# दुगार्पूजा-छठ को लेकर प्रशासन अलर्ट डीएम-एसपी ने की शांति समिति की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

आगामी दुगार्पूजा और छठ महापर्व को लेकर रोहतास जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

डेहरी डालमियानगर नगर परिषद के सम्राट अशोक भवन सभागार में डीएम दीपक कुमार मिश्रा और एसपी मिस्टर राज की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में डेहरी एसडीएम, एसडीपीओ, नगर परिषद के पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मी, पूजा समितियों के सदस्य, जनप्रतिनिधि, सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता समेत स्थानीय लोग मौजूद रहे।



बैठक में दुगार्पूजा पंडालों की सुरक्षा, छठ घाटों की व्यवस्था और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा को लेकर विशेष चर्चा हुई। डीएम ने खतरनाक छठ घाटों को चिन्हित कर वहां आवश्यक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

पूजा समितियों और स्थानीय लोगों से प्राप्त सुझावों पर भी उचित कार्रवाई का भरोसा दिया गया।

वहीं एसपी मिस्टर राज ने कहा कि सभी पूजा स्थलों, छठ घाटों और प्रमुख चौक-चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी भी की जाएगी। डीएम और एसपी ने आम लोगों से त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

# धरहरा थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक, शांतिपूर्ण आयोजन पर जोर

प्रात : किरण संवाददाता

धरहरा (मुंगेर) : दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को धरहरा थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल निरीक्षक शिव अमित प्रकाश कौशिक ने की। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सोनू कुमार, धरहरा उप प्रमुख नीरज कुमार यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में थाना क्षेत्र के महरना, इटवा, ओड़ा बगीचा, भलार, धरहरा सहित दर्जनों गांवों के जनप्रतिनिधि, सभी दुर्गा पूजा समितियों के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा आस्था, शक्ति और भक्ति का महापर्व है। इसे शांति और भाईचारे के साथ मनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पूजा समितियों को सख्त निर्देश



देते हुए कहा 1. सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा और अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखी जाए। 2. डीजे बजाने में माननीय उच्च न्यायालय एवं प्रशासन की गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन हो, अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। 3. विसर्जन जुलूस के लिए पूर्व में ही प्रशासन से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। 4. सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न दें, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और हुड़दंग करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और पूजा समिति के सदस्यों ने भी अपने-अपने सुझाव रखे और जिला प्रशासन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर महरना पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि छबीला यादव, राकेश पटेल, ओड़ा बगीचा पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि उमेश यादव, कमल यादव, धरहरा दक्षिण पंचायत के सरपंच राकेश रंजन उर्फ काली चरण सिंह सहित थाना के सभी पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### छपरा में किसना के शॉप स्पार्कल विन कैंपेन का उत्साह

छपरा : किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के शॉप स्पार्कल विन कैंपेन के तहत छपरा में आयोजित लकी ड्रॉ में मेनका कुमार ने शानदार स्कूटी जीतकर अपनी ज्वेलरी शॉपिंग को यादगार बना लिया। पूरे भारत के 218 शहरों में चल रहे किसना के इस अभियान का उद्देश्य ग्राहकों की ज्वेलरी शॉपिंग को और भी खास बनाना है। लगातार तीसरे वर्ष आयोजित हो रहे इस कैंपेन के तहत 25000 या उससे अधिक की डायमंड ज्वेलरी अथवा 75000 या उससे अधिक की गोल्ड ज्वेलरी की खरीदारी करने वाले ग्राहक, लागू नियम एवं शर्तों के अनुसार लकी ड्रॉ में शामिल होने के पात्र होते हैं। किसना छपरा के फ्रैंचाइजी पार्टनर किशन बरनवाल ने कहा कि मेनका कुमार को लकी ड्रॉ में स्कूटी जीतते देखकर हमें बेहद खुशी हुई। यह हमारे लिए गर्व का पल है कि किसना के माध्यम से हमारे ग्राहकों को ज्वेलरी के साथ खुशियां जीतने का अवसर मिल रहा है। हम छपरा और आसपास के सभी ग्राहकों को किसना के साथ इस रोमांचक अभियान का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं।

### प्रधानमंत्री मुक्त सोलर घर योजना को लेकर प्रखंड कार्यालय में शिविर का आयोजन

दारौंदा प्रखंड कार्यालय में प्रधानमंत्री मुक्त सोलर घर योजना को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी शिम्पी कुमारी के निर्देश पर बिजली विभाग द्वारा सिविल का आयोजन किया गया, शिविर में 50 के करीब आवेदकों ने आवेदन करने के लिए अपना नाम मोबाइल नंबर और पता नोट कराया है, प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रधानमंत्री मुक्त बिजली सोलर घर योजना जो चल रही है , यह योजना लोगों को लागत कम और मुनाफे ज्यादा देने वाली योजना है, ग्रामीणों को छत पर सोलर पैनल लगाने से बिजली की सुविधा अच्छी मिलेगी,

### दो वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय भेजे गए

सीवान/ दारौंदा थाना क्षेत्र में गुरुवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान वीरेंद्र चौहान एवं मदन चौहान, दोनों भाई, के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि दोनों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से आगे की प्रक्रिया पूरी की गई।

### आज पंचायत भवन ओबरा मे सजेगी जनता की महफिल

ओबरा (औरंगाबाद)। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर सभी पंचायतों मे अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएगी। ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामीणों की मौजूदगी मे उनकी प्राथमिकता के विकास योजनाओं का सूची तैयार की जाएगी। स्थानीय मुखिया सीमा अग्रवाल ने बताया कि ओबरा पंचायत भवन मे ग्रामसभा आयोजित की जाएगी। सभी पंचायत वासियों को ग्रामसभा मे पहुंचने को निर्देशित की है। बताया कि योजनाओं की चयन मे पंचायत की भौगोलिक बनावट और स्थानीय जरूरतों का विशेष ख्याल रखने हेतु ग्रामसभा आयोजित की गई। ताकि जिन क्षेत्रों मे जो जरूरत है। उसे प्राथमिकता के आधार पर उसे पूरा किया जा सके। ओबरा मुखिया सीमा अग्रवाल के साथ कारा मुखिया तबसूम आरा सोनहुली मुखिया गीता देवी भरूब मुखिया नागेंद्र उर्फ नन्हकू पाण्डेय समेत अन्य मुखिया ने पंचायत वासियों से आग्रह किया है कि ग्रामसभा मे पहुंचकर लाभ उठाए।

# सोशल मीडिया पर नाबालिगों के अकाउंट को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का संगठन परिवार विकास चन्द्रशेखर नगर ने किया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । बिहार में बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए जमीनी अभियान चला रहे परिवार विकास चन्द्रशेखर नगर ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का स्वागत किया है, जिसमें उसने केंद्र से इस संभावना पर विचार करने को कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए ऐसे वैधानिक नियम बनाए जाएं, जिनके तहत उनके लिए नाबालिगों से संबंधित भारतीय कानूनों का पालन करना अनिवार्य हो। नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन अलायंस ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर मांग की थी कि डिजिटल प्लेटफॉर्मों को इस बात का ध्यान रखने के निर्देश दिए जाएं कि नाबालिगों में अनुबंध करने की कानूनी अधिकार नहीं होता, इसलिए ऑनलाइन सेवाओं तक उनकी पहुंच के लिए जरूरी सुरक्षा उपाय लागू किए जाएं। संगठन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह कदम जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के बाल अधिकारों की सुरक्षा के अथक प्रयासों पर मुहर है। संगठन (एनजीओ का नाम) जेआरसी का एक सहयोगी संगठन है। भारत में जेआरसी अपने सहयोगी संगठनों के साथ देश के सभी 782 जिलों में बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए अभियान चला रहा है। परिवार विकास चन्द्रशेखर नगर सचिव श्री भवानंद जी ने कहा कि हमारे बच्चों की सुरक्षा के लिए यह जरूरी है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को भारत के कानूनों का उल्लंघन करने से रोका जाए। आज ऑनलाइन दुनिया में बच्चों के सामने कई तरह के खतरे मौजूद हैं। क्योंकि नाबालिग बच्चों को बहला-फुसलाकर यौन शोषण, ट्रैफिकिंग और सेक्सटॉर्शन जैसे कामों में आसानी से धकेला जा सकता है। इसके अलावा नाबालिगों के निजी डेटा का दुरुपयोग और साइबर बुलिंग जैसे जोखिम भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस कदम से बच्चों की ऑनलाइन शोषण से रक्षा हो सकेगी। याचिका पर सुनवाई भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने की, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के साथ स्वतंत्र रूप से अनुबंध करने के लिए 18 वर्ष की न्यूनतम आयु सीमा का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि यह महज एक दिशानिर्देश बनकर नहीं रहना चाहिए और केंद्र से इसे इंटरमीडियरीं नियमों के ढांचे में शामिल करने पर विचार करने को कहा। न्यायमूर्ति बागची ने केंद्र का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, कृपया इंटरमीडियरी नियमों के तहत ऐसे निर्देश जारी करें कि वे अपने सॉफ्टवेयर या जिस भी रूप में उस प्लेटफॉर्म को संचालित करते हैं, उसे भारतीय कानून के अनुरूप तैयार करें। सॉफ्टवेयर को भारतीय कानून के अनुरूप होना ही चाहिए। तुषार मेहता ने कहा कि सरकार इस मुद्दे की जांच करेगी और आवश्यक कदम उठाएगी।

# किसना लकी ड्रॉ में बेगूसराय के मुकेश कुमार बने भाग्यशाली विजेता

बेगूसराय : किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के शॉप स्पार्कल विन कैंपेन के तहत बेगूसराय में आयोजित लकी ड्रॉ में मुकेश कुमार ने शानदार स्कूटी जीतकर अपनी ज्वेलरी शॉपिंग को एक यादगार अनुभव में बदल दिया। लगातार तीसरे वर्ष आयोजित हो रहा किसना का शॉप स्पार्कल विन कैंपेन पूरे भारत के 218 शहरों में ग्राहकों के बीच उत्साह पैदा कर रहा है। बेगूसराय स्टोर के फ्रैंचाइजी पार्टनर गुलाब कुमार ने कहा कि मुकेश कुमार को स्कूटी जीतते देखकर हमें बेहद खुशी हुई। हमारे लिए यह सिर्फ एक लकी ड्रॉ नहीं, बल्कि अपने ग्राहक के साथ खुशी बांटने का अवसर है। हम बेगूसराय के सभी ग्राहकों का किसना पर विश्वास और प्यार के लिए आभार व्यक्त करते हैं और उन्हें शॉप स्पार्कल विन कैंपेन का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं।

# दोहरी प्रविष्टि की पुष्टि के बाद ही हटेगा मतदाता का नाम

प्रात : किरण संवाददाता

सीवान/दरौंदा प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को बीएलओ की बैठक हुई। अध्यक्षता बीडीओ सिम्पी कुमारी ने की। बैठक में मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने और दोहरी प्रविष्टियों को चिह्नित कर नियमानुसार कार्रवाई करने को लेकर बीएलओ को दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक दो पालियों में हुई। पहली पाली में बूथ संख्या 221 से 301 तथा दूसरी पाली में बूथ संख्या 302 से 382 तक के



बीएलओ शामिल हुए। बीडीओ ने कहा कि किसी भी मतदाता का नाम बिना सत्यापन के मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा। दो स्थानों पर नाम दर्ज होने की स्थिति में पहले संबंधित मतदाता का सत्यापन किया जाएगा। दोहरी प्रविष्टि की पुष्टि के बाद ही फार्म-7 के माध्यम से नाम विलोपन की कार्रवाई होगी। उन्होंने बीएलओ को अपने-अपने मतदान केंद्रों की मतदाता सूची का बारीकी से मिलान कर दोहरी प्रविष्टियों को चिह्नित करने का निर्देश दिया। साथ ही पात्र मतदाताओं के नाम किसी भी परिस्थिति में प्रभावित नहीं हों, इसका विशेष ध्यान रखने को कहा। बैठक में धर्मेंद्र कुमार मांझी, धनंजय कुमार सिंह, दुर्गेश कुमार, कृष्णा राम, विजय यादव, अजीत कुमार, रामकिशोर पांडेय सहित अन्य बीएलओ उपस्थित थे।

## दारौंदा में छह सूत्री मांगों को लेकर अमीनों ने लगाया काला बिल्ला

सीवान/दारौंदा छह सूत्री मांगों को लेकर बिहार राजस्व अमीन संघ के आह्वान पर गुरुवार को दारौंदा प्रखंड के राजस्व अमीनों ने काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। राजस्व अमीन शैलेश यादव, अभिषेक कुमार समेत अन्य अमीनों ने कार्यालय में अपने कार्यों का निष्पादन करते हुए संघ की मांगों के समर्थन में विरोध जताया। संघ की ओर से मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की गई है। इसके तहत पांच अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बावजूद मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं होने पर छह अक्टूबर से अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर जाने की चेतावनी दी गई है। संघ की प्रमुख मांगों में पदोन्नति, वेतनमान व अन्य भत्तों में वृद्धि, नजदीकी जिले में स्थानांतरण, सेवा शर्तों को सुदृढ़ करना, कार्य के अनुरूप संसाधन व तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराना तथा लंबित मांगों का शीघ्र निष्पादन शामिल है। अमीनों का कहना है कि वे राजस्व विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों के निष्पादन में अहम भूमिका निभाते हैं, लेकिन उनकी कई मांगें लंबे समय से लंबित हैं। संघ ने सरकार से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल करने की मांग की है।

## दारौंदा में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धजनों की सेवा का लिया संकल्प



प्रात : किरण संवाददाता

सीवान/दरौंदा. अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बुधवार को दरौंदा प्रखंड कार्यालय में समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) शिम्पी कुमारी ने की. इसमें विकास मित्र, कार्यपालक सहायक, पंचायत सचिव सहित अन्य कर्मियों ने भाग लिया. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कर्मियों को वृद्धजनों के कल्याण और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया, साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा वृद्धजनों के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी. इस दौरान अटल अभ्युदय योजना के संबंध में भी विस्तार से जानकारी देते हुए इसके उद्देश्यों और वृद्धजनों को मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया. बीडीओ शिम्पी कुमारी ने कहा कि वृद्धजन परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर हैं. उनके अनुभव और मार्गदर्शन से समाज को दिशा मिलती है. इसलिए वृद्धजनों के सम्मान, सुरक्षा और सहयोग के प्रति सभी को संवेदनशील रहने की आवश्यकता है. कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कर्मियों ने वृद्धजनों के सम्मान, सहयोग और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए शपथ ली. साथ ही जरूरतमंद वृद्धजनों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया गया।

## रोहतास के डेहरी में सजेगा नाटकों का महाकुंभ 25 से 30 दिसंबर तक होगा अखिल भारतीय बहुभाषीय लघु नाटक महोत्सव

रोहतास की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम द्वारा 25 से 30 दिसंबर 2026 तक डेहरी के इंजीनियर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब परिसर में अखिल भारतीय बहुभाषीय लघु नाटक प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष सिंहने बताया की देश के करीब 12 से 15 राज्यों की 30 नाट्य संस्थाएं इसमें हिस्सा लेंगी जबकि करीब 500 कलाकारों के शामिल होने की संभावना है। महोत्सव की शुरूआत 25 दिसंबर को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता रैली से होगी। 26 दिसंबर को उद्घाटन के बाद दो प्रदर्शनीय नाटकों का मंचन किया जाएगा। 27 से 29 दिसंबर तक विभिन्न नाट्य संस्थाओं द्वारा प्रतियोगिता के तहत नाटकों का मंचन होगा। वहीं 30 दिसंबर को भव्य रंग यात्रा, सांस्कृतिक संध्या और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। संस्था ने आयोजन में जिला प्रशासन के सहयोग के साथ नगरवासियों से भी सहयोग की अपील की है। इस अवसर पर निदेशक संजय सिंह बाला, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष सिंह, महासचिव रवि तिवारी, सचिव नंदन कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज पांडे, कार्यक्रम निदेशक मुकेश कुमार, मंच निदेशक शादाब सिद्दीकी, संजय सिंह, दिनेश कुमार सिंह, कीर्तन श्रीवास्तव, विनोद गुप्ता, मिथिलेश कुमार सिंह मुन्ना, अरुण शर्मा, कलाम हाशमी, राहुल सिंह गहलोत विजय चौरसिया, प्रेम प्रकाश पी.पी. आलोक सिंह, आकाश कुमार, मनीष कुमार सिंह, जीतू सिंह, शुभम सिंह, विकास कुमार ह्यकश्यपह्, पंकज कुमार ह्यटिंकूह्, सरफराज आलम ह्यराजूह्, मोहम्मद सादीक, अजय सिन्हा, राहुल कुमार, भोला कुमार ह्यविजयवंशीह्, नीरज कुमार, राजू खान, सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## गंगा की रफ्तार पर लगा ब्रेक, बड़हरा में बाढ़ से राहत की उम्मीद जगी

बड़हरा (भोजपुर)। बड़हरा प्रखंड क्षेत्र में गंगा के बढ़ते जलस्तर की रफ्तार गुरुवार को काफी धीमी पड़ गई। पिछले दिनों तेजी से बढ़ रहे जलस्तर में अचानक आई कमी से तटवर्ती इलाकों के लोगों ने राहत की सांस ली है। जल संसाधन विभाग के अनुसार, गुरुवार सुबह छह बजे गंगा का जलस्तर 53.66 मीटर दर्ज किया गया था, जो शाम चार बजे बढ़कर 53.70 मीटर पर पहुंच गया। यानी 10 घंटे के दौरान जलस्तर में महज चार सेंटीमीटर की वृद्धि हुई। वहीं, दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक केवल एक सेंटीमीटर पानी बढ़ा। बुधवार को महज 12 घंटे में जलस्तर में 46 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई थी। इसके मुकाबले गुरुवार को पानी बढ़ने की रफ्तार में काफी गिरावट आई है। विभाग ने शुक्रवार की सुबह से गंगा के जलस्तर में कमी आने की संभावना जताई है। संपर्क मार्गों पर अब भी बाढ़ का कब्जा जलस्तर की रफ्तार धीमी होने के बावजूद बाढ़ की परेशानी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। दुर्गटोला-गजियापुर, दुर्गटोला-शिवपुर, फरहदा-नाथमलपुर और बखोरपुर-लौहर संपर्क मार्ग पर अब भी बाढ़ का पानी फैला हुआ है। इन मार्गों पर आवागमन प्रभावित है। वहीं, निचले इलाकों और कृषि योग्य भूमि में पानी जमा रहने से ग्रामीणों की मुश्किलें बरकरार हैं। खरीफ के नुकसान के बाद रबी की बुआई पर संकट गंगा के जलस्तर में बार-बार हो रही वृद्धि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पड़रिया निवासी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि बाढ़ के कारण खरीफ फसल को पहले ही काफी नुकसान हो चुका है। अब तीसरी बार गंगा का जलस्तर बढ़ने से रबी फसल की बुआई में भी देरी होने की आशंका है। खेतों में पानी जमा रहने के कारण समय पर खेती शुरू करना मुश्किल हो रहा है। जलस्तर पर विभाग की पैनी नजर जल संसाधन विभाग की ओर से गंगा के जलस्तर की लगातार निगरानी की जा रही है। शुक्रवार से पानी घटने की संभावना के बीच तटवर्ती गांवों के लोगों की निगाहें अब गंगा के अगले रुख पर टिकी हैं। जलस्तर में गिरावट आने पर ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनजीवन और खेती-किसानी को राहत मिलने की उम्मीद है।

# पटना के विद्यापति भवन में आज सजेगा राष्ट्रीय सूढ़ी महासभा का मंच

## अतिपिछड़ा श्रेणी में शामिल करने की मांग को लेकर जुटेंगे सूढ़ी समाज के हजारों लोग

- राज्यस्तरीय सम्मेलन में दिखेगी एकजुटता की ताकत

अभय आर्या

पटना। राजधानी पटना स्थित विद्यापति भवन में आज राष्ट्रीय सूढ़ी महासभा के तत्वाधान में एक भव्य राज्यस्तरीय सम्मान समारोह सह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न जिलों समेत पड़ोसी देश नेपाल से भी समाज के हजारों लोग हिस्सा लेने पहुंच रहे हैं। सम्मेलन के संयोजक प्रह्लाद पूर्वे ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सूढ़ी समाज को अतिपिछड़ा (एनेक्सचर-1) श्रेणी में शामिल करने की मांग को मजबूती से उठाना है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन सूढ़ी समाज को उनका राजनीतिक और सामाजिक हक दिलाने तथा राज्यस्तरीय सम्मान प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। प्रमुख नेता और गणमान्य अतिथि होंगे शामिल समाज की एकजुटता और अधिकारों की आवाज बुलंद करने के




लिए आयोजित इस मंच पर कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियां और सामाजिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। बिहार के प्रमुख नेताः बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, मंत्री दिलीप जायसवाल, एमएलसी रेखा कुमारी, पूर्व सिक्किम राज्यपाल गंगा प्रसाद, दीघा विधायक संजीव चौरसिया, ढाका विधायक पवन जायसवाल, पूर्व एमएलसी सुमन कुमार महासेठ, पूर्व मंत्री रामचंद्र पूर्वे, रामप्रकाश महतो, स्मिता पूर्वे और अखिल भारतीय शौण्डीक संघ के अध्यक्ष रामावतार महतो,। विभिन्न राज्यों एवं नेपाल से अतिथिः नेपाल से अंतर्राष्ट्रीय सूढ़ी जागरण अभियान मंच संचालक रामउदार महासेठ, अखिल भारतीय सूढ़ी/शौण्डीक समाज के संयोजक शिवरत्न गुप्ता, मुम्बई सूढ़ी समाज के अध्यक्ष रमेश राउत, दिल्ली सूढ़ी समाज के अध्यक्ष अशोक नायक और झारखंड प्रदेश सूढ़ी समाज से विरेन्द्र साहु मंच साझा करेंगे। सम्मेलन को लेकर सूढ़ी समाज के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और राजधानी में भारी संख्या में प्रतिनिधियों का जुटना जारी है।

**Govt. of Bihar**

**Department of Environment, Forest & Climate change.**
**Office of the Divisional Forest Officer,**
**Nalanda Forest Division, Biharsharif**
**NOTICE INVITING TERM TENDER**
**TENDER NOTICE NO: 13 /2026-27**

The Divisional Forest Officer, Nalanda Forest Division, Biharsharif, invites separate offline tenders under the **Two-Bid System** from reputed, experienced and technically and financially competent agencies for the Supply, Installation, Testing, Commissioning and Comprehensive Maintenance of Silent Diesel Generator (DG) Sets, including all necessary accessories and allied works such as cabling, earthing, foundation/base, exhaust arrangement, AMF/Auto Changeover Panel, batteries, battery charger, vibration isolation arrangement, acoustic enclosure and other works required for their safe, reliable and satisfactory operation at Rajgir and Biharsharif, Nalanda District. The detailed requirements, specifications, terms and conditions are provided in the Tender Document/Scope of Work.

| Sl No. | Scope of work | Quantity | Place of Work | Cost of tender document (In Rupees) | Earnest Money Deposit (In Rupees) Offline |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01. | Supply, Installation, Testing and Commissioning of 100 KVA Silent Diesel Generator Set, CPCB IV+ compliant, powered by a 6-cylinder diesel engine and coupled with a 415 V, 3 -Phase, 50 Hz Mecc Alte alternator, complete with acoustic enclosure, AMF/Auto Changeover Panel, battery and battery charger, exhaust system, cabling, earthing, suitable foundation/base, vibration isolators and all standard accessories and allied works required for safe, reliable and satisfactory operation. | 01 | Rajgir | Rs. 1,000.00 | Rs. 70,000.00 |
| 02. | Supply, Installation, Testing and Commissioning of 58.5 KVA Silent Diesel Generator Set, CPCB IV+ compliant, 3 -Phase, 415 Volts, 50 Hz, Kirloskar make, complete with standard accessories, acoustic enclosure, AMF/Changeover Panel, cabling, earthing, battery and battery charger, exhaust system, suitable foundation/base, vibration isolation arrangement, and all other allied works required for safe, reliable and satisfactory operation, including comprehensive maintenance as specified in the tender. | 01 | Biharsharif | | |

**Tender Schedule/ Programme:**

| Sl. No. | Activity | Date/Time: Duration |
|---|---|---|
| 1. | Starting Date/Time of purchase of bid document | From 02.10.2026 (10.00 AM) (In the office of the Divisional Forest Officer, Nalanda Forest Division, Biharsharif and https://state.bihar.gov.in/forest). |
| 3. | Last Date/Time of purchase of bid document | Till 08.10.2026 up to 5.00 P.M. |
| 4. | Date/Time for Submission of offer/Bid | Till 09.10.2026 up to 11.00 A.M. (In the office of the Divisional Forest Officer, Nalanda Forest Division, Biharsharif). |
| 5. | Date & time for Opening of Technical Bid. | 09.10.2026 at 12:00 P.M. (In the office of the Divisional Forest Officer, Nalanda Forest Division, Biharsharif). |
| 6 | Financial Bid Opening Date and Time | 09.10.2026 at 03:00 P.M. (In the office of the Divisional Forest Officer, Nalanda Forest Division, Biharsharif). |
| 7. | Contact person/Nodal Officer for queries | Divisional Forest Officer, Nalanda Forest Division, Biharsharif, Email: dfonalandafdivision@gmail.com, Mobile No. +91 91231 24835 |

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

**Divisional Forest Officer,**
Nalanda Forest Division, Biharsharif

**PR. No. 012967 (Forest) 2026-27**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

संक्षिप्त समाचार

## धोखे से बुलाया कॉलेज के बाहर, फिर कर दी 19 वर्षीय छात्र की चाकू मारकर हत्या

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु में बुधवार को एक निजी कॉलेज के बाहर 19 वर्षीय छात्र की चाकू मारकर



हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, दो छात्र समूहों के बीच विवाद के दौरान यह घटना हुई। मृतका का नाम योगेश है। वह नगरभावी स्थित एक निजी कॉलेज में बी.कॉम प्रथम वर्ष का छात्र था। पुलिस ने बताया कि योगेश क्लास में बैठा था, तभी उसके एक दोस्त ने उसे बाहर बुलाया। कॉलेज से बाहर निकलते ही दो छात्र समूहों के बीच अनजान मुद्दे को लेकर झगड़ा शुरू हो गया। इस विवाद के दौरान एक व्यक्ति ने चाकू निकालकर योगेश पर हमला कर दिया। योगेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, इस घटना में चार से पांच लोग शामिल होने का संदेह है। अभी तक उनमें से सिर्फ एक की पहचान हो पाई है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद घटना का असली मकसद और परिस्थितियां साफ होंगी। आगे की जांच जारी है।

## निशुल्क बस यात्रा के लिए एनबीएसटीसी ने मांगे 25 करोड़

**कोलकाता, एजेंसी।** सरकारी बसों में महिलाओं की निशुल्क यात्रा के बढ़ते दबाव के बीच उत्तरबंग राज्य परिवहन निगम (एनबीएसटीसी) ने राज्य सरकार से 25 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि मांगी है। निगम के प्रबंध निदेशक अश्विनीकुमार राय ने बताया कि नवंबर तक महिला यात्रियों की निशुल्क यात्रा का खर्च संभालने के लिए यह राशि मांगी गई है। राज्य सरकार पहले ही दो चरणों में निगम को 23 करोड़ 74 लाख रुपये दे चुकी है, जो अब खत्म होने के करीब है। निगम के अनुसार, निशुल्क यात्रा की सुविधा शुरू होने के बाद बसों में महिला यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पूजा के दौरान लंबी दूरी की बसों में अग्रिम बुकिंग भी बढ़ी है और इनमें बड़ी संख्या महिला यात्रियों की है। यात्रियों की सेवा सामान्य बनाए रखने के लिए निगम ने अतिरिक्त राशि की मांग की है। पूजा से पहले उत्तर बंगाल के कई रूटों पर बस सेवा फिर शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इनमें दिनहाटा के कई रूट भी शामिल हैं, जहां विभिन्न कारणों से पहले बस सेवा बंद हो गई थी। यात्रियों की मांग को देखते हुए इन मार्गों पर दोबारा बसें चलाने की तैयारी है।

## केरलम में बढ़ा राजनीतिक तनाव, भाजपा मुख्यालय और पार्टी नेता की गाड़ी पर हमला

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरलम में बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच भाजपा ने बुधवार को आरोप लगाया कि तिरुअनंतपुरम स्थित उसके राज्य मुख्यालय पर अज्ञात लोगों ने हमला किया। पार्टी के अनुसार, हमलावरों ने इमारत पर बोतलें और पत्थर फेंके। इससे पहले शाम को भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पीके कृष्णदास के वाहन पर भी हमला किया गया। भाजपा ने दोनों घटनाओं की निंदा करते हुए कहा कि पार्टी कार्यालय पर हमला लोकतंत्र के मूल्यों के लिए चुनौती है। पार्टी ने कहा कि राजनीतिक रूप से सामना करने में असमर्थ होने पर हिंसा का सहारा लेना लोकतांत्रिक राजनीति के अनुरूप नहीं है। कृष्णदास के वाहन पर हमला नेय्याट्टिनकारा में हुआ। भाजपा ने आरोप लगाया कि वाहन में तोड़फोड़ की गई। इसके बाद पार्टी ने गुरुवार को पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की। ये घटनाएं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हालिया कोल्लम दौरे के दौरान हुए काले झंडे के विरोध के बाद बढ़े राजनीतिक तनाव के बीच सामने आई हैं। इससे पहले कांग्रेस ने भी अपने कार्यालयों पर हमले और स्थानीय नेताओं को धमकाने के आरोप लगाए थे। भाजपा ने जवाब में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर अपने तिरुअनंतपुरम दक्षिण जिला अध्यक्ष बीजू पर हमले का आरोप लगाया था।

## अगर केंद्र और मणिपुर सरकार ने कुछ नहीं किया तो लेंगे चीन की मदद', सुरक्षा को लेकर नगा ग्रुप ने दी धमकी

**गुवाहाटी, एजेंसी।** मणिपुर में तंगखुल नगा छात्रों और सिविल सोसाइटी ग्रुप ने चेतावनी दी है कि भारत-म्यांमार सीमा के संवेदनशील इलाकों में नगा नागरिकों की अनदेखी उन्हें चीन समेत पड़ोसी देशों से मदद मांगने के लिए मजबूर कर सकती है। उन्होंने मंगलवार को केंद्र और राज्य सरकार से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कदम उठाने की मांग की। इम्फाल में तांगखुल अजे कतमनाओ लॉन्ग जिसे सदर्न तांगखुल



स्टूडेंट्स यूनियन के नाम से भी जाना जाता है के प्रेसिडेंट यारचूइसो काशुंग ने कहा, 'इस मोड़ पर हम बहुत थक चुके हैं।' काशुंग ने आगे कहा, 'अगर मणिपुर सरकार और भारत सरकार मूल निवासियों खासकर बॉर्डर के संवेदनशील इलाकों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा करने में असमर्थ या अनिच्छुक है तो लोगों के पास चीन जैसे पड़ोसी देशों से मदद मांगने के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचेगा।' काशुंग ने नगा नागरिकों की सुरक्षा के लिए तुरंत कदम उठाने की मांग की और कहा, 'अगर मुख्यमंत्री राज्य और वहां के लोगों की सुरक्षा करने में असमर्थ हैं तो उन्हें खुद ही इस्तीफा दे देना चाहिए।' सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों में अलगाव की भावना जाहिर करते हुए उन्होंने कहा, 'जब मणिपुर राज्य सरकार और केंद्र सरकार को हमारी कोई परवाह नहीं होती तो सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले हम लोगों को ऐसा लगता है कि हम न तो मणिपुर का हिस्सा हैं, न केंद्र सरकार का और न ही भारत का।'

## कानून को भूल जाओ और सिर्फ सॉफ्टवेयर के पीछे भागो...

### एसआईआर को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट का चुनाव आयोग पर तंज

**मुंबई, एजेंसी।** गोवा के एक ही परिवार के छह सदस्यों के नाम स्ढ्ढक्र वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं। इस मामले की सुनवाई बॉम्बे हाई कोर्ट कर रहा है। हाई कोर्ट ने बुधवार को हुई सुनवाई में चुनाव आयोग की स्ढ्ढक्र प्रक्रिया में दिख रही गड़बड़ी की आलोचना की। बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा, 'टेक्नोलॉजी के बजाय कानून का पालन किया जाना चाहिए। आखिरकार, यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि कोई भी वोटर छूट न जाए।' हाई कोर्ट ने 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950' और 'मतदाता पंजीकरण नियम' के प्रविधानों के बारे में चुनाव आयोग से सवाल किए और स्ढ्ढक्र प्रक्रिया में हुई गड़बड़ी का स्पष्टीकरण मांगा। जस्टिस वाल्मीकि मेनेजेस और जस्टिस अमित जामसांडेकर की डिवीजन बेंच ने कहा, 'स्ढ्ढक्र ने असल में, चाहे किसी भी निर्देश के तहत हो, पूरे सिस्टम को सस्पेंड कर दिया है। यह धारा 22, नियम 21 और उन सभी नियमों को सस्पेंड करता है और कहता है कि सारे कानूनों को भूल जाओ। अब आप सॉफ्टवेयर को मानो। ऐसा नहीं हो सकता। इसका क्या स्पष्टीकरण है?'



बेंच ने कहा, 'हमें कानून में दिखाएं कि आपको बिना सुनवाई के नाम हटाने का अधिकार किसने दिया। अगर आप किसी का नाम हटाने की योजना बना रहे हैं तो आपको उस व्यक्ति को पहले सुनवाई का मौका देना होगा।' गोवा में सांता क्रूज निर्वाचन क्षेत्र के एक ही परिवार के छह सदस्यों के नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए, जबकि उन्होंने अपना पता बदलने की जानकारी भी 'फॉर्म 8' में भरकर चुनाव आयोग को दी थी।

श्चष्ट का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील गौरीश अग्नि ने हाई कोर्ट को बताया कि सिस्टम स्ढ्ढक्र के दौरान 'फॉर्म 8' की प्रोसेसिंग की इजाजत नहीं देता था, जिसके बाद उनके नाम हटा दिए गए थे। हाई कोर्ट ने चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा, 'हमारी समझ से, कानून हर समय काम करना चाहिए। श्वत्रञ्ज के पास सॉफ्टवेयर की चाबी होनी चाहिए, चाहे उसे कोड कहें या कुछ और। इससे वह अपने आदेश के अनुसार सॉफ्टवेयर को खोल सके, उसमें जानकारी डाल सके या उसे हटा सके। यह चाबी किसी तीसरे व्यक्ति के पास नहीं हो सकती।' बेंच ने कहा, 'टेक्नोलॉजी के बजाय कानून का पालन किया जाना चाहिए। इसे वोटर के हित में काम करना चाहिए। आखिरकार, यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि कोई भी वोटर छूट न जाए।' गौरीश अग्नि ने बताया कि स्ढ्ढक्र अवधि के दौरान, फॉर्म 8 पर कार्रवाई नहीं हो सकी।

## मैं रख लूंगी अपना ख्याल, नाइट शिफ्ट और पारिवारिक दबाव में आकर बेंगलुरु की महिला ने छोड़ी जॉब

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कई नौकरीपेशा लोगों के लिए अपनी अच्छी खासी नौकरी छोड़कर दूसरा काम पकड़ना आसान नहीं होता है लेकिन कुछ लोग होते हैं जो कठोर फैसला लेते हैं और जिंदगी को अपनी शर्तों पर जीते हैं। ऐसी ही एक महिला बेंगलुरु में है जिसने आईटी की नौकरी छोड़कर ऑटो चलाने का फैसला किया।

इस महिला ने नाइट शिफ्ट और पारिवारिक दबाव की वजह से ये कदम उठाया। उनका कहना है कि अब उन्हें ज्यादा सुकून भी मिल रहा है और अच्छे खासे पैसे भी कमा लेती हैं। महिला ने बताया कि उनकी आईटी की नौकरी में नाइट शिफ्ट ज्यादा होने लगी थीं। पिता की मौत के बाद वह अपनी मां के साथ रह रही थीं और उन्हें रात में मां को अकेला छोड़ने का विचार परेशान करता था। उन्होंने बताया कि वह आईटी में ही काम करना पसंद करतीं लेकिन बदलते शेड्यूल की वजह से घर की जिम्मेदारियों को संभालना मुश्किल होता जा रहा था।

उनकी शिफ्ट भी तय नहीं थी और हर हफ्ते बदलती रहती थी, जिसकी वजह से एक रुटीन बनाना मुश्किल होता जा रहा था। लगातार शिफ्ट बदलने की वजह से उनका रूटीन पूरी तरह बदल गया था। आने-जाने की वजह से भी मुश्किलें बढ़ जाती थीं। उन्होंने कहा कि कभी-कभी कर्मचारियों को उनकी शिफ्ट शुरू होने से एक या दो घंटे पहले ही कंपनी की कैब लेने आ जाती थी, जिसे उन्होंने सिरदर्द बताया। इसलिए उनके लिए सवाल सिर्फ यह नहीं था कि उन्हें अपनी नौकरी पसंद है या नहीं। सवाल



यह था कि क्या उस नौकरी के साथ वह अपनी बाकी जिंदगी भी ठीक से संभाल पा रही थीं। उनकी सेहत भी एक चिंता का विषय बन गई थी।

उन्होंने बताया कि काम के मुश्किल रूटीन की वजह से उन्हें हो गया, जिससे उन्हें अपने करियर के बारे में फिर से सोचने की एक और वजह मिल गई। आखिरकार, वह ऐसे मोड़ पर पहुंच गईं जहां उन्हें लगा कि हालात को खुद ही संभालना होगा। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता। मैं यह करूंगी और यह मुमकिन है। मैं अपना ध्यान रखूंगी।' इसी सोच ने उन्हें एक अलग करियर की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

आईटी की नौकरी छोड़ने का मतलब यह बिल्कुल नहीं था कि उन्होंने कोई आसान पेशा चुन लिया। ऑटो चलाने में भी अपनी चुनौतियां हैं। जैसे लंबे समय तक काम करना, ट्रैफिक, सुरक्षा की चिंताएं और अजनबियों से निपटना लेकिन इस महिला को जो फायदा हुआ, वह था अपने शेड्यूल पर अपना कंट्रोल।

उन्होंने बताया कि वह खुद तय कर सकती थीं कि कब काम करना है और सबसे जरूरी बात यह कि जब उनके परिवार को उनकी जरूरत होती तो वह अपना शेड्यूल बदल सकती थीं।

## वापी में महिला की हत्या के मामले में पुलिस का खुलासा, पति निकला कातिल, हुई गिरफ्तारी

**वलसाड, एजेंसी।** गुजरात की औद्योगिक नगरी वापी के छरवाड़ा इलाके में सरेआम हुई एक युवती की हत्या के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इस मामले में डुंगरा पुलिस ने कुछ ही समय में युवती की हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। हालांकि, युवती की हत्या करने वाला आरोपी सामने आने के बाद पुलिस भी हैरान रह गई। वापी के छरवाड़ा इलाके की संस्कार सोसायटी में कुछ दिन पहले शाम के समय एक युवती की सोसायटी में ही बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। सीमा नाम की यह युवती ब्यूटी पार्लर चलाती थी और अपने घर से ब्यूटी पार्लर जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान जैसे ही वह अपनी सोसायटी की बिल्डिंग के नीचे पहुंची, तभी एक युवक ने चाकू जैसे धारदार हथियार से उस पर जानलेवा हमला कर दिया और सरेआम उसकी हत्या कर दी। दिनदहाड़े सोसायटी में हुई हत्या की इस घटना से अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना



मिलते ही वापी की डुंगरा पुलिस मौके पर पहुंची और हत्या के बाद फरार हो रहे आरोपी परेश कंटारिया को तत्काल गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पुलिस उपाधीक्षक बी.एम. दवे ने मीडिया को बताया कि आरोपी परेश कंटारिया मृतक युवती सीमा का पति था। दोनों की कुछ वर्ष पहले शादी हुई थी। परेश और सीमा ने प्रेम विवाह किया था और दोनों का एक बच्चा भी है। हालांकि, पिछले चार वर्षों से पति-पत्नी के बीच अनबन चल रही थी। आरोपी पति ने पहले भी मारने का प्रयास किया था, जिसमें पहले भी एक एफआईआर दर्ज हुई थी और आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। दोनों के बीच विवाद चल रहा था, इस कारण दोनों अलग-अलग रहते थे। सीमा अपने पति परेश कंटारिया से अलग होकर साईं संस्कार सोसायटी में रह रही थी। उधर, मामला कोर्ट में भी विचाराधीन था। कोर्ट में चल रहे मामले के दौरान सीमा ने अपने पति परेश कंटारिया से भरण-पोषण के लिए बड़ी रकम की मांग भी की थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच आए दिन विवाद और झगड़ा होता था और पारिवारिक कलह भी चल रही थी। उन्होंने बताया कि घटना वाले दिन परेश कंटारिया सीमा के घर आया था। दोनों के बीच कोर्ट में चल रहे मामले को लेकर तीखी बहस हुई। इसी दौरान गुस्से में आए परेश कंटारिया ने चाकू जैसे धारदार हथियार से सोसायटी के बीचों-बीच दिनदहाड़े अपनी पत्नी की हत्या कर दी। फिलहाल, पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## प्रवासियों को लेकर ब्रिटेन-फ्रांस का समझौता खत्म

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन और फ्रांस के बीच चल रही एक योजना को खत्म कर दिया गया है। इस योजना का मकसद छोटी नावों से इंग्लिश चैनल पार करके ब्रिटेन आने वाले प्रवासियों की संख्या कम करना था। ब्रिटेन सरकार ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि तथाकथित 'एक के बदले एक' समझौते के तहत अब नए मामलों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस योजना के तहत जो लोग खतरनाक तरीके से इंग्लिश चैनल पार करके ब्रिटेन पहुंचते थे, उन्हें हिरासत में लिया जा सकता था। उन्हें फ्रांस वापस भेजा जा सकता था। इसके



बदले फ्रांस से उतने ही शरण मांगने वाले लोगों को ब्रिटेन लाया जाना था। इन लोगों ने सुरक्षित और कानूनी रास्ते से ब्रिटेन में शरण के लिए आवेदन किया था। इस समझौते के तहत करीब 1,500 लोगों को फ्रांस वापस भेजा गया है। इसके बदले इससे थोड़े कम लोगों को ब्रिटेन लाया गया है। योजना अब सक्रिय नहीं है। लेकिन गृह मंत्रालय ने कहा कि जिन लोगों को पहले ही हिरासत में लिया जा चुका है, उन्हें आने वाले हफ्तों में विमान से वापस भेजने की प्रक्रिया जारी रहेगी। फिलहाल हालात पिछले साल से काफी अलग हैं। इस साल इंग्लिश चैनल पार करने वाले लोगों की संख्या तेजी से घटी है। यह संख्या पांच साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। इसके पीछे कई वजहें बताई गई हैं।

## पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर फिर की एयरस्ट्राइकः दो घरों पर बरसीं मिसाइलें, नौ की मौत; महिलाएं और बच्चे भी घायल

**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान में पाकिस्तानी सैन्य कार्रवाई को लेकर तनाव बढ़ता जा रहा है। तालिबान के प्रवक्ता जुबैहुल्लाह मुजाहिद ने दावा किया है कि पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक में कम से कम नौ अफगान नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हुए हैं। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल बताए गए हैं। मुजाहिद के मुताबिक, बुधवार रात अफगानिस्तान के कुनार और हेलमंद प्रांतों में नागरिकों के घरों को निशाना बनाया गया। हमले में तीन मकान भी तबाह होने का दावा किया गया है।



तालिबान प्रवक्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि कुनार के शुल्तान जिले के चुगाम इलाके और हेलमंद के गरमसर जिले के सफर इलाके में पाकिस्तानी विमानों ने हवाई हमले किए। उनके अनुसार, इन हमलों में नौ अफगान नागरिक मारे गए और 11 अन्य घायल हुए। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। तीन घरों के नष्ट होने की भी बात कही गई है। मुजाहिद ने इस कार्रवाई को आक्रामकता और अपराध बताते हुए इसकी निंदा की। उन्होंने कहा कि यह हमला स्वीकार्य अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों का उल्लंघन है।

हाल के दिनों में कई इलाकों में हमले

अफगानिस्तान में यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है, जब पिछले कुछ दिनों में पाकिस्तान की ओर से कई अफगान प्रांतों में हवाई हमलों की खबरें सामने आई हैं। 24 सितंबर को कंधार, पक्तिया और खोस्त में हुए पाकिस्तानी हमलों में चार नागरिकों के मारे जाने का दावा किया गया था। इससे तीन दिन पहले कुनार और पक्तिका में हुए हमलों में तीन लोगों की मौत की बात सामने आई थी। इस तरह हाल के दिनों में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ता दिखाई दे रहा है।

तालिबान प्रवक्ता जुबैहुल्लाह मुजाहिद ने पिछले सप्ताह पाकिस्तान पर अफगानिस्तान में हमलों के जरिए अपने देश की आंतरिक समस्याओं से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया था। कंधार के एक धार्मिक मदरसे में बोलते हुए मुजाहिद ने दावा किया था कि पाकिस्तान में राजनीतिक और आर्थिक परेशानियां बढ़ रही हैं और घरेलू विरोध-प्रदर्शनों के बीच वहां की सरकार अफगानिस्तान पर हमलों के जरिए लोगों का ध्यान दूसरी ओर ले जाना चाहती है। हालांकि, ये आरोप तालिबान पक्ष की ओर से लगाए गए हैं।

मुजाहिद ने पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के बीच हुए रक्षा समझौते का भी जिक्र किया। तीनों देशों ने 7 अगस्त को मक्का में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

# वायुसेना अड्डे के पास संदिग्ध आतंकी घटना में ईरान की भूमिका

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम ने बुधवार को कहा कि ब्रिटेन का मानना है कि दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड के एक गांव में रॉयल एयर फोर्स के अड्डे के पास हुई घटना में ईरान की भूमिका थी। इस घटना की जांच देश की आतंकवाद रोधी पुलिस कर रही है। रविवार को पांच ब्रिटिश नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था। सभी की उम्र 20 साल के आसपास है। पुलिस को विलफोर्ड गांव में एक सूचना मिली थी। यह गांव रॉयल एयर फोर्स के फेयरफोर्ड अड्डे के पास है। सूचना मिलने के बाद पुलिस वहां पहुंची थी। इसके बाद पांचों लोगों को गिरफ्तार किया गया। बाद में सभी को जमानत पर छोड़ दिया गया।




**बर्नहम ने क्या बताया?:** इस अड्डे पर बड़ी संख्या में अमेरिकी वायुसेना के जवान और अभियान मौजूद हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संदिग्धों को जमानत दिए जाने पर सवाल उठाया है। बर्नहम ने पत्रकारों से कहा, इस बात के मजबूत संकेत हैं कि ईरान की इसमें भूमिका थी। फिर भी यह पुलिस की एक जटिल और बेहद गंभीर जांच है। इसलिए इस समय मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकता। उन्होंने बताया कि उन्होंने सोमवार को कैबिनेट कार्यालय में आपात बैठक की अध्यक्षता की थी। इसे कोबरा बैठक कहा जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार इस बात की पुष्टि होने का इंतजार कर रही थी कि वह क्या जानकारी सार्वजनिक कर सकती है। अब सरकार यह पुष्टि कर सकती है कि उसका मानना है कि ईरान की इसमें भूमिका थी। ईरान पहले ही इस घटना में किसी भी तरह की भूमिका से साफ इनकार कर चुका है। लंदन स्थित ईरानी दूतावास ने इसे 'ईरान को लेकर डर फैलाना' बताया था। बर्नहम से पूछा गया कि मामले की गंभीरता के बावजूद गिरफ्तार किए गए पांच लोगों को जमानत क्यों दी गई। इस पर उन्होंने कहा कि लोगों को यह समझना चाहिए कि रिहा किए जाने का मतलब वैसा नहीं है, जैसा आम तौर पर समझा जाता है। उन्होंने कहा कि इन लोगों को जमानत की बेहद कड़ी शर्तों के साथ छोड़ा गया है। उन्होंने आगे कहा कि अधिकारी मामले पर पूरी तरह नजर रख रहे हैं। उनके पास इस पर कड़ा नियंत्रण है। उन्होंने लोगों को इसका भरोसा भी दिलाया। इस बीच, 'द टाइम्स' ने खबर दी कि गिरफ्तार किए गए पांच संदिग्धों में से एक ने घटना से करीब एक घंटे पहले खुद अधिकारियों से संपर्क किया था। ब्रिटेन की आतंकवाद रोधी पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मंगलवार को पुलिस ने कहा कि अड्डे के पास रोकी गई गाड़ियों में कोई विस्फोटक उपकरण नहीं मिला। हालांकि, पुलिस को गाड़ियों से कुछ मात्रा में पेट्रोल मिला है। फेयरफोर्ड वायुसेना अड्डे का इस्तेमाल हाल के महीनों में अमेरिकी सेना ने ईरान पर हवाई हमले करने के लिए किया है। इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था कि इस घटना में 'स्पष्ट रूप से किसी विदेशी पक्ष का हाथ' है। हालांकि, उन्होंने इसके बारे में कोई और जानकारी नहीं दी थी।

## अमेरिका और ईरान के बीच क्या हुआ रुबियो ने ईरानी प्रतिनिधिमंडल को तुरंत न्यूयॉर्क से जाने को कहा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संयुक्त राष्ट्र महासभा में शामिल होने आए उनके प्रतिनिधिमंडल को तय कार्यक्रम से पहले न्यूयॉर्क छोड़कर वापस ईरान जाने का आदेश दिया है। अमेरिका के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। ट्रंप प्रशासन ने ईरान के साथ युद्ध के बावजूद ईरानी राष्ट्रपति और विदेश मंत्री समेत उनके प्रतिनिधिमंडल को संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक में हिस्सा लेने के लिए वीजा दिया था। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन पिछले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र में संबोधन के एक दिन बाद न्यूयॉर्क से रवाना हो गए थे। वहीं, विदेश मंत्री अब्बास अराघची न्यूयॉर्क में रुके हुए थे। बताया गया था कि वह अमेरिका के साथ परोक्ष वार्ता में हिस्सा लेने वाले थे। इन वार्ताओं का मकसद होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने, संघर्ष समाप्त करने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत फिर से शुरू करने के मुद्दों पर चर्चा करना था। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, अराघची की बुधवार तक न्यूयॉर्क में रहने की योजना थी। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, सप्ताहांत में ईरान और कतर के मध्यस्थों के बीच हुई बैठकों में कोई खास प्रगति नहीं हुई, जिसके बाद अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो का धैर्य जवाब दे गया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496